वर्ष- 13 अंक - 291
लखनऊ, मंगलवार 23 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कायमगंज में लगा पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला 10

होम स्टे नीति में बदलाव, अब आठ कमरे तक होंगे पंजीकृत 03


# कोचिंग अग्निकांड में 15 छात्रों की मौत से दहली राजधानी

- घटनास्थल से लेकर केजीएमयू तक चीख-पुकार का मंजर
- घटनास्थल का खौफनाक मंजर देखकर फफकर रो पड़े उप-मुख्यमंत्री



## चार साल पहले भी इसी तरह से थर्राई थी राजधानी

चार साल पहले भी राजधानी लखनऊ इसी तरह से थर्रा गई थी। तब होटल लवाना सुइट्स में 5 सितंबर 2022 को आग लगी थी। उस घटना में 4 लोगों की मौत हो गई थी। उस कांड में 24 लोगों को बचाने में सफलता मिली थी। हालांकि उस अग्निकांड की जांच रिपोर्ट अभी तक सामने नहीं आई। और अब एक बार फिर लखनऊ अग्निकांड से दहल गया है। इस बार बड़ी जनहानि हुई है। 15 छात्रों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और आंकड़ा लगातार बढ़ने की आशंका बनी है।

## मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 05-05 लाख व घायलों के लिए 50 हजार रुपये सहायता की घोषणा की



- अलीगढ़ से सीधे अग्निकांड स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री
- किसी की जिंदगी तो नहीं लौटा सकते लेकिन विश्वास दिलाते हैं कि दोषी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अलीगढ़ का दौरा बीच में रद्द कर राजधानी लौट आए। वह सीधे अलीगंज स्थित अग्निकांड स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आग से जली बिल्डिंग का निरीक्षण किया और बगल के भवन की छत पर जाकर भी स्थिति के बारे में जाना। मुख्यमंत्री ने शासन व प्रशासन के अधिकारियों से हादसे की पूरी जानकारी ली। उन्होंने अग्निकांड के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अग्निकांड में जान गंवाने वाले बच्चों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी घोषित की। मुख्यमंत्री घटनास्थल से सीधे किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पहुंचे। वह यहां भर्ती कराए गए घायल बच्चों से मिले। उनसे भी आग लगने के कारणों और घटना के बारे में संपूर्ण जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने घायलों के परिजनों को भी हिम्मत बंधाई और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने केजीएमयू प्रशासन को घायलों के समुचित इलाज के लिए भी निर्देशित किया। कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने मुख्यमंत्री को घायलों के इलाज के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। मुख्यमंत्री जब केजीएमयू पहुंचे तो उनकी मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनों के आंसू पोंछे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसी की जिंदगी तो नहीं लौटा सकते लेकिन विश्वास दिलाते हैं कि दोषी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। सरकार परिजनों के साथ है। घटनास्थल व केजीएमयू का दौरा करते समय मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, विधायक नीरज बोरा, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा) अमित कुमार घोष, डीजी (फायर सर्विस) सुजीत पांडेय, लखनऊ के आयुक्त विजय विश्वास पंत व जिलाधिकारी विशाख जी आदि भी मौजूद रहे।

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ अलीगंज के एक कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड से दहल गई। आग की भयानक लपटों में घिरे कम से कम 15 छात्रों की मौत हो गई। कई छात्र घायल हैं।

घटनास्थल से लेकर केजीएमयू तक चीख-पुकार का मंजर है। मां-बाप अपने बच्चों के लिए तड़प रहे हैं। बिलखते परिवार की चीखें कलेजा चीर रही हैं। घटनास्थल का खौफनाक मंजर देखकर उप-मुख्यमंत्री पाठक भी फफकर रो पड़े। डीजीपी राजीव कृष्णा, एसीएस संजय प्रसाद ने घटनास्थल पर जाकर राहत-बचाव अभियान संभाला। घटना के खौफनाक मंजर ने पूरे शहर में सिहरन और सन्नाटा पसार दिया है। शासन और प्रशासन इस भयावह अग्निकांड की जांच में जुटी हैं। लेकिन इससे पहले घायलों को अच्छे से अच्छा इलाज मिले, ये कोशिशें जारी हैं। केजीएमयू में डॉक्टरों की टीम घायलों के उपचार में जुटी हैं।

घटनाक्रम अलीगंज थाना क्षेत्र के पुरनिया का है। यहां एक इमारत की दूसरी मंजिल पर एनिमेशन कोचिंग सेंटर था। इसी माले पर एक गेमिंग जोन भी था। बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर पेट केयर सेंटर और पेट डे केयर सेंटर था। सोमवार को यहां आग से अफरातफरी मच गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। कोचिंग सेंटर के छात्र फंस गए। कुछ जान बचाने के लिए छत से कूद पड़े। आग की लपटों के बीच घिरे छात्र जान बचाने के लिए चीख-पुकार करते रहे। लेकिन आग की तेजी के सामने किसी को कोई रास्ता नहीं सूझा। दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं तो राहत अभियान तेज हुआ। इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई। आग पर काबू पाने के बाद खौफनाक दृश्य बाहर आए। पुलिस-प्रशासन ने आसपास के इलाके को सील करके शव बाहर निकालना शुरू किया। एक के बाद एक कई शव बाहर निकाले गए। कुछ घायल थे। कोई तड़प रहा था। दर्जनों एंबुलेंस उन्हें अस्पताल ले जाने में लगी थीं। आनन-फानन में सभी घायलों को अस्पताल पहुंचा गया।

# जैश-ए-मोहम्मद की महिला स्लीपर सेल गिरफ्तार

**एजेंसी, जयपुर।**



- पाकिस्तान कनेक्शन की जांच तेज

## 27 जून तक पुलिस रिमांड

जांच एजेंसियां उसके संभावित संबंधों की पड़ताल कर रही हैं। एजेंसियों के मुताबिक महिला ने ऑनलाइन कलमा पढ़कर धर्म परिवर्तन किया था और उसने अपना नाम 'खदीजा' रख लिया था। जांच में यह भी सामने आया है कि पाकिस्तान स्थित एक मौलवी के संपर्क में आने के बाद उसे पाकिस्तान बुलाने और कथित तौर पर विवाह कराने की योजना बनाई जा रही थी। महिला को नमाज, कुरान और अन्य धार्मिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास भी किया गया। महिला को अदालत में पेश करने के बाद 27 जून तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

राजस्थान एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने राजधानी जयपुर में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से कथित रूप से जुड़ी एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह महिला पिछले कई महीनों से सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में थी। वह सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों और कट्टरपंथी नेटवर्क के संपर्क में थी।

मिलिट्री इंटेलिजेंस से प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में एटीएस ने बबीता धाकड़ उर्फ खदीजा (37) को जयपुर के वाटिका क्षेत्र से हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। मूल रूप से सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर क्षेत्र की रहने वाली महिला वर्तमान में जयपुर में अपने सेवानिवृत्त पिता के साथ रह रही थी। एटीएस के अनुसार महिला के व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान सहित विदेशी नंबरों से बातचीत के संकेत मिले हैं। उसकी फ्रेंड लिस्ट में ऐसे कई प्रोफाइल पाए गए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद और अन्य उग्रवादी संगठनों से संबंधित सामग्री, झंडे और हथियारबंद आतंकियों की तस्वीरें मौजूद थीं।

एटीएस के पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि एजेंसियों को आशंका है कि महिला को कट्टरपंथी विचारधारा के जरिए प्रभावित कर आतंकी संगठन के लिए तैयार किया जा रहा था। जांच में महिला के मोबाइल फोन से दो सिम कार्ड, सोशल मीडिया अकाउंट और कई विदेशी संपर्कों के प्रमाण मिले हैं। एटीएस को शक है कि महिला को नेपाल, सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रास्ते पाकिस्तान पहुंचाने की तैयारी की जा रही थी। महिला के मोबाइल से पाकिस्तान को कुछ दस्तावेज और अन्य जानकारियां भेजे जाने के संकेत भी मिले हैं। हालांकि उसने मोबाइल का काफी डेटा डिलीट कर दिया था, जिसे अब फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से रिकवर किया जा रहा है। एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि पिछले छह-सात महीनों से महिला का धर्म परिवर्तन कराने और उसके माध्यम से भारत में गतिविधियां संचालित करने की कोशिश की जा रही थी। हालांकि सभी तथ्यों की डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुष्टि की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि महिला केवल ऑनलाइन संपर्कों तक सीमित थी या किसी बड़े आतंकी नेटवर्क का हिस्सा भी थी। सूत्रों के अनुसार महिला का संपर्क जैश-ए-मोहम्मद के कथित प्रवक्ता एवं कमांडर कारी जरार सहित कुछ ऐसे लोगों से जुड़ा पाया गया है, जिनके संबंध पूर्व आतंकी घटनाओं से रहे हैं।

# अमेरिका ने भारत के लिए 482 मिलियन डॉलर के सपोर्ट पैकेज को दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



अमेरिका ने भारत के अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए लगभग 482.2 मिलियन डॉलर (करीब 4,000 करोड़ रुपए) के रखरखाव और सपोर्ट पैकेज को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों और क्षमता को और मजबूत बनाना है।

अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए), जो विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) कार्यक्रम का संचालन करती है, ने इस प्रस्तावित बिक्री की अधिसूचना फेडरल रजिस्टर में जारी की है। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने पिछले महीने संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को जानकारी दी थी। अधिसूचना के अनुसार, भारत ने अपनी एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए दीर्घकालिक रखरखाव और तकनीकी सहायता की मांग की है, जिसमें सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, मरम्मत सेवाएं, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि, डिपो स्तर की क्षमता और अन्य लॉजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं। इस एम777 सपोर्ट पैकेज की अनुमानित लागत लगभग 230 मिलियन डॉलर बताई गई है। एक अलग अधिसूचना में अमेरिकी रक्षा विभाग ने बताया कि भारत ने अपने एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों के लिए भी रखरखाव और तकनीकी सहायता की मांग की है। इस पैकेज में अमेरिकी सरकार और ठेकेदारों द्वारा इंजीनियरिंग, तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता सेवाएं, तकनीकी प्रकाशन, कर्मियों का प्रशिक्षण और अन्य कार्यक्रम संबंधी सहायता शामिल हैं। अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इस सपोर्ट पैकेज की अनुमानित लागत 198.2 मिलियन डॉलर है। अपाचे हेलीकॉप्टर कार्यक्रम के प्रमुख ठेकेदार अमेरिकी कंपनियां बोइंग और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं, एम777 हॉवित्जर सपोर्ट कार्यक्रम के लिए यूनाइटेड किंगडम स्थित बीएई सिस्टम्स प्रमुख ठेकेदार की भूमिका निभाएगी। भारत ने एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों को अमेरिका के विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत शामिल किया था, जिनका इस्तेमाल विशेष रूप से ऊंचाई वाले और पहाड़ी क्षेत्रों में तोपखाना क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाता है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा कि यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों के अनुरूप है तथा इससे भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी।

# ई-प्रॉसिक्यूशन ऐप 2.0 न्याय प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाएगा : अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि ई-प्रॉसिक्यूशन ऐप 2.0 जांच एजेंसियों, अभियोजन तंत्र और न्यायिक प्रणाली को जोड़ने वाला नया सूचना राजमार्ग है, जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत निर्धारित समयसीमा में मामलों के निस्तारण को सुगम बनाएगा।

शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि ई-प्रॉसिक्यूशन ऐप 2.0 जांच एजेंसियों, अभियोजन और न्यायिक व्यवस्था के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा तथा मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए आवश्यक डिजिटल आधार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से सूचनाओं और आंकड़ों का निर्बाध आदान-प्रदान संभव होगा, जिससे अपराधियों की पहचान करने में लगने वाला समय कम होगा। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों (ई-एविडेंस) के एकीकरण की प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी और तेज बनेगी। गृह मंत्री ने कहा कि यह प्रणाली मामलों की समयसीमा की निगरानी करने में भी सक्षम होगी, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब कम होगा और लोगों को त्वरित तथा सटीक न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ई-प्रॉसिक्यूशन ऐप 2.0 आपराधिक न्याय प्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जांच, अभियोजन और न्यायिक संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्याय वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाएगा।

## देश में पांच लाख से अधिक लोगों ने ली अंगदान की प्रतिज्ञा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंगदान अभियान के तहत पांच लाख से अधिक लोगों ने अंगदान प्रतिज्ञा ली है। यह उपलब्धि देश में अंग एवं ऊतक दान के प्रति बढ़ती जागरूकता, संवेदनशीलता और लोगों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अंगदान को अब एक ऐसे मानवीय कार्य के रूप में व्यापक स्वीकार्यता मिल रही है, जो प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों को नया जीवन देने का अवसर प्रदान करता है। यह उपलब्धि स्वैच्छिक अंग एवं ऊतक दान को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों का भी परिणाम मानी जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने देशवासियों का आभार व्यक्त किया।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में तत्काल सुनवाई से हाईकोर्ट का इनकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान के वित्तीय प्रबंधन में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से साफइनकार कर दिया है। अदालत ने मामले की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसमें ऐसी कोई आपातकालीन या असाधारण स्थिति नहीं है, जिसके कारण इसे सामान्य अदालती प्रक्रिया से हटकर अलग से प्राथमिकता दी जाए। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की अवकाशकालीन पीठ ने यह महत्वपूर्ण टिप्पणी उस समय की, जब याचिकाकर्ता मोहित अशोक ने मामले की गंभीरता का हवाला देते हुए अदालत से जल्द सुनवाई की मांग की थी। याचिकाकर्ता की दलील को खारिज करते हुए पीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत के समक्ष पहले से ही अनेक मामले लंबित हैं। ऐसी स्थिति में इस नई याचिका को किसी भी प्रकार की विशेष प्राथमिकता देने का कोई ठोस कानूनी आधार नहीं बनता है।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 1 जुलाई से 12 शहरों के लिए इंडिगो की सीधी उड़ानें

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 1 जुलाई से इंडिगो एयरलाइंस देश के 12 प्रमुख शहरों के लिए नियमित कमर्शियल उड़ानों का संचालन शुरू करने जा रही है। एयरलाइंस ने इसका विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है और टिकटों की बुकिंग भी खोल दी गई है। इसके साथ ही नोएडा एयरपोर्ट से हवाई यात्रा का दायरा तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि इंडिगो पहले से ही 16 जून से चार शहरों के लिए प्रतिदिन उड़ानों का संचालन कर रही है। वहीं अकासा एयर भी नवी मुंबई और बेंगलुरु से नोएडा के लिए उड़ानें चला रही है और जल्द ही अपने नेटवर्क में और शहर जोड़ने की तैयारी में है। इंडिगो की नई घोषणा के तहत 1 जुलाई से नोएडा एयरपोर्ट से जिन शहरों के लिए उड़ानें शुरू होंगी।

# सोते हुए बड़े भाई, भाभी व तीन साल के भतीजे का क्रूरता से कत्ल

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

**नाबालिग कातिल ने आधी रात मचाया कत्लेआम**

गोरखपुर गोरखपुर जिले के बलुआ गांव में सोमवार तड़के 16 साल के एक किशोर ने कथित तौर पर धारदार हथियार से अपने बड़े भाई, भाभी और तीन साल के भतीजे की सोते समय हत्या कर दी।

आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर बांसगांव थाना क्षेत्र के बलुआ गांव में सुबह लगभग तीन बजे हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अमित गुप्ता, उनकी पत्नी रंजना गुप्ता और उनके बेटे रेयांश गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दिनेश पुरी के अनुसार, वारदात के समय अमित, रंजना और रेयांश एक ही कमरे में सो रहे थे, तभी किशोर ने धारदार हथियार से तीनों पर हमला कर दिया।

पुरी ने बताया कि घटना के समय आरोपी के माता-पिता दूसरे कमरे में थे। पुलिस ने बताया कि चीख सुनकर पिता दौड़कर कमरे में पहुंचे, जहां तीनों खून से लथपथ पड़े थे। उन्होंने अपने छोटे बेटे को हथियार के साथ कमरे से बाहर निकलते देखा। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को बताया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसएसपी और एसपी समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने बताया कि किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। वह ऊपर के एक कमरे में खून से सने हथियार के साथ बैठा मिला। पुलिस के अनुसार मृतक के पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, इस वारदात के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि, शुरुआती जांच में परिवार द्वारा चलाई जा रही दुकान से जुड़ा विवाद हमले की वजह हो सकता है। मामले की जांच जारी है।

**कार्रवाई** | जांच के दौरान गुणवत्ता के मानकों को पूरा नहीं कर सकीं दवाएं

# मई में 159 दवाएं गुणवत्ता जांच में फेल, एक नकली दवा भी मिली

- मामले की जांच जारी, दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



देश में दवाओं की गुणवत्ता जांच के दौरान मई महीने में 159 दवा नमूने तय मानकों पर खरे नहीं उतरे। इनमें 46 नमूने केंद्रीय प्रयोगशालाओं में और 113 नमूने राज्य स्तरीय प्रयोगशालाओं में जांच के दौरान फेल पाए गए।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की रिपोर्ट के मुताबिक, इन दवाओं को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी यानी मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया। इसका मतलब है कि जांच के दौरान ये दवाएं गुणवत्ता के एक या अधिक मानकों को पूरा नहीं कर सकीं।

सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार किसी दवा के एक बैच के फेल होने का मतलब यह नहीं है कि उसी कंपनी की बाकी सभी दवाएं भी खराब हैं। यह निष्कर्ष केवल जांच किए गए बैच तक ही सीमित होता है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि असम से लिया गया एक दवा नमूना नकली (स्प्यूरियस) पाया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि इसे एक अनधिकृत निर्माता ने किसी दूसरी कंपनी के ब्रांड नाम का इस्तेमाल कर बनाया था। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। सीडीएससीओ का कहना है कि दवाओं की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए नियमित रूप से नमूनों की जांच की जाती है। खराब या नकली दवाओं की पहचान होने पर उन्हें बाजार से हटाने की कार्रवाई की जाती है, ताकि लोगों की सेहत सुरक्षित रह सके।

## -: सर्राफा बाजार :-



| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,46,660/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,34,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,10,030/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी के भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

**पटना।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता पंकज त्रिपाठी के परिवार से एक बेहद चौंकाने वाली और बड़ी खबर सामने आई है। बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित उनके पैतृक गांव में भूमि विवाद (जमीन के झगड़े) को लेकर पंकज त्रिपाठी के भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया है। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को इस घटना की आधिकारिक जानकारी दी। पुलिस प्रशासन के अनुसार, यह वारदात रविवार देर शाम जिले के बरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अभिनेता के पैतृक गांव बेलसंड में घटित हुई। बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) सुधांशु कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया, पीड़ित पर गांव में जमीनी विवाद के दौरान कुल्हाड़ी से अचानक हमला किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इस हिंसक हमले में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल किया गया खतरनाक हथियार (कुल्हाड़ी) भी पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है।

### दुष्कर्म केस में कार्रवाई नहीं हुई तो युवती ने उठाया खौफनाक कदम

**बिजनौर।** दुष्कर्म के बाद शादी से इनकार करने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न होने से आहत एक युवती ने रविवार रात बिजनौर कोतवाली परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया, इसके बाद गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए मेरठ भेजा गया है। एसपी अभिषेक झा के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती रविवार रात करीब 10.53 बजे कोतवाली पहुंची और उसने आरोपी पक्ष को तुरंत बुलाकर बात कराने का दबाव बनाया। पुलिस ने सोमवार को दोनों पक्षों को बुलाने का आश्वासन दिया। लेकिन, इसी दौरान युवती ने आत्मदाह का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने तुरंत आग बुझाई और उसे अस्पताल पहुंचाया।

### महाकाल की भस्म आरती दर्शन के लिए अब एक मोबाइल नंबर से 3 महीने में सिर्फ एक बार मिलेगी अनुमति

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर में भस्म आरती के लिए सोमवार से नई व्यवस्था लागू हो गई है। अब श्रद्धालु बाबा महाकाल की भस्म आरती की अनुमति के लिए तीन माह में सिर्फ एक बार अपने मोबाइल नंबर का उपयोग कर सकेंगे। यह व्यवस्था प्रोटोकॉल से आने वाले ऐसे मोबाइल नंबरों पर भी लागू होगी, जिनसे हर माह भस्म आरती की अनुमति ली जा रही है। हालांकि, मंदिर समिति का कहना है कि यह व्यवस्था पहले से लागू है, जिसे अब और प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। करीब दो वर्ष पहले तक श्रद्धालु भस्म आरती की बुकिंग 15 दिन पहले ऑनलाइन करा सकते थे। इसके लिए मोबाइल नंबर से जुड़ा कोई विशेष नियम नहीं था।

### सीजेपी का धरना तीसरे दिन भी जारी

**नई दिल्ली।** परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों, नीट पेपर लीक मामले और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जंतर-मंतर पर जारी है। प्रदर्शनकारी शनिवार से धरना स्थल पर डटे हुए हैं और उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार पर जवाबदेही तय करने का दबाव बढ़ा दिया है। शनिवार दोपहर शुरू हुआ यह धरना रातभर जारी रहा। पुलिस की मौजूदगी के बीच प्रदर्शनकारी मौके पर बने रहे।

## खबरें एक नजर में

### एक माह नौ दिन बीतने के बाद भी तबादला सुदा पुलिसकर्मी अपनी पुरानी तैनाती पर कर रहे काम

▸ पुलिस अधीक्षक को फोन मिलाया गया तो उनके पी आर ओ के द्वारा बताया गया कि अभी साहब व्यस्त हैं इसलिए उनसे बात नहीं हो पाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बात अगर उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा प्रदत्त सीयूजी के बारे में किया जाए तो शायद ही कोई अधिकारी सीयूजी फोन उठाते हों या उस पर कोई जानकारी देते हो ऐसा इसलिए लिखना पड़ रहा है क्योंकि आज मैंने पुलिस अधीक्षक के सीयूजी पर फोन लगाया तो उनके पी आर ओ के द्वारा उठाकर बताया गया कि साहब अभी व्यस्त है बाद में बात हो पाएगी बात चूँकि जरूरी थी क्योंकि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा 13 /05/ 2026 को एक आदेश पारित किया गया था जिसमें लगभग 44 पुलिस कर्मियों के तबादले की बात है बड़े ही अफसोस की बात है कि जहां उक्त आदेश की प्रति में यह लिखा हुआ है की प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन जनपद गोंडा को इस निर्देश के साथ कि अपने अधीनस्थ नियुक्त पुलिस कर्मियों को प्रस्थान करते हुए अनुपालन आख्या प्रधान लिपिक शाखा में लौटती डाक से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सरकारी कागज पर आदेश तो साहब बहादुर कर देते हैं किंतु दोबारा उसकी जानकारी या तो लेते नहीं है या जानकारी लेने के बावजूद उन अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करते हैं जो अपने थाने में पुराने पुलिसकर्मियों को रोक कर रखते हैं और उन्हें वहां से रिलीव नहीं करते यहां एक उदाहरण हमारे सामने है जो सत्यव्रत नाम के एक पुलिसकर्मी है जो थाना खोड़ारे पर तैनात है उनका भी तबादला 13 5.2026 को पुलिस अधीक्षक के द्वारा किया गया है और वह भी इसी 44 पुलिस कर्मियों में ही शामिल है उनका भी तबादला जीआरपी थाना गोंडा में हुआ है आज जब थाना अध्यक्ष खोड़ारे से दूरभाष पर जानकारी ली गई क्या आपके यहां तबादला सुदा पुलिसकर्मी अपने जगह ज्वाइन करने गए या अभी आपके यहां ही नौकरी कर रहे हैं उन्होंने कहा अभी वह काम मेरे यहां ही कर रहे हैं ऐसे में ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस अधीक्षक का आदेश थाना अध्यक्ष के आदेश के आगे बेअसर हो चुका है।

### नानपारा में राठौर डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन, बच्चों को मिलेगी आधुनिक अध्ययन की सुविधा




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा नगर में सोमवार को राठौर डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय और हुजूरपुर ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने फीता काटकर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया और इसके संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं।लाइब्रेरी के व्यवस्थापक पवन राठौर ने बताया कि करीब तीन माह पहले नानपारा नगर में 54 बच्चों की क्षमता वाली एक डिजिटल लाइब्रेरी शुरू की गई थी। उसे छात्रों का अच्छा सहयोग और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, रोली सिंह ने बताया कि नगर में छात्रों की बढ़ती संख्या और आधुनिक अध्ययन सुविधाओं की जरूरत को देखते हुए 40 बच्चों की क्षमता वाली एक और डिजिटल लाइब्रेरी शुरू की गई है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सकेगा। उद्घाटन समारोह में बीजेपी नगर अध्यक्ष रेखा पाण्डेय, किसान मोर्चा जिला महामंत्री नागेंद्र सिंह, मंडल प्रभारी नवाबगंज आशीष पाण्डेय, अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रीतेश कोरिया, बीजेपी नगर महामंत्री विपिन सिंह, अनिल पाण्डेय, राहुल पाण्डेय और अतुल जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मोहर्रम को लेकर दौलतपुर में मीटिंग थाना प्रभारी ने दिए निर्देश



▸ थाना मोतीपुर में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र की ग्राम सभा दौलतपुर में मोहर्रम पर्व के मद्देनजर एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने की। इसमें ग्राम प्रधान गुलरिया जगतपुर वकील खान और ग्राम प्रधान दौलतपुर वसीम कुरैशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने सभी उपस्थित लोगों से मोहर्रम के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीजे बजाने के संबंध में धीमी आवाज में बजाने का निर्देश दिया गया।बैठक में मौजूद सभी लोगों ने शांतिपूर्वक मोहर्रम का जुलूस निकालने का आश्वासन दिया और किसी भी प्रकार की समस्या न होने की बात कही। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष के रूप में अफसर अली, डॉक्टर हामिद, गजरू, जाबिर उस्मानी और मिराज अहमद सहित कई लोगों को नामित किया गया है।थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने कमेटी के सदस्यों को निर्देश दिए कि यदि जुलूस के रास्ते में कोई समस्या आती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसी किसी भी समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा।

## एसपी ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के संवेदनशील इलाके का किया रूट मार्च



▸ मोहर्रम त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए किया पैदल गश्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने नगर क्षेत्र में आगामी मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख बाजारों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की। साथ ही आमजन को अफवाहों से दूर रहने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। एंव शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने नगर क्षेत्र के थाना प्रभारियों को ताजिया व मोहर्रम के जुलूसो के रास्ते में पड़ने वाले अवरोधों (विधुत खंभे व विधुत तार, नालियों की साफ सफाई, पानी, गढ्ढा,) का भौतिक सत्यापन करते हुए अवरोधों का निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने समस्त नागरिकों से मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने को बताया।एसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है,भ्रामक खबर फैलाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। फ्लैग मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा व थाना निरीक्षक थाना कोतवाली नगर बृजेन्द्र कुमार मिश्रा व महिला थानाध्यक्ष मय पुलिस बल व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# बाढ़ तैयारियों की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित



▸ मंडलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को पूर्व की स्थितियों को देखते हुए तैयारी पूर्ण करने के दिये निर्देश

▸ युद्ध स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण करायें संबंधित अधिकारीगण : मंडलायुक्त

**श्रावस्ती/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल अध्यक्षता में सम्भावित बाढ़ को देखते हुए राहत एवं बचाव कार्य के लिए अबतक की गई तैयारियों की मण्डलीय समीक्षा बैठक महाराजा सुहेलदेव सभागार में की गई। जिसमें मंडलायुक्त ने मण्डल के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बिन्दुवार तैयारियों की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने बाढ़ से बचाव हेतु राहत एवं बचाव कार्य के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि सभी बाढ़ शरणालयों को व्यवस्थित रखा जाए तथा शरणाालयों में चिकित्सा व्यवस्था दुरूस्त रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों एवं स्थानीय परिस्थितियों की दृष्टिगत बाढ़ से संबंधित समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाय जो भी कमियां है उनको युद्ध स्तर पर कराकर पूर्ण कर ली जाए और यह भी ध्यान दिया जाए जो भी बाढ़ शरणालयों का चिन्हांकन करके सभी आवश्यक ड्यूटी लगा दी गयी हैं। जिन जनपदों में राहत सामग्री का टेंडर नहीं हुआ है जून माह मे पूर्ण कर लिया जाय। सभी जनपदों में मेडिकल टीम एवं सर्विलांस टीम लगा दी जाए जनपद मे अधिकारियों, नाविकों, और आपदा मित्रों को बाढ़ पूर्व प्रशिक्षित किया जायेगा। ग्राम स्तर पर राहत चौपालों का आयोजन किया जायेगा जिससे आम नागरिक को बाढ़ के समय की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी रहे। पूर्व मे आयी बाढ़ के अनुभवों से सीखकर नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी उपाय किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर अपरआयुक्त राजेश कुमार यादव संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पांडेय,अन्य जनपदीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

### करनैलगंज का नाम बदलने की मांग तेज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले की करनैलगंज तहसील का नाम बदलकर महाराजा देवीबक्स सिंह नगर करने की मांग उठी है। करनैलगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भारतीय किसान यूनियन ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के माध्यम से मुख्यमंत्री को दो महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में कहा गया कि महाराजा देवीबक्स सिंह क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास से जुड़े हैं। स्थानीय लोगों और संगठनों की भावनाओं का सम्मान करते हुए तहसील का नाम बदलकर महाराजा देवीबक्स सिंह नगर किया जाए। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि इससे नई पीढ़ी को अपने इतिहास और विरासत से जुड़ने का मौका मिलेगा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए कहा कि इसे उचित माध्यम से शासन को भेज दिया जाएगा। शासन स्तर से ही नाम परिवर्तन पर अंतिम निर्णय लिया जाता है। भाकियू ने संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों की समस्याओं से जुड़ा दूसरा ज्ञापन भी सौंपा। इसमें खाद-बीज, सिंचाई और मुआवजे से जुड़े मुद्दे उठाए गए।

## परिवहन विभाग का सड़क सुरक्षा अभियान जारी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय के नेतृत्व में मुन्नन खां चौराहा पर सीओ ट्रैफिक गोण्डा एवं टीआई गोण्डा के साथ मिलकर संयुक्त सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम जांच/प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना तथा आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

अभियान के दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस (नो डीएल), बिना हेलमेट (नो हेलमेट) तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान कुल 21 दोपहिया वाहनों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त 168 वाहनों का चालान किया गया, जो विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन में पाए गए।

जांच के दौरान एक स्कूल बस, जो शादी समारोह में सवारियों को ले जा रही थी, उसकी परमिट एवं फिटनेस फेल पाई गई। सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के कारण उक्त बस को भी सीज किया गया। इसी प्रकार शादी समारोह में उपयोग किए जा रहे 4 अन्य वाहनों का भी चालान किया गया। इन सभी वाहनों में यात्री सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी पाई गई।

### खतरनाक ड्राइविंग पर कठोर कार्रवाई

अभियान के दौरान एक 6 सीटर बोलेरो वाहन में लगभग 20 यात्रियों को ठूंसकर खतरनाक एवं ओवरस्पीड तरीके से वाहन चलाते हुए पाया गया। यह गंभीर यातायात उल्लंघन एवं जनसुरक्षा के लिए खतरा होने के कारण उक्त वाहन को थाना इटियाथोक में सीज किया गया। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा ओवरलोडिंग एवं खतरनाक ड्राइविंग से बचें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की बीएड, एमएड व एलएलबी परीक्षाएं आज से



▸ एलबीएस डिग्री कॉलेज गोण्डा बनाया गया प्रमुख परीक्षा केंद्र

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर द्वारा सत्र 2025-26 की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार बी.एड., एम.एड., एल.एल.बी. एवं बी.ए. एल.एल.बी. पाठ्यक्रमों की परीक्षाएँ 23 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित की जाएँगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं के सफल एवं पारदर्शी संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं , विश्वविद्यालय द्वारा प्रो राज बहादुर सिंह बघेल को इस परीक्षा में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

गोण्डा जनपद स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा को महत्वपूर्ण परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहाँ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों एवं अन्य 25 स्ववित्तपोषित संस्थानों के लगभग 1500 परीक्षार्थी प्रति पाली में परीक्षा देंगे। प्रथम पाली प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक संचालित होगी। कॉलेज प्रशासन द्वारा परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की उपस्थिति को देखते हुए महाविद्यालय प्रशासन ने पुलिस अधीक्षक, गोण्डा से पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, जिससे परीक्षा अवधि में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुचारु बनी रहे।जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के कुशल संपादन हेतु श्री राकेश गुप्ता, पॉलिटेक्निक गोंडा को स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी संशोधित कार्यालय ज्ञाप के अनुसार परीक्षाएँ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराई जाएँगी तथा सभी संबद्ध महाविद्यालयों को विद्यार्थियों को परीक्षा कार्यक्रम से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य व केन्द्राध्यक्ष प्रो जितेन्द्र सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश नियंत्रण, उपस्थिति सत्यापन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने की तैयारी की गई है।



### सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवीण जी उपस्थित रहे। इस अवसर जिला कार्यवाह अश्वनी शुक्ल, पंकज अग्रवाल, पंकज सोनी, डॉ राजेंद्र पाठक जिला प्रचारक सतीश जी सहित विद्यालय के प्रधाना चार्य रवि कुमार शुक्ल आचार्य, दीदी, अभिभावक छात्र एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।

## नाबालिग को भगा ले गया दूसरे समुदाय का युवक

**आक्रोशित परिजनों ने किया पथराव, भारी पुलिस बल तैनात**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

दरगाह थाना क्षेत्र में रविवार को एक किशोरी के गायब हो जाने को लेकर गम्भीर तनाव की स्थिति उतपन्न हो गयी। दूसरे समुदाय के एक युवक पर नाबालिग को बहलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा दो पक्ष आमने-सामने आ गए।

आक्रोशितों ने आरोपित युवक के घर पहुँचकर जमकर बवाल काटा, रेलिंग क्षतिग्रस्त कर दी और पत्थरबाजी भी की। इसमें युवक के सहयोगी की आटा चक्की में आग लगाने की भी कोशिश की गई। ग्राम पंचायत शेखवापुर के रहने वाले एक ग्रामीण की नाबालिग पुत्री करीब तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गयी थी। परिवारजनों का कहना है कि ग्राम पंचायत डिहवा के रहने वाला मोनू अपने एक सहयोगी की सहायता से नाबालिग को फुसलाकर भगा ले गया है।रविवार को मामले ने तूल पकड़ लिया,बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण आरोपित के घर पहुँचकर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की। इतना ही नहीं आरोपित की आटा की चक्की में आग लगाने का भी प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी,स्थिति की गम्भीरता के मद्देनजर दरगाह, कोतवाली देहात और नगर की पुलिस पार्टी के साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल घटनास्थल पर तैनात किया गया। स्वयं पुलिस उपाधीक्षक नगर नारायण दत्त मिश्र घटनास्थल पर कैम्प कर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि पुलिस ने चक्की में आग लगाये जाने की घटना से इनकार किया है,पुलिस के अनुसार चक्की में शार्ट सर्किट के कारण धुआं उठने की खबर मिली थी,जिस पर काबू पा लिया गया है। क्षेत्राधिकारी एन डी मिश्र ने बताया कि पीड़ित पक्ष के प्रार्थना पत्र पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। नाबालिग और उसे भगाकर ले जाने के आरोपित की तलाश के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# पुलिया से टकराकर खड्डे में गिरी बाइक, तीन की मौत



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

बहराइच- लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरवल रोड थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद मोड़ के पास सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाराबंकी जा रहे दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के बाद से मृतकों के गांव में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भखरौली मुंगेशपुर निवासी बुधई (50) पुत्र श्यामलाल, रामकिशुन (46) पुत्र फकीरे और राममिलन (20) पुत्र फकीरे सोमवार सुबह करीब सात बजे एक ही मोटरसाइकिल अपाचे से बाराबंकी जिले में अपने एक रिश्तेदार के यहां अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। रामकिशुन और राममिलन सगे भाई थे, जबकि बुधई उनके पड़ोसी थे। राहगीरों के मुताबिक, जैसे ही उनकी बाइक जरवल रोड थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद अस्पताल मोड़ के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे बनी पुलिया से टकरा गई और सीधे गहरे खड्डे में जा गिरी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बुधई और राममिलन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल रामकिशुन को आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही जरवल रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण संतुलन बिगड़ना हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। उधर, एक ही गांव के तीन लोगों की मौत की खबर मिलते ही भखरौली मुंगेशपुर में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाने उनके घर पहुंच रहे हैं।

### सड़क दुर्घटनाओं का कहर, अलग-अलग हादसों में दो की मौत



पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़ थाना क्षेत्र पयागपुर में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। एक हादसे में पैदल सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जबकि दूसरे हादसे में गोंडा-बहराइच मार्ग पर डीसीएम और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में खलासी की जान चली गई। दोनों घटनाओं से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पहली घटना थाना पयागपुर क्षेत्र के ग्राम नेजाभार की है। यहां एक बुजुर्ग सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना गोंडा-बहराइच मार्ग पर परवानी पुरवा के पास हुई, जहां डीसीएम और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में डीसीएम का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### विदाई से लौट रहे परिवार की पलटी कार, 10 वर्षीय किशोर की मौत, 10 लोग घायल

जिले में बेटी की विदाई के बाद लौट रहे एक परिवार की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। इस हादसे में 10 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर और मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यह दुर्घटना बौंडी थाना क्षेत्र के घुरदेवी संगवा मार्ग पर भदवानी गांव के पास हुई। सूचना मिलते ही डायल-112 और बौंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस के अनुसार, ग्राम बबुरी मंझारा तोकली निवासी देशराज पुत्र दुर्जई ने 19 जून को अपनी बेटी का विवाह मधवापुर गांव में किया था। सोमवार को परिवार के सदस्य विदाई के लिए जायलो कार से गए थे। विदाई के बाद लौटते समय भदवानी गांव के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खेत में पलट गया। दुर्घटना में कलावती (50), अनीता (16), अनीता देवी (35), राजकुमारी (15), रामशरण (40), सुरेंद्र (24), छोटू (10), अनोखा (17), रूपा (41) और शिवा (9) घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, ग्राम सिपहिया हुलास निवासी अमित पुत्र धर्मराज उर्फ धर्मू (10) गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बौंडी थाना प्रभारी त्रिलोकीनाथ मौर्य ने बताया कि इस दुर्घटना में एक बालक की मौत हुई है और 10 लोग घायल हुए हैं। मृतक के शव के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिहींपुरवा सीएचसी में 40.60 लाख रुपये के भुगतान पर उठे सवाल

▸ पूर्व अधीक्षक डॉ. थानेदार व तत्कालीन सीएमओ संजय कुमार का नाम चर्चा में




**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

मिहींपुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में विभिन्न मदों में खर्च की गई सरकारी धनराशि को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों एवं सूत्रों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्र एवं उसके अधीन संचालित इकाइयों में रखरखाव और विकास कार्यों के लिए जारी लाखों रुपये की धनराशि के उपयोग को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।जानकारी के अनुसार, मिहींपुरवा सीएचसी लगभग 6 लाख 20 हजार की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। इसके अंतर्गत 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) संचालित हैं। आरोप है कि प्रत्येक पीएचसी को प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 75 हजार 500 रुपये रखरखाव एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्राप्त होते हैं, लेकिन कई केंद्रों पर रंगाई-पुताई, फर्नीचर या अन्य विकास कार्य दिखाई नहीं देते।

इसी प्रकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के लिए आने वाली धनराशि को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि सीएचसी क्षेत्र की 85 ग्राम पंचायतों के लिए जारी होने वाली धनराशि के उपयोग की स्थिति स्पष्ट नहीं है। वहीं कुछ आशा कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों द्वारा धनराशि प्राप्त न होने की बात भी कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार, मिहींपुरवा क्षेत्र के 72 उपकेंद्रों के रखरखाव के लिए लगभग 21 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत हुए थे। आरोप लगाने वालों का कहना है कि अधिकांश उपकेंद्रों की स्थिति आज भी खराब बनी हुई है और अपेक्षित रखरखाव कार्य दिखाई नहीं देते। इन आरोपों के आधार पर क्षेत्र में यह चर्चा है कि विभिन्न मदों में कुल लगभग 40 लाख 60 हजार रुपये के भुगतान और उसके उपयोग की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। आरोपों में तत्कालीन अधीक्षक डॉ. थानेदार तथा उस समय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय कुमार का नाम भी चर्चा में लिया जा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि हो सकी है और संबंधित अधिकारियों का पक्ष प्राप्त होना शेष है। यदि किसी स्तर पर जांच चल रही है या जांच के आदेश दिए गए हैं, तो उसकी आधिकारिक रिपोर्ट आने के बाद ही आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर तथ्य सार्वजनिक करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों और समाजसेवियों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्रों की हालत बेहद जर्जर है, दीवारें टूटी हैं और वर्षों से मरम्मत नहीं हुई। उनका दावा है कि 40.60 लाख रुपये मेंटेनेंस के नाम पर खर्च दिखाए गए, लेकिन जमीन पर कोई काम नजर नहीं आता। फोटो और वीडियो में भी मरम्मत के कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं दिख रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से बिना कार्य कराए भुगतान कर दिया गया। हालांकि सीएमओ का कहना है कि यदि कार्य नहीं हुआ है या भुगतान में गड़बड़ी हुई है तो जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह है कि जब भवन खस्ताहाल हैं तो खर्च की गई धनराशि आखिर गई कहां? जांच से ही सच्चाई सामने आएगी।

## विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित जिला समन्वयकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में परिषदीय विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, छात्र उपस्थिति, निपुण भारत मिशन, विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं, डीबीटी, मध्यान्ह भोजन योजना, विद्यालय विकास कार्यों तथा अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालयों के नियमित अनुश्रवण, शिक्षण गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया। बैठक में विभिन्न विकासखंडों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया गया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता एवं विद्यालयी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक का समापन सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार हेतु निर्देशित करते हुए किया गया।

# अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं, आरोपितों पर तत्काल करें कार्रवाई : योगी

- मथुरा से आए वृद्ध की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने मथुरा के डीएम को दिया निर्देश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हर फरियादी से एक-एक कर मुलाकात की। उनका प्रार्थना पत्र लिया और समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने सभी शिकायतों के उचित व समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। वहीं, अतिक्रमण की शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त हुए और तत्काल इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

'जनता दर्शन' में मथुरा से एक वृद्ध भी शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि चकरोड पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। इस पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वे स्वयं मौके पर जाएं और यथास्थिति देखें। अतिक्रमण होने की स्थिति में इसे तत्काल हटाएं और दोषियों पर कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने फिर कहा कि अतिक्रमण की शिकायत कतई बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी, प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, विकास प्राधिकरण समेत जिम्मेदार संस्थाएं नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग भी करती रहें।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता समेत हर पहलु पर सरकार का ध्यान

'जनता दर्शन' में शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता, बिजली के तार, पुलिस, राजस्व से जुड़े प्रार्थना पत्र भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रार्थना पत्र लेकर पीड़ितों की बातें सुनीं, फिर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार जनता से जुड़ी हर मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है। आप सभी की समस्याओं का भी समाधान होगा। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सरकार हर परिस्थिति में 25 करोड़ प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी में आए फरियादियों का सबसे पहले हालचाल जाना, फिर उनकी समस्याएं पूछीं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों से आए लोगों से कहा कि अभी गर्मी व धूप अधिक है। बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों से कहा कि बहुत जरूरत होने पर ही दोपहर में घर से निकलिए। मुख्यमंत्री ने संयमित खानपान के लिए भी कहा।

# श्वेत क्रांति में पुरुषों के बराबर खड़ी हैं महिलायें : केशव

- महिला सशक्तीकरण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति
- 31 जनपदों में महिला समूहों ने किया 5000 करोड़ से अधिक का दुग्ध कारोबार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राज्य सरकार द्वारा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 31 जनपदों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिला दुग्ध उत्पादकों को संगठित कर उन्हें दुग्ध व्यवसाय से जोड़कर वर्तमान में महिला समूहों द्वारा 5000 करोड़ रुपये से अधिक का दुग्ध कारोबार किया जा रहा है, जो ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती आर्थिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है।

श्री मौर्य ने कहा कि दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है और इसमें महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार महिलाओं को बेहतर नस्ल के दुग्ध पशुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी देने तथा दुग्ध उत्पादों के निर्माण एवं विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान कर रही है।

जिस प्रकार श्वेत क्रांति में पुरुषों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उसी प्रकार आज आवश्यकता है कि महिलाओं को भी समान अवसर और संसाधन उपलब्ध कराकर उनके योगदान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि श्वेत क्रांति के पुरुषों के बराबर महिलाओं को खड़ा करना समय की मांग है और यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## खबरें एक नजर में

### सृष्टि गुप्ता को मिला नारी सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मेधा किसी की मोहताज नहीं होती वो अपनी मुकाम खुद हासिल कर लेती है। कुछ ऐसा ही खूबसूरत नजारा आदर्श नगर पार्क आलमबाग में देखने को मिला। जहां एक बेटी अपने सपनों की उड़ान को प्रकाशमान कर रही थी। करतल ध्वनि के साथ उपस्थित जनसमूह नारी शक्ति को प्रणाम कर रहा था। मौका था महिलाओं की सुरक्षा और शसक्तीकरण पर केंद्रित मिशन शक्ति केंद्र थाना आलमबाग द्वारा आयोजित बहू बेटी सम्मेलन का जहाँ सृष्टि गुप्ता को इंस्पेक्टर आलमबाग और उनकी टीम के द्वारा कराटे में विशेष प्रदर्शन के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सृष्टि गुप्ता को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं समाज के प्रति सकारात्मक सोच के लिए सम्मानित किया गया। नारी शक्ति को प्रोत्साहित करना एवं समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना ही सरकान का मिशन है। आज की नारी हर क्षेत्र में पुरषो के सामान कदमताल करते हुए शिखर की ऊंचाइयों को छू रही है। समाज में नारी को मुख्य रूप से ममता, त्याग, करुणा, सहनशीलता की मूर्ति माना जाता है। नारी का चरित्र चित्रण बहुआयामी और परिवर्तनशील है। पहले की अपेक्षा आज की आधुनिक नारी शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त है। जिस घर आंगन में बेटियां मुस्कुराती है उस घर आंगन में करुणा, त्याग और ममता के फूल बरसते है।

### शालीमार एक्सीलेंस समिट में चैनल पार्टनर्स को सौंपी गई कारों की चाबियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शालीमार कॉर्प लिमिटेड द्वारा अपने चैनल पार्टनर्स के लिए शालीमार एक्सीलेंस समिट 2026 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ओएसिस क्लब, शालीमार गार्डन बे, लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शालीमार के मैनेजिंग डायरेक्टर, खालिद मसूद, शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर, कुणाल सेठ, शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर, अब्दुल्लाह मसूद सहित चैनल पार्टनर्स विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में कंपनी की अब तक की यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद प्रबंध निदेशक खालिद मसूद चौनल पार्टनर्स के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अमित मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। शालीमार कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक खालिद मसूद ने कहा, शालीमार की सफलता में हमारे चैनल पार्टनर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शालीमार एक्सीलेंस समिट 2026 उनके प्रयासों और सहयोग के प्रति हमारी सराहना का एक माध्यम है। हमें विश्वास है कि आने वाले समय में हम सभी मिलकर नई सफलताएं हासिल करेंगे। समिट का सबसे प्रमुख आकर्षण कार वितरण समारोह रहा। इसमें चैनल पार्टनर्स को कारों की चाबियां सौंपी गईं।

### बीस दिनों से कूड़ा न उठने पर नागरिकों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी सेना (भारत) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम जोन-8 के अन्तर्गत अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड में बीते बीस दिनों से कूड़ा न उठने पर क्षेत्रीय नागरिकों ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट, अवध बिहार योजना में विरोध प्रदर्शन किया। विदित हो कि वार्ड में बीते लगभग बीस दिनों से कूड़ा न उठने से क्षेत्र में लोगों की स्थिति नारकीय हो गयी है, लोगों को जीना मुहाल हो गया है,लोगों को बीमारी का सामना कर रहे है जिसके बावजूद काफ़ी कहने-सुनने के बाद नगर निगम के अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। अंततः क्षेत्र के नागरिकों को प्रदर्शन के लिये सड़कों पर उतरने के लिये मजबूर होना पड़ा। वार्ड में नियमित सफाई की मांग को लेकर आज योगी सेना (भारत)के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा के नेतृत्व में हुये इस प्रदर्शन में क्षेत्रीय नागरिकों में राम, अनुराग सिंह, दीपेश सिंह, पंकज मणि मिश्रा, उमेश तिवारी, निर्मल सिंह, सुषमा भारद्वाज, पारूल, सुमित, अनिल मिश्रा, श्यामजी आदि काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

### गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस कमिश्नर का घेराव आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गुडम्बा थानान्तर्गत पैकरामऊ गांव में भूमि विवाद में जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी कल 23 जून को अपराह्न 12 बजे शहर के पुलिस कमिश्नर का घेराव करेंगे। आज यहां घेराव की घोषणा करते हुये गौरव गोस्वामी ने बताया कि पैकरामऊ स्थित खेतिहर भूमि पर विशेष समुदाय के लोग कब्जा करने की नीयत से बीते दिनों जुताई करने गये विपिन गुप्ता, अरुण वर्मा व अन्य साथियों पर फुरकान ,व उनके साथियों ने पत्थरबाजी और जानलेवा हमलाकर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसके संबंध में दर्ज मामले में मुख्य आरोपी फुरकान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया लेकिन नामजद अन्य आरोपी और पत्थरबाजी के वायरल वीडियो में पहचान में आये लोगों को पुलिस अभी तक गिरफ्तारी करने में बच रही है। जिनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर संगठन कल 23 जून को अपराह्न 12 बजे शहर के पुलिस कमिश्नर का घेराव करेगा।

# होम स्टे नीति में बदलाव, अब आठ कमरे तक होंगे पंजीकृत

- राज्य सरकार का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र में किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण आवास सुविधाओं का विस्तार करना : जयवीर





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही पर्यटन गतिविधियों और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होम स्टे नीति-2025 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। नई व्यवस्था के तहत होम स्टे और बी एंड बी इकाइयों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सरल बनाया गया है तथा पंजीकृत इकाइयों को ऑनलाइन स्व-नवीनीकरण (ऑटो रिन्यूअल) की सुविधा भी प्रदान की गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र में किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण आवास सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और स्थानीय लोगों को भी पर्यटन से जुड़ने के अधिक अवसर मिल सकें।

उन्होंने बताया कि संशोधित नीति के अनुसार शहरी क्षेत्रों में संचालित होम स्टे इकाइयों में अब न्यूनतम एक तथा अधिकतम आठ कक्ष (16 शैय्या) पंजीकृत कराए जा सकेंगे। पूर्व में अधिकतम छह कक्षों को ही किराये पर दिए जाने की व्यवस्था थी। साथ ही यह भी अनिवार्य किया गया है कि होम स्टे इकाई स्वामित्व अथवा विकास प्राधिकरण से लीज पर प्राप्त भूमि पर निर्मित आवासीय भवन में ही संचालित होगी तथा उसमें ओनर या उसका परिवार भौतिक रूप से निवास करेगा।

बी एंड बी श्रेणी के अंतर्गत आवासीय अथवा लीज पर लिए गए भवनों में अधिकतम आठ कक्ष पंजीकृत किए जा सकेंगे। ऐसी इकाइयों में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आवास के साथ नाश्ता एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इकाई में केयरटेकर का निवास अनिवार्य होगा तथा लीज पर लिए गए भवन की लीज अवधि न्यूनतम तीन वर्ष होनी चाहिए। 16 शैय्या वाली डॉरमेट्री भी इस श्रेणी में पात्र मानी जाएगी।

मंत्री ने बताया कि आठ कक्षों से अधिक क्षमता वाले आवासीय भवनों तथा होटल, मोटल और गेस्ट हाउस जैसी इकाइयों को इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत नहीं किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव (पर्यटन) अमृत अभिजात ने बताया कि सामुदायिक भागीदारी आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने और प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण आवास क्षमता बढ़ाने के लिए यह कदम विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगा।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने पेश किया यात्री सुविधाओं व सौंदर्यीकरण का अनूठा संगम

**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर एवं अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में लखनऊ मण्डल द्वारा गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर यात्री सुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया गया है।




प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर थर्ड एसी प्रतीक्षालय के निकट ध्यान मुद्रा में महात्मा बुद्ध की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा के ऊपर लगाई गई हाई-रेजोल्यूशन एलईडी स्क्रीन पर गोरखपुर जंक्शन के गौरवशाली इतिहास, विकास गाथा तथा गोरखपुर व आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी 24×7 प्रसारित की जा रही है। बुद्ध प्रतिमा एवं एलईडी स्क्रीन के मध्य रंगीन एलईडी लाइट से सुसज्जित 'मेरा प्यारा गोरखपुर' बोर्ड लगाया गया है, जो रात्रि में विशेष आकर्षण उत्पन्न करता है।

आध्यात्मिक शांति, डिजिटल तकनीक एवं स्थानीय गौरव का यह संगम यात्रियों के प्रतीक्षा समय को ज्ञानवर्धक व स्मरणीय बना रहा है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक यहाँ सेल्फी लेकर गोरखपुर की संस्कृति को विश्व पटल पर साझा कर रहे हैं। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि गोरखपुर बौद्ध सर्किट का प्रमुख द्वार है। यह पहल 'अतुल्य भारत' एवं 'स्वच्छ व सुंदर स्टेशन' अभियान को नई ऊर्जा दे रही है। इससे यात्री नाथ नगरी की आध्यात्मिक विरासत से जुड़कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# रामभक्तों की श्रद्धा पर आघात करने वाले पापियों को रामजी दण्डित करेंगे : अम्बरीष

- विश्वास और श्रद्धा की मजबूत चट्टान चंचु प्रहारों से नहीं दरकती
- शीघ्र ही नीर क्षीर की स्पष्टता दृष्टिगोचर होगी, अविश्वास का कुहासा छटेगा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री और प्रवक्ता अम्बरीष ने श्री राम जन्म भूमि मंदिर ट्रस्ट के चंदा प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि देश -दुनिया के करोड़ों रामभक्तों की श्रद्धा पर आघात करने वालों पापियों को रामजी दण्डित करेंगे। हमें रामजी पर, अपने नेतृत्व पर भरोसा है। अंततः श्रद्धा जीतेगी ,पापियों का शमन होगा और षडयंत्रकारी हारेंगे।

विहिप के प्रवक्ता ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि विश्वास और श्रद्धा की मजबूत चट्टान चंचु प्रहारों से नहीं दरकती। श्रीरामजन्मभूमि आन्दोलन के अनथक योद्धा जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पण कर यह लड़ाई लड़ी है और जो देश के कोने कोने में बैठे हैं वह आहत भी हैं और दुःखी भी लेकिन उनका अपने आंदोलन के सहकारियों और आंदोलन के नेतृत्व पर लेशमात्र भी अविश्वास नहीं है क्योंकि उनकी रामभक्ति परिस्थितिजन्य नहीं है। उन्हें विश्वास है शीघ्र ही नीर क्षीर की स्पष्टता दृष्टिगोचर होगी, अविश्वास का कुहासा छटेगा।

लेकिन कुछ लोग ÷थूको और भागो÷गैंग तथा बरसाती मेंढकों की तरह अनायास प्रकट हो गए। अम्बरीष ने लिखा कि हमारा किसी के प्रति मोह नहीं है न ही दुराव। हम रामजी के हैं लेकिन हमारे में सही और गलत देखने का विवेक है, किसी की दीर्घकालिक साधना और समर्पण पर हम प्रश्नचिन्ह नहीं लगा सकते।

खासकर जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में खलनायक की भूमिका निभायी हो और निष्ठा भी संदिग्ध हो।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के महामंत्री चंपत राय के बारे में उन्होंने लिखा कि आत्मविलोपी व्यक्तित्व जिन्होंने अपने को खपा दिया देश और सामाज के लिए। श्रीरामजन्मभूमि के आन्दोलन का कोई भी पक्ष हो, प्रबन्धन का और चाहे न्यायालयीन लड़ाई का, धुरी चम्पतराय ही रहे। वह अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रेरणा केन्द्र हैं।

मंदिर निर्माण के आन्दोलन में संकल्प से सिद्धि तक प्रमुख भूमिका में रहने का सुअवसर भगवान ने उन्हें प्रदान किया है।

# ब्राह्मणों को उम्मीदवार बनाने से सपा में बढ़ी बेचैनी : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को दावा करते हुए कि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत जब से पार्टी ने ब्राह्मण समाज सहित अपर कास्ट के लोगों को उम्मीदवार बनाना शुरु कर दिया है तब से विपक्षी दलों विशेषकर समाजवादी पार्टी (सपा) में बेचैनी बढ़ गई है।

मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वर्ष 2007 की तरह ब्राह्मण समाज के योगदान से बसपा को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जैसा ही इस बार के आगामी चुनाव परिणाम के रिपीट होने की संभावना के तहत स्वाभाविक ही प्रतीत होता है। वैसे भी यह सर्वविदित है कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले प्रदेश में अपरकास्ट में से खासकर ब्राह्मण समाज का हित बसपा में ही सुरक्षित है। 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के सिद्धान्त, नीयत व नीति को बहुजन समाज पार्टी ने पहले पार्टी स्तर पर अमल करके और फिर सरकार बनने पर भी उन्हें भरपूर आदर-सम्मान के साथ-साथ उन्हें हर स्तर पर पूरी-पूरी भागीदारी दी है।

दूसरी पार्टियों की सरकारों में इस वर्ग के लोग पिछले काफी समय से अपने आपको काफी उपेक्षित, असुरक्षित व ठगा हुआ भी महसूस कर रहे हैं। बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि इतना ही नहीं बल्कि ब्राह्मण समाज



द्वारा सामाजिक भाईचारा के आधार पर बसपा से जुड़ने की इनकी तैयारियों को ध्यान में रखकर इन्हें पार्टी उम्मीदवार बनाने की प्रक्रिया जारी है। मायावती ने कहा कि बसपा की सरकार बनती है तो उन्हें पहले की तरह ही हर स्तर पर भरपूर आदर-सम्मान दिया जायेगा। इसके साथ ही, अपरकास्ट में से क्षत्रिय, वैश्य आदि व अन्य समाज के लोगों को भी उनकी बसपा से जुड़ने की तैयारी अर्थात् जिसकी जितनी तैयारी उसकी उतनी भागीदारी के आधार पर चुनाव में उम्मीदवार भी जरूर बनाया जायेगा, जिसकी तैयारी हर स्तर पर लगातार जारी है।

मायावती ने कहा कि बसपा दूसरी पार्टियों की तरह कुछ लोगों को लॉलीपाप थमाने की संकीर्ण व स्वार्थ की राजनीति नहीं करती है, बल्कि पूरे समाज के हित व कल्याण की चिन्ता करना अपना संवैधानिक कर्तव्य समझती है। इसीलिये बसपा की नीति व कार्यक्रम जनहित व जनकल्याण तथा अपराध नियंत्रण व क़ानून व्यवस्था के मामले में भी देश व जनहित में बेहतरीन होते हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में ग्राहकों का प्रदर्शन, एफडी गबन का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शकुंतला विश्वविद्यालय परिसर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में एक बार फिर सोमवार को ग्राहकों ने प्रदर्शन कर दिया। 25 से ज्यादा खाताधारकों ने शाखा पहुंचकर कामकाज ठप करा दिया। अंदर घुसकर नारेबाजी की। कई ग्राहक फर्श पर बैठे तो कई लेट गए। उनका आरोप है कि एफडी के नाम पर बैंक मित्र ने उनसे लाखों रुपए लिए लेकिन एफडी नहीं की। खाताधारकों का आरोप है कि बैंक मित्र शिवा राव और उसके साथी दीपक ने अधिक ब्याज का लालच देकर उनसे एफडी के नाम पर लाखों रुपए जमा कराए थे। बाद में उन्हें पता चला कि उनके नाम पर कोई वैध एफडी नहीं की गई थी। 22 मई को बैंक के हेड ऑफिस में प्रदर्शन के बाद 22 जून को पैसा वापस आने का आश्वासन मिला था, जो नहीं हुआ। पीड़ितों ने बताया कि 22 मई को बैंक के हेड ऑफिस में अधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्हें 22 जून तक पैसा वापस करने का आश्वासन दिया गया था।

तय समय सीमा पूरी होने के बावजूद भुगतान नहीं होने से गुस्साए खाताधारक सोमवार दोपहर करीब 12 बजे बैंक पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। खाताधारकों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी जमा पूंजी वापस नहीं मिलेगी, तब तक बैंक का कोई भी कार्य नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बैंक का मुख्य गेट बंद कर दिया गया और सभी लोग अपनी मांगों को लेकर बैंक के अंदर ही डटे रहे। प्रदर्शन में रुचि गौतम (6 लाख रुपए), सुषमा (2 लाख), सरोजिनी (10 लाख), टिंकू (2 लाख), गुड़िया (1.60 लाख), मोनी राजपूत (1 लाख), फूलचंद (5 लाख), जयश्री (7 लाख), रामादेवी (1.80 लाख) और अनीता वर्मा (2 लाख) सहित कई अन्य पीड़ित शामिल थे। उन्होंने अपनी जीवनभर की बचत फंसने और आर्थिक संकट से जूझने की बात कही। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि, खाताधारक अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।

### बाबा बर्फानी के भंडारे के लिए खाद्य सामग्री के साथ ट्रक रवाना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल लखनऊ (पंजीकृत) द्वारा बेस कैंप बालटाल में विगत कई वर्षों से भंडारा करता आ रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी बाबा अमरनाथ में संस्था द्वारा पूरी यात्रा आज के लिए वृहद भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख सेवादार बाबा बर्फानी अमित बिंद्रा ने बताया कि बाबा बर्फानी का यह भंडारा 1995 से अनवरत चल रहा है। खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को सजाकर पूजा-पाठ करके मालवीय नगर से राजाजीपुरम तक बाबा बर्फानी कीशोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित है। उसके बाद ट्रक को कश्मीर के बेस कैंप बालटाल के लिए रवाना कर दिया गया।

**तैयारी** | सड़क हादसों को रोकने की कवायद

# शहरों के अंदर व ग्रामीण इलाकों में निर्धारित होगी वाहनों की गति सीमा

- आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों और परिवहन विभाग ने मिलकर तैयार किया 'उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी' का ड्राफ्ट




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर कई अभियान चला रही है। सड़क हादसों को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञ और उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग मिलकर 'उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी' पर काम कर रहे हैं। इसके तहत हाईवे और एक्सप्रेसवे की तरह ही शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर भी वैज्ञानिक आधार पर गति सीमा निर्धारित करना है। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की रोकथाम कर लोगों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। पॉलिसी का फाइनल ड्राफ्ट जल्द ही प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

हाल में उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में स्टेट रोड सेफ्टी टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों द्वारा तैयार उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी के ड्राफ्ट पर विस्तृत चर्चा हुई। नीति का उद्देश्य वैज्ञानिक और एविडेंस-बेस्ड अप्रोच के माध्यम से सड़कों पर सुरक्षित गति सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर को कम करना है।

इसके तहत केवल राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों की व्यस्त सड़कों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों के आसपास के मार्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के लिए भी उपयुक्त गति सीमा तय की जाएगी। इससे अनियंत्रित गति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी।

### प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा ड्राफ्ट

आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों और परिवहन विभाग ने इस पॉलिसी के लिए प्रदेशभर में विस्तृत अध्ययन किया है। तैयार किए गए पॉलिसी ड्राफ्ट पर चर्चा के दौरान परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जिन्हें शामिल करते हुए संशोधन किया जाएगा। इसके बाद परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी को प्रदेश सरकार के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजेगा। मंजूरी मिलने के बाद यह पॉलिसी प्रदेश के विभिन्न विभागों के सहयोग से लागू की जा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़कों की प्रकृति और यातायात घनत्व के अनुरूप गति सीमा तय होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी। वहीं विभाग सेफ सिस्टम अप्रोच के तहत सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित गति, सुरक्षित सड़क यात्री, सुरक्षित वाहन और पोस्ट-क्रैश केयर पर भी ध्यान दे रहा है। साथ ही सुरक्षित गति ऑडिट, प्रवर्तन व्यवस्था, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, वाहन फिटनेस निरीक्षण, जनजागरूकता अभियान के जरिए भी सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कर रहा है।

# यूपीएसएसएससी के मुख्यालय पहुंचे जूनियर असिस्टेंट अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

- भर्ती प्रक्रिया शुरू हुए तीन साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक जारी नहीं हुआ रिजल्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के मुख्यालय के बाहर सोमवार को जूनियर असिस्टेंट अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया शुरू हुए तीन साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक रिजल्ट जारी नहीं हुआ है। इससे युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

हरदोई से आए एक अभ्यर्थी ने कहा कि फार्म भरने के बाद से ही लगातार आंदोलन करना पड़ रहा है। कभी वैकेंसी को लेकर, तो कभी परीक्षा कराने की मांग को लेकर और अब रिजल्ट जारी कराने के लिए प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अलग-अलग जिलों से अभ्यर्थी समय-समय पर लखनऊ पहुंचकर प्रदर्शन करते हैं और आयोग व संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी बात रखते हैं। हालांकि हर बार उन्हें आश्वासन तो मिलता है, लेकिन अभी तक भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है और नियुक्तियां भी नहीं हुई हैं। अभ्यर्थियों के अनुसार, पीईटी-2022 के आधार पर निकाली गई 1468 पदों वाली ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती और 5512 (संशोधित 5369) पदों की जूनियर असिस्टेंट भर्ती का परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया है। परिणाम में लगातार हो रही देरी से हजारों अभ्यर्थियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने आयोग से लंबित भर्तियों का परिणाम जल्द घोषित करने और नियुक्ति प्रक्रिया को समय पर पूरा करने की मांग की है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्षों की तैयारी और परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद उन्हें नौकरी का इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### कलान तहसील सभागार में विधिक सेवा प्राधिकरण ने नशे के विरुद्ध किया गोष्ठी का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कलान तहसील सभागार में विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए ग्रामीणों को पराविधिक स्वयंसेवक राममूर्ति कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है। नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है। युवापीढ़ी को नशे से दूर रहने का आवाह्न करते हुए उन्होंने कहा कि नशा किसी भी तरह का हो, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पराविधिक स्वयंसेवक अनूप कुमार ने कहा कि आजकल की युवपीढ़ी नशे में ही हिंसा, दुर्घटना,चोरी,दुराचार आदि करके जीवन बरवाद कर रही है। उन्होंने कहा कि एकबार जो नशे की गिरफ्त में आ गया उसे नशे की लत से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। इसलिए हम सबका दायित्व है कि अपने अपने गांव क्षेत्र में नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर एक अच्छे समाज की स्थापना करें। तभी हमारा परिवार,समाज और देश तरक्की करेगा। इस अवसर पर समाजसेवी सर्वेंद्र गुप्ता, सतेंद्र, सत्यम गुप्ता, छत्रपाल सिंह, राजवीर सिंह, आर्येंद्र सिंह, देवसिंह, पंकज कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कराया योगाभ्यास



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक एवं कोऑर्डिनेटर तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार के निमंत्रण पर शाहजहांपुर की सिटी पार्क कॉलोनी में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने बैंक ऑफ बड़ौदा की शाहजहांपुर क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व, उसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह एवं सक्रियता के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। इसके उपरांत श्री धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने ददरौल ब्लॉक के ग्राम संजना में भी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को योग के महत्व से अवगत कराया तथा सामूहिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का आधार है और इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

### मुआवजा पाने वालों को अंतिम चेतावनी, स्वयं हटाएं अतिक्रमण वरना चलेगा बुलडोजर



**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** बरेली-सीतापुर एनएच-30 फोरलेन परियोजना के तहत रविवार को मीरानपुर कटरा में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई। परियोजना प्रबंधक अंजनी कुमार के निर्देशन में कंट्रोल रूम ऑफिसर धर्मेन्द्र सिंह एवं लोकेन्द्र सिंह की अगुवाई में टीम ने सड़क किनारे बने अस्थायी ढांचे, रेडी-ठेले, टीन शेड, लकड़ी के खोखे और अन्य अतिक्रमण हटवाए। मौके पर भारी मशीनरी और कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई। कंट्रोल रूम ऑफिसर धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशासन और एनएचआईटी की ओर से करीब आठ दिन पहले ही लगातार मुनादी और अनाउंसमेंट कर लोगों को सूचित किया गया था कि जिन दुकानदारों और मकान मालिकों को मुआवजा मिल चुका है, वे समय रहते अपना सामान सुरक्षित स्थान पर रखकर जगह खाली कर दें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि फिलहाल अस्थायी अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। जिन लोगों के पक्के मकान या दुकान प्रभावित हैं, उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी किए जाएंगे और निर्धारित समय सीमा दी जाएगी। इसके बावजूद यदि कब्जा नहीं हटाया गया तो जेसीबी और अन्य मशीनों की सहायता से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि फोरलेन परियोजना जनहित से जुड़ी है और इसके निर्माण में किसी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समय रहते स्वयं अतिक्रमण हटालें, ताकि किसी प्रकार की आर्थिक क्षति से बचा जा सके। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित रही, जबकि परियोजना टीम लगातार लोगों को समझाकर और जागरूक कर अतिक्रमण हटवाने में जुटी रही।

### कृषक हितपरक शोध कार्यों पर विशेष ध्यान दें वैज्ञानिकः आनन्द

**अभिषेक आनन्द गन्ना शोध के नये निदेशक**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** अपर गन्ना आयुक्त प्रशासन अभिषेक आनन्द ने उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के निदेशक के पद पर कार्यभार गृहण करने के बाद शोध संस्थान में चल रहे शोध परिक्षणों का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने नवीन गन्ना किस्मों की किसानों में उसकी लोकप्रियता एवं गुणवत्ता के विषय में विस्तार से वैज्ञानिकों से चर्चा की। निदेशक श्री आनन्द ने गन्ने के साथ अन्तःफसली खेती, ट्रेंच विधि द्वारा गन्ने की बुवाई, नवीन गन्ना किस्मों के विकास की प्रक्रिया आदि के बारे में भी विस्तार से वैज्ञानिकों से चर्चा की। शोध प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ पूर्व निदेशक एवं अपर गन्ना आयुक्त विकास वीके शुक्ल, जिला गन्ना अधिकारी एवं समस्त वैज्ञानिक उपस्थित रहे। शोध प्रक्षेत्र भ्रमण के पश्चात उन्होंने टिशू कल्चर, पादप प्रजनन, शर्करा रसायन, पादप रोग एवं प्रसार अनुभाग की प्रयोगशालाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा विकसित नवीन गन्ना किस्मों का त्वरित संवर्द्धन टिशू कल्चर द्वारा दिया जाये जिससे कि प्रदेश के गन्ना किसानों को अधिक से अधिक बीज कम समय में प्राप्त हो सके। उन्होंने वैज्ञानिकों को निर्देश दिये कि कृषक हितपरक शोध कार्यो पर विशेष बल दिया जाये जिससे कि किसान कम लागत में अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सके। उन्होंने वैज्ञानिकों को निर्देश दिये कि गन्ने में लगने वाले कीट एवं बीमारियों के बारे में विभिन्न प्रसार माध्यमों द्वारा किसानों को निरन्तर जागरूक करते रहें जिससे कि किसान कीट एवं बीमारियों का समय से नियन्त्रण कर सके। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डा. अजय तिवारी ने उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के स्थापना इतिहास, उद्देश्यों, अनुसंधान गतिविधियों एवं गन्ना खेती में परिषद के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा परिषद की वर्तमान उपलब्धियों एवं भावी कार्ययोजनाओं से अवगत कराया। संचालन प्रसार अधिकारी डा. संजीव पाठक ने किया।



# मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत अंबेडकर पार्क व बारात घर निर्माण की प्रक्रिया शुरू

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**



मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत अंबेडकर पार्क एवं बारात घर निर्माण कार्य को लेकर सोमवार को नवीपुर-प्रथम में स्थित गाटा संख्या 601 एवं 602 की पैमाइश कराई गई। भूमि का सीमांकन और पैमाइश पूर्ण होने के बाद अब निर्माण कार्य शुरू कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अधिशासी अधिकारी नूरजहां के अनुसार जनहित को ध्यान में रखते हुए गाटा संख्या 601 पर अंबेडकर पार्क तथा गाटा संख्या 602 पर बारात घर का निर्माण कराया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अंबेडकर पार्क के निर्माण से लोगों को टहलने, बैठने एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए एक बेहतर स्थान मिलेगा, वहीं बारात घर के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए सुविधा प्राप्त होगी। अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर पार्क एवं बारात घर जैसी जनोपयोगी परियोजनाएं स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करेंगी। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है और शासन की मंशा के अनुरूप सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी अंबेडकर पार्क एवं बारात घर निर्माण की पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। पैमाइश के दौरान अधिशासी अधिकारी नूरजहां, पूर्व चेयर मैन रईस मिया वार्ड सभासद खालिद खा दवंग क्षेत्रीय लेखपाल प्रमोद माथुर तथा नगर पंचायत के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने भूमि की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन भी किया।

## हाइवे पर डंपर में टकराई पिकअप, कपड़ा व्यापारी की मौत

**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाईवे पर डंपर में पीछे से पिकअप टकरा गई। जिससे पिकअप के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। वहीं हादसे में कपड़ा व्यापारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका भाई और पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाकर शव को पीएम के लिए भिजवाया। लखनऊ के जगतपुर नारायण रोड जनता नगरी निवासी जकरिया ने बताया कि उनका बड़ा भाई मोहम्मद अलीम की लखनऊ में कपड़े की दुकान है। तीन दिन पहले वह भाई आलिम के साथ पंजाब के खन्ना में कपड़ा खरीदने गए थे। कपड़ा खरीद कर वह लोग किराए की पिकअप गाड़ी से कपड़ा लेकर लखनऊ घर वापस जा रहे थे। सोमवार तड़के सुबह लगभग 4 बजे हाईवे पर तिलहर पावर हाउस के सामने पिकअप गाड़ी के आगे चल रहे डंपर के चालक में अचानक तेज ब्रेक लगा दिए। इस कारण पिकअप चालक शामली निवासी सलीम गाड़ी को नहीं संभाल सका और पिकअप डंपर में पीछे से टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप से सभी घायलों को निकलवा कर सीएचसी भिजवाया जहां डॉक्टर ने अलीम को मृत घोषित कर दिया तथा घायल जकरिया एवं सलीम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद डंपर चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि शव पीएम के लिए भिजवाया गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



## रामगंगा नदी का जलस्तर में वृद्धि होने से हैदलपुर, कीलापुर, बोझी घाटों पर बने पैंटून पुल हटाये गए



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** लोक निर्माण विभाग की व्यवस्था के अनुसार प्रतिवर्ष नदियों पर बनने वाले अस्थाई पैंटून पुल मानसून आने से पहले ही 15 जून को हटा दिए जाते हैं। इस वर्ष 15 जून से पहले ही मानसून के दस्तक देने से रामगंगा के जलस्तर में वृद्धि हो गई है। जिससे क्षेत्र में रामगंगा पर बने हैदलपुर, बोझी और कीलापुर घाटों पर बने अस्थाई पैंटून पुल हटाए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के जेई ज्ञानेंद्र शर्मा ने बताया कि परौर क्षेत्र में रामगंगा नदी के हैदलपुर और बोझी तथा मिर्जापुर क्षेत्र के कीलापुर घाट पर बने अस्थाई पैंटून हटाए जाने का कार्य शुरू हो गया है। पैंटून पुल हटाए जाने के बाद आसपास के गांवों के बाशिंदों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग ने नाव उपलब्ध करवा दी हैं। बरसात के मौसम में ग्रामीण नाव से रामगंगा नदी को पार करके अपनी खेतीबाड़ी करने जा रहे हैं। पुल बरसात बाद नदियों के जलस्तर में कमी आने के बाद सितम्बर-अक्टूबर माह में पुनः पैंटून पुलों का निर्माण करवाया जाएगा।

## एएसपी ग्रामीण के निर्देश पर दर्ज हुआ ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा



**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** शनिवार रात 8.15 बजे ग्राम दतेली निवासी बुधपाल एवं 5 वर्षीय पौत्र की ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर मौत हो गई थी जिसके पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को शाहजहांपुर भेज दिया गया था कल रविवार को जब पोस्टमार्टम हाउस से दोनों शवों को लाया जा रहा था तब मुखबिर की सूचना पर एंबुलेंस को कमलापुर नहर पर रोक लिया था जिससे ग्रामीणों आक्रोश पैदा हो गया और उन्होंने निगोही मोड पर जाम लगा दिया था उसके बाद सीओ तिलहर द्वारा समझाने पर वह लोग गांव को जाने वाले रोड पर स्थित ग्राम कोठखेतल पहुंचे और उन्होंने मांग की जब तक ट्रैक्टर ट्राली एवं चालक को गिरफ्तार करके कार्रवाई नहीं की जाती तब तक वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे आज दोपहर एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे एवं सीओ तिलहर इसिका सिंह मृतक के गांव पहुंची और उन्होंने परिवार वालों को आश्वासन दिया की जल्द ही ट्रैक्टर ट्राली एवं चालक को पड़कर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया भी इस कार्य के लिए टीमें भी बनाई हुई है जो की एक टीम बीसलपुर गई हुई थी और एक टीम क्षेत्र में ही जानकारी जुटा रही थी इसी बीच कुछ राजनीतिक दल के नेताओं ने भी वह पर पहुंचकर कार्रवाई न होने का हवाला दिया हालांकि थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य लगातार कह रहे थे की हम जानकारी लूट रहे हैं हम किसी बेगुनाह को फसने नहीं देंगे।

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला आनन्द वाटिका निवासी देवेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव मोहनपुर ज0 जेवाँ के कुछ लोगों से कहासुनी हो गई थी। उसी रंजिश को लेकर पांच छह लोगों ने एक राय होकर सोमवार की सुबह मेरे घर मे घुस गए ओर मारपीट करनी शुरू कर दी तथा पत्नी पूनम को बुरी तरफ मारापीटा इस कारण उनके सिर में शरीर मे काफी गम्भीर चोटें आई हैं। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग इकट्ठे हुए तो दबंग लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। देवेंद्र सिंह का कहना है कि ये लोग दबंग किस्म के लोग है। इसलिए इन पर कार्यवाही की जाए।

## ओवरलोड भूसा वाहनों ने ले ली दम्पति की जान

**समृद्धि न्यूज**

**अल्हागंज, शाहजहांपुर।** भूसे से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ लगातार शिकायतों और जिलाबंदी के आदेशों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से क्षेत्र में भारी जनाक्रोश है। सोमवार तड़के ततियारी मोड़ के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक दम्पति की मौत और उनके पुत्र के गंभीर रूप से घायल होने के बाद लोगों ने पुलिस और परिवहन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के अनुसार कस्बा अल्हागंज के मोहल्ला बगिया निवासी संतोष शर्मा अपनी पत्नी और पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान भूसे से लदी तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संतोष शर्मा और उनकी पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अल्हागंज, हुल्लापुर चैराहा और हरदोई क्षेत्र से प्रतिदिन दर्जनों भूसे से ओवरलोड पिकअप वाहन फर्रुखाबाद की ओर भेजे जाते हैं। जिलाबंदी लागू होने के बावजूद इन वाहनों का संचालन खुलेआम जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह चार बजे के आसपास एक साथ निकलने वाले इन वाहनों की तेज रफ्तार लंबे समय से दुर्घटना का कारण बनने की आशंका पैदा कर रही थी। बताया जा रहा है कि इस संबंध में राष्ट्रीय सोशल मीडिया संघ द्वारा पूर्व में भी प्रशासन को शिकायत दी गई थी और हाल ही में फिर से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। संगठन का आरोप है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जाती तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस और आरटीओ विभाग के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमित कार्रवाई न होने के कारण ऐसे वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की है।

## लापता युवक की तलाश में पुलिस विफल



**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।** घर से खेत जाने की बात कह कर निकलें लापता युवक की तलाश पुलिस एक सप्ताह बाद भी नहीं कर पाई है। परिवार नें पुलिस अधीक्षक के पास पेश होकर मदद की गुहार लगाई है। बता दें की बीती 15 जून की दोपहर अगरोली के हरिपाल का 18 वर्षीय बेटा दुर्वेश घर से खेत जाने की बात कह कर निकाला था।लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन करने के बाद 17 जून को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। लेकिन पुलिस शांत बैठ गई। खोजने के नाम पर कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों ने बताया उन्हें कुछ जानकारी मिली तब वह थाने गए तो उन्हें नवादा मोड़ पुलिस चैकी भेज दिया गया। बाद में वह खुद अपने वाहन से बदायूं के उसैहत थाने गए। आपबीती बताने पर वहां तब भी पुलिस ने मदद की। मौके पर पहुंची लेकिन सटीक जानकारी नहीं मिल पाई। पीड़ित पिता हरिपाल नें परिजनों के साथ सोमवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। वहीं एसपी सौरभ दीक्षित नें थाना पुलिस को शीघ्र युवक को बरामद करने के निर्देश दिए हैं।

## भाकियू ने हरनाई गांव में पुलिस द्वारा ग्रामीणों पर लाठी चार्ज का किया विरोध

- सीओ को ज्ञापन सौंपकर कि दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग



**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना खुटार के चांदपुर चौकी पर फर्जी एनकाउंटर व पुलिस ने ग्रामीणों पर लाठी चार्ज किया था। जिसको लेकर भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुए एसपी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। साथ ही कहा कि इस मामले की जांच कराई जाए। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं ने एसपी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदानन्द सरोज को दिया। दिए हुए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि ब्लाक खुटार की ग्राम पंचायत चाँदपुर हरनाई में फर्जी बलात्कार के आरोप में थाना खुटार में एक फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे पुलिस ने कई धाराओं में दबिश दी जिससे परिवार बालो ने पुलिस के दबाव में आकर आरोपी को घर से निकाल कर अपनी इच्छा से उसे पुलिस के हवाले कर दिया था। लेकिन पुलिस ने उसे जंगल की तरफ ले जाकर फर्जी मुठभेड़ दिखाकर एनकाउंटर कर दिया था। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया ओर उन्होंने चांदपुर चौकी पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। लेकिन पुलिस द्वारा महिलाओं व बच्चों को लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया था।

## दो दिन से लापता महिला का शव शारदा नहर में उतराता मिला

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**समृद्धि न्यूज**



**बंडा, शाहजहांपुर।** दो दिन पहले लापता हुई एक महिला का शव शारदा नहर में उतराता हुआ मिला है। पुलिस ने शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिला पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव शेरपुर (छोटा) निवासी जजवीर सिंह की 40 वर्षीय पत्नी रूपेंद्र कौर की शनिवार को अपने पति से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। इससे नाराज होकर रूपेंद्र कौर घर से कहीं चली गई। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार को महिला के मायके पक्ष ने थाना पूरनपुर में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार सुबह करीब दस बजे महिला का शव मकसूदापुर पुल के पास देखा गया था जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी । मौके पर पहुंची पुलिस शव को निकालने का काफी देर तक प्रयास करती रही लेकिन शव पानी में उतराता हुआ आगे की तरफ चला गया जिसके बाद सिंगापुर खास पुल के पास उसका शव झाड़ियों में अटक गया, जिसकी सूचना दोबारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे महिला के भाई सुखदेव सिंह ने बताया कि उसकी बहन के ससुराल वाले उसे आए दिन परेशान करते थे, जिसमें दहेज उत्पीड़न का भी मुकदमा न्यायालय में चल रहा है।

अब उसकी बहन रुपिंदर कौर ने आत्महत्या की है या उसके सुसराल वालों ने उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आयेगा। इधर बंडा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

चूंकि गुमशुदगी की रिपोर्ट पूरनपुर थाने में दर्ज थी, इसलिए आगे की कानूनी कार्रवाई पूरनपुर पुलिस द्वारा की जाएगी।

## पिता दिवस पर मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन ने किया पौधारोपण

- पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश
- वृक्ष हैं प्रकृति के पिता, पौधारोपण से दें सच्चा सम्मानः डॉ. पुनीत मनीषी



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** पिता दिवस के अवसर पर मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कारगिल शहीद रमेश चंद्र पार्क में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के महासचिव डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि, पिता हमारे जीवन के आधार हैं, जैसे वृक्ष प्रकृति का आधार हैं। पौधारोपण केवल एक कार्य नहीं बल्कि भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा समाज में जागरूकता भी फैलती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखरेख परिवार के सदस्य की तरह करें। एसोसिएशन के संरक्षक ओंकार मनीषी ने कहा कि पिता दिवस पर अपने पिता के सम्मान में पौधारोपण से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए युवाओं को प्रकृति से जुड़ने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। पर्यावरणविद् आशीष भारद्वाज ने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगा।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपने द्वारा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें और अगले वर्ष इसी दिन अपने पौधों के साथ आकर एक सेल्फी लें, जिससे यह पता चल सके कि उन्होंने अपने पौधे को कितना सहेजा और संरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सफल माना जाएगा जब पौधे वृक्ष बनकर समाज को लाभ पहुंचाएं।

## खतौनी में गलत फीडिंग को लेकर किसान ने कम्प्यूटर ऑपरेटर को जड़ा थप्पड़, अफरातफरी मची

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** तहसील में खतौनी में नाम दर्ज कराने को लेकर एक किसान व कम्प्यूटर ऑपरेटर का विवाद हो गया। इस विवाद में किसान ने कम्प्यूटर ऑपरेटर के थप्पड़ जड़ दिया। जिसको लेकर तहसील में हड़कंप मच गया। वकीलों ने आकर मामले को रफादफा किया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक किसी की तरफ से तहरीर नही आई है।

सोमवार को दोपहर तहसील कार्यालय में कक्ष संख्या 22 में सोमवार को विवाद हो गया जिससे तहसील कर्मियों में हड़कंप मच गया। मामला खतौनी में फीडिंग को लेकर था नाहिल निवासी एक युवा किसान कंप्यूटर ऑपरेटर फहीम से भिड़ गया और बात गर्मा गई तभी नाराज किसान ने फहीम को एक थप्पड़ जड़ दिया। जिससे तहसील परिसर में खलबली मच गई उधर फहीम का आरोप है कि किसान फीडिंग में एक महिला का नाम हटाकर अपनी पत्नी का नाम दर्ज कराना चाहता था जब विरोध किया तो उसने थप्पड़ मार दिया इसके साथ ही उसने सरकारी अभिलेखों को भी फाड़ दिया। इस मामले को अपने अपने उच्चाधिकारियों को दी है। उधर किसान का कहना है कि खतौनी में नाम फीडिंग कराने गया था लेकिन फहीम फीडिंग के नाम पर रुपए मांग रहा था जब विरोध किया तो उसने फीडिंग करने से मना कर दिया। इसी बीच दोनों में विवाद हो गया ओर किसान ने थप्पड़ जड़ दिया।

## खबरें एक नजर में

### नई बाजार के सामने कार और बाइक की टक्कर अधेड़ घायल, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर के खुदागंज-बीसलपुर रोड स्थित नई बाजार के सामने सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। घायल व्यक्ति की पहचान मुन्ना लाल (55 वर्ष), निवासी ग्राम दतेली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे तभी नई बाजार के सामने उनकी बाइक की एक कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। साथ ही सड़क पर लग रहे जाम को हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई और मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक घायल का अस्पताल में उपचार जारी था। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है तथा दोनों वाहनों से संबंधित जानकारी एकत्र की जा रही है।

### महिला के कान से झाले नोचने वाले आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, निगोही, शाहजहांपुर।** गिरगिचा गांव के पास महिला के एक कान से झाला नोंचने वाले बाइक सवार बदमाशों को पुलिस ने जेल भेज दिया। पीलीभीत जनपद के थाना दिउरिया के गझाडा गांव निवासी कुंवरसेन ने पुलिस को तहरीर देकर वताया कि बह अपनी पत्नी प्रियंका के साथ सिंधौली के महमूदापुर से वापिस आ रहे थे, तो गिरगिचा गांव के पास बाइक सवार दो बदमाशो ने पत्नी के दाहिने कान से झाला नोंच लिया था। कुंवरसेन और प्रियंका के चीखने पर पुलिस ने पीछा कर दोनो बदमाशो को ढकिया तिवारी से गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार बदमाशो में एक ने अपना नाम चांद पुत्र नसीर तथा दूसरे ने महमूद पुत्र शहबाबू निवासी ग्राम रामपुर ताहरपुर थाना सिंधौली बताया। पुलिस ने दोनो के कब्जे से एक झुमका, देशी तमंचा, मोबाईल फोन टैक्नो स्पार्क तथा घटना मे प्रयुक्त बाइक बरामद की। बाइक के कोई कागजात न होने के कारण मौके पर ही धारा 207 एमवी एक्ट मे सीज कर दोनो को जेल भेज दिया।



### जल्द शाहजहांपुर पहुंचेगी यूरिया की एक रैक 2674.800 मीट्रिक टन



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जनपद को आयतित यूरिया की एक रैक मात्रा 2674.800 मीट्रिक टन प्राप्त हो रही है। प्राप्त मात्रा का 80 प्रतिशत 2139 मीट्रिक टन का आंवटन जनपद की 95 सहकारी समितियों को करने के लिए पत्रावली डीएम के समक्ष सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक डा. गणेश गुप्ता ने पेश की। जिस पर डीएम ने भी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक से किसानों को मिलने वाली खाद, यूरिया की उपलब्धता व समितियों की स्थिति जानी। डीएम ने स्पष्ट किया कि खाद को लेकर किसानों को किसी तरह की दिक्कत न आए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बता दें कि जनपद में पीसीएफ बफर गोदाम में यूरिया की उपलब्धता 3398 मीट्रिक टन है तथा जनपद की सहकारी समितियों पर लगभग 4400 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता बनी हुई है। जनपद के सभी किसानों को उनकी जोत एवं फार्मर आईडी के अनुसार उर्वरक उपलब्ध करायी जा रही है। जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा सभी समितियों पर आवश्यकतानुसार व प्रथामिकतानुसार उपलब्ध कराकर निरन्तर वितरण कराया जा रहा है।

### महापौर ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किया स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से आज प्रातःकाल नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा द्वारा जोन संख्या-1 में विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रही सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों एवं कूड़ा निस्तारण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा कूड़ा संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर का निर्माण संभव है। महापौर ने क्षेत्रवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जनसुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### 78 वाहनों के चालान, अवैध पार्किंग पर एक्शन



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री एवं परिवहन आयुक्त के निर्देश के क्रम में यातायात पुलिस के साथ समन्वय करते हुए अवैध पार्किंग के सम्बन्ध में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत बस, आटो, ई-रिक्शा के पार्किंग स्थलों की जांच करते हुए अवैध पार्किंग को हटवाया गया। इसके अतिरिक्त नियम विरूद्ध संचालित पाये जाने पर ओवर स्पीडिंग, बिना फिटनेस, बिना परमिट, माल वाहन में यात्री वाहन, एचएसआरपी, बिना, धुंधली नम्बर प्लेट में 78 वाहनों के चालान किये गये। उक्त अभियान में हरिओम एआरटीओ प्रवर्तन,आरपी गौतम यात्री-मालकर अधिकारी एवं तथा यातायात पुलिस विभाग के यातायात निरीक्षक बच्चू सिंह यादव, यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। परिवहन विभाग की ओर अपील की गई कि वाहन स्वामी किसी भी वाहन को नियम के विरुद्ध संचालन कदापि न किया जाये यदि नियम विरुद्ध ओवरलोड, कर बकाया आदि वाहन संचालित पाई जाती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।

# जीवनरक्षक फर्स्ट एड, आपदा प्रबंधन विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

- प्रशिक्षण युवाओं में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करते हैं

**समृद्धि न्यूज**



**शाहजहांपुर।** पूर्व मानसून तैनाती के अंतर्गत वर्तमान में हनुमतधाम आश्रय स्थल में तैनात 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम 8 एम द्वारा सामुदायिक जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का निरंतर संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में टीम कमांडर निरीक्षक दीपिका के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय में 25वीं वाहिनी एनसीसी के कैडेटों के लिए आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक फर्स्ट एड, आपदा प्रबंधन विषय पर विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैडेटों को रक्तस्राव नियंत्रण, सीपीआर, एफबीएओ, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी तकनीकें, बाढ़ के दौरान उपयोग किए जाने वाले अस्थायी तैरन उपकरण तथा विभिन्न आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एनडीआरएफ टीम द्वारा इन तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। जिससे कैडेटों को आपात परिस्थितियों में प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने का प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। इस अवसर पर 25 वीं वाहिनी एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसएस चीमा, कर्नल आनंद शर्मा, सूबेदार मेजर सुनील रावत सहित एनसीसी स्टाफ एवं सेना के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में अधिकारियों ने एनडीआरएफ द्वारा संचालित इस जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण युवाओं में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भरत तिवारी प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग

### ब्राह्मण समाज ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** भरत तिवारी प्रकरण को लेकर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को सौंपा। समिति ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि भरत तिवारी प्रकरण की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराई जाए, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके। साथ ही घटना में संलिप्त दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग भी की गई। समिति ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा परिवार के पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इसके अलावा भविष्य में किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। ब्राह्मण समाज समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन देशव्यापी आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति जिलाध्यक्ष ज्ञानेश वाजपेई, प्रदेश महामंत्री हरिशरण वाजपेई, एडवोकेट राजेश अवस्थी, अभिषेक मिश्रा एडवोकेट सहित पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सहयोग संस्था ने राहुल की मदद को बढ़ाया हाथ, खाद्य सामग्री व कपड़े किए भेंट

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** समाजसेवी संस्था सहयोग के पदाधिकारी ब्लॉक जैतीपुर की ग्राम पंचायत अमरेड़ी पहुंचकर घायल बालक राहुल कश्यप का हालचाल जाना। संस्था के जिला प्रभारी विकास सक्सेना ने बताया कि पैर में गंभीर चोट के कारण राहुल को बेहतर इलाज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर उचित उपचार मिले तो उसका पैर बचाया जा सकता है।संस्था अध्यक्ष स्तुति गुप्ता ने बताया कि राहुल के पिता का निधन हो चुका है और उसकी मां भी उसे छोड़कर जा चुकी है। वह अपनी बड़ी बहन के साथ बेहद आर्थिक कठिनाइयों में जीवन यापन कर रहा है। संस्था की ओर से राहुल को नए कपड़े, फल, बिस्किट, मिठाई तथा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। संस्थापक अनिल गुप्ता ने आश्वासन दिया कि राहुल के इलाज में संस्था हर संभव सहयोग करेंगी।



## भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**समृद्धि न्यूज**



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को जनपद के डाक बंगले में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह ने की। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, गांव-गांव तक उसका विस्तार करने तथा किसानों और आम जनता से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाकर उनका समाधान कराना है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने पर भी बल दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और किसानों की समस्याओं के लिए निरंतर संघर्ष करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह ने कहा कि संगठन किसानों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है और उनकी हर समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाता रहेगा।

## मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाइवे पर बारातियों से भरी प्राइवेट बस 15 फिट गहरे गड्ढे में पलटी

- 40 घायल, तीन की हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र में फर्रुखाबाद-मुरादाबाद स्टेट हाइवे पर ग्राम जरियनपुर के गंगा चौराहे के समीप रविवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में बरातियों से भरी बस हाइवे किनारे करीब 15 फिट गहरे गड्ढे में पलट गई। जिससे बस में सवार लगभग 60 बरातियों में 40 बराती घायल हो गए। इनमें तीन घायलों रामजीत निवासी ग्राम जरियनपुर,शिवम निवासी ग्राम गोकुल नगला व आशू उर्फ आयुष निवासी ग्राम राजेरायपुर थाना मिर्ज़ापुर को गंभीर हालत में सीएचसी जरियनपुर से जिला अस्पताल भेजा गया है।

परौर थाना क्षेत्र के ग्राम तिहाड़खेड़ा से एक 40 सीटर प्राइवेट बस बरात लेकर जलालाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ठिंगरी जा रही थी। इस प्राइवेट बस में 60 से अधिक यात्री भरे होना बताया जा रहा है। जिनमें 40 बराती घायल हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पलटी हुई बस के शीशे तोड़कर बरातियों को जैसे तैसे बाहर निकाला गया। जिन्हें तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी जरियनपुर ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मध्यम गति से जा रही बरातियों से भरी इस बस के सामने अचानक दो बाईकें आमने सामने भिड़ गईं। बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में बस असंतुलित होकर हाइवे किनारे 15 फिट गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई। बरातियों से भरी इस बस के अचानक पलट जाने से शिवओम, शिवम, मुंशीलाल, बाबूराम, रामभजन, राजवीर, ओमकार, भूपेंद्र, कार्तिक, मोहनलाल, सुबोध, जसवीर, रामवीर, सुभाष, मोहनदास, सर्वेश,पुष्पक और पूरन समेत बस में सवार 40 बराती घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सीओ जलालाबाद ज्योति यादव और थानाध्यक्ष मिर्ज़ापुर सोनी शुक्ला ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस के शीशे और खिड़की तोड़कर बाहर निकाल कर इलाज के लिए सीएचसी जरियनपुर भेजा। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया 40 सीटर बस में 60 से 65 यात्री सवार थे। उधर हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। बाइक सवारों का भी कोई अता पता नहीं चला।

**सीएचसी में 40 घायलों के पहुंचने से इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर और स्टाफ में मची अफरातफरी**

रात्रि दस बजे के बाद एक साथ 40 घायलों के सीएचसी पहुंचने से अफरातफरी मच गई। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर और फार्मासिस्ट दयानंद यादव स्वास्थ्यकर्मियों के साथ घायलों के प्राथमिक उपचार में लग गए। तीन घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## लाल इमली चैराहा मार्ग को खोलने की मांग व्यापारियों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने लाल इमली चैराहा से स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग को बंद किए जाने के संबंध में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि यह क्षेत्र की प्रमुख सड़क है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। ज्ञापन में बताया गया कि सड़क पर स्थित पुलिया का निर्माण कार्य पिछले 10 से 12 दिनों से चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान पिछले तीन दिनों से मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिससे आसपास के दुकानदारों के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ग्राहकों का आना-जाना कम हो गया है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने मांग की कि पुलिया निर्माण कार्य जारी रखते हुए सड़क को पूरी तरह बंद न किया जाए। निर्माण कार्य को चरणबद्ध ढंग से कराया जाए, ताकि आम जनता के आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों पर असर न पड़े। ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम, महामंत्री अमित शर्मा, कुंवर बिहारी अग्रवाल, सतीश सिंह, शेरवाज अली, रेहान मिर्जा, विवेक सहगल, महेंद्र कुमार सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



# गोशालाओं की दुर्दशा पर सीवीओ-बीडीओ पर डीएम का हंटर



- सचिव निलंबित, सीवीओ-बीडीओ पर कार्यवाही को डीएम की संस्तुति

**समृद्धि न्यूज**

**शाहजहांपुर।** जनपद में गौशालाओं की दुर्दशा को लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने जनता दरबार से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बीडीओ को निर्देशित कर कहा कि शाम तक हर हाल में गौशालाओं का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने कांट के गोपालपुर ठठियुरा नंदीशाला की अव्यवस्था पर कड़ा बड़ी कार्यवाही करते हुए संबधिता ग्राम विकास अधिकारी कांट शिवानंद सिंह को निलबिंत कर दिया है। साथ ही सीवीओ व बीडीओ कांट के निलबंन को शासन में लिखकर कार्यवाही को अपनी संस्तुति दी है।

डीएम ने कहा कि गौशालाओं की स्थिति अत्यंत खराब होने की शिकायतें मिल रही हैं,जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। मवेशियों को केवल सूखा भूसा खिलाया जा रहा है, जबकि दाना और हरा चारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

कई स्थानों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से पशुओं की मौत की सूचनाएं भी प्राप्त हो रही हैं। डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि गोपालपुर-धाढ़ोरा प्रकरण में बीडीओ एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को संस्तुति भेजी जा चुकी है। मामले में संबंधित सचिव को निलंबित भी कर दिया गया है। उन्होंने सख्त लहजे में अधिकारियों से कहा,स्थिति में तत्काल सुधार करें,अन्यथा किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मवेशियों के साथ खिलवाड़ करने पर सीधा एक्शन लिया जाएगा। उधर डीएम की फटकार के बाद बीडीओ लोग एसी के दफ्तरों से गोशालाओं की धरातल पर स्थिति जानने पहुंचे और यथास्थिति की वीडियोग्राफी व फोटो कराकर डीएम को रिपोर्ट भेजी है।

**सूचना**

मेरा ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम बृजकिशोर (BRAJ KISHOR) अंकित हो गया है। जो गलत है। सही नाम बृजकिशोर (BRIJ KISHOR) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

बृजकिशोर (BRIJ KISHOR)
पुत्र सुखलाल
निवासी 106 सलीलशर्की
पर. व. तह. सदर, शाहजहांपुर।

**संबंध विच्छेद (वापस)**

मैंने अपने पुत्र शालू को दुर्व्यवहार के कारण दिनांक 09.06.2026 को संपत्ति से बेदखल व संबंध विच्छेद कर लिया था, अब पुत्र का आचरण सही हो गया है कहना मानने लगा है। इसलिए बेदखली वापस लेकर संबंध स्थापित कर लिए है।

रशीदशाह
पुत्र रफीकशाह
नि. मिश्रीपुर थाना आरसी मिशन,
शाहजहांपुर।

## उदासीन आश्रम में देव प्रतिमा प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

- धूम धाम से निकली जल कलश यात्रा
- विभिन्न अधिवासन उपरांत 24 जून को होगी अचल प्राण प्रतिष्ठा



**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर के प्राचीन उदासीन आश्रम में पंडित अयोध्या प्रसाद शास्त्री के सानिध्य में विभिन्न देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान मे प्रथम दिवस धूमधाम से जल कलश यात्रा निकाली गई । जिसमें मंगलगण के साथ पीत वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर कलश विराजमान कर चल रही थी। नगर के मोहल्ला मुस्तफाबाद स्थित उदासीन आश्रम के सुरेश मुनि महाराज के आयोजकत्व व ठेकेदार बंधु संजीव कुमार गुप्ता व प्रदीप कुमार गुप्ता के विशेष सहयोग से शनिवार से धार्मिक अनुष्ठान शुरू किया गया। रविवार को शिव परिवार , राम दरबार , श्री राधा कृष्ण , दुर्गा मां , शनिदेव महाराज की प्रतिमाओं का दस विधि स्नान कराया गया। तदोपरांत सभी प्रतिमाओं को अन्न अधिवास कराया गया। अनुष्ठान आचार्य अयोध्या प्रसाद शास्त्री ने बताया कि 22 जून को वेदी पूजन , हवन , गंधाधिवासन , पुष्पाधिवासन , दुग्धाधिवासन व घृताधिवासन होगा । 23 जून को भव्य शोभायात्रा व शैयाधिवासन कराया जाएगा। जबकि 24 जून को सभी देव प्रतिमाओं की अचल प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारा किया जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में गन्ना किसान डिग्री कॉलेज पुवायां की सामान्य निकाय बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गन्ना किसान डिग्री कॉलेज पुवायां की सामान्य निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित वीसी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में गत कार्यवाही की पुष्टि के उपरांत एजेंडा बिंदुओं के क्रम में कृषि स्नातक कक्षाओं के संचालन सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज ने अवगत कराया कि प्रधानाचार्य की नियुक्ति के एक माह पश्चात भी प्रधानाचार्य नियमित रूप से कार्यभार ग्रहण कर महाविद्यालय नहीं आ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सामान्य निकाय के कुछ सदस्य पद रिक्त हैं तथा चयनित कुछ सदस्य बैठकों में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरूआ पट्टी सनायक वि. खं. मदनापुर, शाहजहांपुर**

समस्त पृजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरूआ पट्टी सनायक वि. ख. मदनापुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री पुरस्कार योजनान्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, मौरंग, रेता, बजरी, प्रथम ईट, सरिया आदि क्रय की जानी है जिसमें पांच वाटर कूलर, ओपन जिम, झूले, बाउंड्रीवाल, सवमर्सिवल मुख्य द्वार का कार्य कराया जाना है जिसके लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

प्रधान — आनन्द प्रताप सिंह
सचिव — अजय कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत विरिया मकरंदपुर वि. खं. मदनापुर, शाहजहांपुर**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विरिया मकरंदपुर वि. ख. मदनापुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु विभिन्न फर्म संपर्क कर सकती हैं जिसमें इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, मौरंग, रेता, बजरी, प्रथम ईट, सरिया आदि क्रय की जानी है, जिसकी मोहर मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। 1- धर्मेंद्र सिंह के मकान से धर्मपाल सिंह के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य जाती है।

प्रधान — गड्डी देवी
सचिव — रोहित

## पैदल यात्रियों का हक

जब सुप्रीम कोर्ट यह कहता है कि सुरक्षित और तयशुदा फुटपाथ पर चलना आम व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, तो इसके खास मायने हैं। अदालत उस हकीकत की ओर नीति-नियंताओं का ध्यान दिलाती है, जिसे अब तक भारतीय शहरों के नियोजन में नजरअंदाज किया गया। निश्चित रूप से सड़कों पर पहला हक लोगों का है, बाद में गाड़ियों का। सही मायने में कोर्ट ने पैदल चलने वाले लोगों के अधिकारों को जीवन, आजादी और कहीं भी आने-जाने की गारंटी से जोड़कर सार्थक पहल की है। अदालत ने इस तरह नागरिक जीवन की एक बुनियादी जरूरत को सार्वजनिक जवाबदेही का मुद्दा बना दिया है। यह एक हकीकत है कि देश के करोड़ों भारतीयों के लिये पैदल चलना रोजमर्रा की जरूरत है, न कि जीवनशैली का विकल्प। इनमें तमाम स्कूल जाने वाले बच्चे, बाजार जाने वाले बुजुर्ग, कम दूरी तक आने-जाने वाले कामगार और दिव्यांग लोग शामिल हैं, जिनके लिये सुरक्षित पैदल यात्रा जीवन की एक सुविधा है। यह विडंबना ही है कि अक्सर रेहड़ी-खोमचे वाले, गलत तरीके से सड़कों में खड़ी गाड़ियां और निर्माण कार्य से जुड़ा मलबा पैदल यात्रियों के रास्ते पर अतिक्रमण कर देता है। यही वजह है कि पैदल यात्रियों को व्यस्त सड़कों पर चलने के लिये मजबूर होना पड़ता है। जिससे अकसर उनका जीवन खतरे में पड़ सकता है। कोर्ट ने सख्त शब्दों में कहा है कि गाड़ी चलाने वाले पैदल चलने वाले लोगों के अधिकारों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सही मायने में यह टिप्पणी वाहन केंद्रित शहरी नियोजन की सोच पर सीधे प्रहार करती है। यह विडंबना ही है कि शहरी सड़क परियोजनाओं में ट्रैफिक के प्रवाह को प्राथमिकता दी गई है। वहीं फुटपाथ को गैर जरूरी माना गया है। इसकी ही वजह से अकसर होने वाले सड़क हादसों का शिकार पैदल यात्रियों को होना पड़ता है। इसी दोषपूर्ण नीति के चलते ही लगातार पैदल चलने की जगह सिमटती रही है और सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ती रही है। सड़क परिवहन मंत्रालय की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि सड़क हादसों में इस साल 36,526 पैदल यात्रियों की मौत हुई है। मरने वालों का यह आंकड़ा सड़क दुर्घटना में मरने वाले लोगों की संख्या का 20.26 प्रतिशत है। यही वजह है कि कोर्ट को पैदल चलने वाले लोगों के अधिकार की सुरक्षा के लिये एक कानूनी ढांचा बनाने पर जोर देना पड़ा है। वास्तव में पैदल यात्रियों की रक्षा के लिये कानून तो पहले से ही हैं, मगर ये बिखरे हुए हैं। यदि एक व्यापक कानून बनता है तो फुटपाथ के डिजाइन, यात्रियों की पहुंच, फुटपाथों के रखरखाव और जवाबदेही के लिये मानकों का निर्धारण संभव हो सकेगा। इस संकट के समाधान के लिये नगर निकायों को अतिक्रमण-रोधी नियमों को सख्ती से लागू करना सुनिश्चित करना चाहिए। वास्तव में तभी कोई शहर सचमुच आधुनिक बनता है, जब वह ज्यादा कारों को जगह देने के बजाय हर आम नागरिक को सुरक्षित और सम्मान के साथ चलने की सुविधा प्रदान करता है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने रास्ता दिखा दिया है, अब सरकारों का काम उस पर चलना है।

# विषाक्त ओटीटी का वैचारिक उद्योग : भारत और हिंदू समाज के विरुद्ध चल रहा सांस्कृतिक युद्ध



कैलाश चन्द्र

भारत में मनोरंजन के नाम पर ओटीटी मंचों पर जो सामग्री परोसी जा रही है, उसे केवल रचनात्मक स्वतंत्रता का परिणाम कहकर अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह अब केवल वेब-श्रृंखलाओं, फिल्मों या नई पीढ़ी की पसंद का विषय नहीं रह गया है। अनेक मामलों में यह एक व्यापक सांस्कृतिक और वैचारिक प्रवृत्ति का हिस्सा दिखाई देता है, जिसके माध्यम से भारतीय समाज, उसकी परंपराओं, परिवार संस्था और विशेष रूप से हिंदू सांस्कृतिक प्रतीकों को एक निश्चित दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जा रहा है।

ओटीटी की दुनिया में हिंसा, अश्लीलता, गाली-गलौज, अपराध और सामाजिक विघटन को केवल दिखाया ही नहीं जाता, बल्कि कई बार उन्हें सामान्य और स्वीकार्य जीवन-शैली के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह तर्क दिया जाता है कि समाज में जो कुछ मौजूद है, वही दिखाया जा रहा है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या समाज केवल अपराध, भ्रष्टाचार और विकृत संबंधों से ही बना है? क्या भारतीय जीवन में त्याग, करुणा, आस्था, परिवार, सामाजिक सहयोग, मातृत्व, शौर्य और सांस्कृतिक चेतना जैसी सकारात्मक शक्तियाँ नहीं हैं?

समस्या तब उत्पन्न होती है जब किसी समाज के हजारों रंगों में से बार-बार केवल उसका सबसे अंधकारमय और विकृत पक्ष ही चुना जाए। यह यथार्थ का संतुलित चित्रण नहीं, बल्कि चयनित यथार्थ की प्रस्तुति बन जाता है। अनेक लोकप्रिय श्रृंखलाओं और फिल्मों में भारतीय समाज, विशेषकर ग्रामीण और पारंपरिक समाज को इस प्रकार दिखाया जाता है मानो वहाँ केवल जातीय घृणा, अपराध, पाखंड और दमन ही मौजूद हो।

इस प्रवृत्ति का सबसे चिंताजनक पक्ष यह है कि हिंदू समाज को अक्सर स्थायी दोषी या खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। जाति, पितृसत्ता, धार्मिक पाखंड, सामाजिक हिंसा अथवा नैतिक विघटन जैसे विषयों में नकारात्मक पात्रों का संबंध प्रायः पारंपरिक या धार्मिक पृष्ठभूमि से जोड़ा जाता है। इससे धीरे-धीरे दर्शकों के मन में यह धारणा बन सकती है कि भारतीय परंपरा स्वयं समस्याओं की जड़ है।

यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि समाज की बुराइयों को दिखाना गलत नहीं है। कला और साहित्य का दायित्व ही है कि वे समाज की कमजोरियों पर प्रकाश डालें। किंतु यदि हर कथा का निष्कर्ष यही हो कि धर्म, परिवार, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत मूलतः दमनकारी हैं, तो यह आलोचना से आगे बढ़कर सभ्यतागत अभियोग का रूप ले लेता है।




**भारतीय समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सृजन करना है। यदि एक पक्ष लगातार कथाएँ रच रहा है और दूसरा केवल शिकायत कर रहा है, तो अंततः प्रभाव उसी का होगा जो कथा का निर्माण कर रहा है। इसलिए आवश्यकता है कि भारतीय सभ्यता, लोक-संस्कृति, परिवार, आस्था, नारी-शक्ति, सामाजिक जटिलताओं और ऐतिहासिक अनुभवों पर आधारित उच्च-गुणवत्ता की सामग्री तैयार की जाए। ऐसी सामग्री उपदेशात्मक नहीं, बल्कि कलात्मक, आधुनिक और प्रभावशाली होनी चाहिए। इसके साथ ही मीडिया-साक्षरता को भी बढ़ाना होगा, ताकि दर्शक यह समझ सकें कि किसी कथा में क्या दिखाया जा रहा है और क्या जानबूझकर छोड़ा जा रहा है। प्रस्तुतीकरण, प्रतीकवाद और वैचारिक पूर्वाग्रहों की पहचान करने की क्षमता समाज को अधिक सजग बनाती है। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भारत अपनी कहानी स्वयं कहेगा या उसकी कथा दूसरे लिखेंगे? क्या परंपरा, धर्म, परिवार और सांस्कृतिक विरासत को केवल नकारात्मक दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति ही आधुनिकता का नया मानदंड बन जाएगी? यदि ऐसा होता है तो यह केवल मनोरंजन का विषय नहीं रहेगा, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सभ्यतागत निरंतरता का प्रश्न बन जाएगा, इसलिए समय की माँग स्पष्ट है, सजग दर्शक, उत्तरदायी मंच, वैकल्पिक सृजन और सांस्कृतिक आत्मविश्वास। मनोरंजन के क्षेत्र में चल रहा यह संघर्ष केवल पर्दे पर दिखाई देने वाले दृश्यों का नहीं, बल्कि समाज की स्मृति, पहचान और भविष्य की दिशा का संघर्ष भी है।**

आत्मालोचना किसी भी समाज के विकास के लिए आवश्यक है, लेकिन आत्मालोचना और आत्मद्वेष में स्पष्ट अंतर होता है। पिछले कुछ वर्षों में जब धार्मिक प्रतीकों और आस्थाओं पर सीधे प्रहार करने वाली सामग्री का विरोध हुआ, तब अभिव्यक्ति की शैली में परिवर्तन दिखाई दिया। अब प्रत्यक्ष आक्रमण कम और अप्रत्यक्ष सांस्कृतिक विघटन अधिक दिखाई देता है। परिवार को विषैला, विवाह को बंधन, पुरुषत्व को हिंसक, परंपरा को पिछड़ा और धार्मिकता को पाखंड के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसके विपरीत सामाजिक अराजकता, नैतिक सीमाओं के विघटन और व्यक्तिगत स्वच्छंदता को आधुनिकता और स्वतंत्रता का पर्याय बताया जाता है।

यह समझना आवश्यक है कि सभ्यताओं को केवल युद्धक्षेत्र में नहीं हराया जाता। कई बार उन्हें उनकी अपनी नई पीढ़ी की चेतना में कमजोर कर दिया जाता है। यदि युवाओं को बार-बार यह बताया जाए कि उनकी संस्कृति पिछड़ी हुई है, उनका इतिहास शर्म का विषय है और उनके सामाजिक मूल्य दमनकारी हैं, तो धीरे-धीरे उनका सांस्कृतिक आत्मविश्वास कमजोर होने लगता है। यही कारण है कि मनोरंजन को केवल मनोरंजन मान लेना पर्याप्त नहीं है; वह समाज की सामूहिक चेतना को भी प्रभावित करता है।

ओटीटी मंचों की पहुँच और प्रभाव को देखते हुए यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। पहले मनोरंजन मुख्यतः सिनेमाघरों तक सीमित था, लेकिन अब मोबाइल, टेलीविजन, टैबलेट और लैपटॉप के माध्यम से यह सीधे घरों और व्यक्तिगत जीवन में प्रवेश कर चुका है। बच्चे, किशोर और युवा बड़ी मात्रा में ऐसी सामग्री देख रहे हैं, जो उनके दृष्टिकोण, व्यवहार और सामाजिक मान्यताओं को प्रभावित कर सकती है। एल्गोरिदम आधारित सुझाव प्रणाली इस प्रभाव को और गहरा करती है, क्योंकि दर्शक जो देखता है, उसे उसी प्रकार की और सामग्री दिखाई जाती है।

ओटीटी उद्योग प्रायः अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तर्क देकर आलोचनाओं को खारिज कर देता है। निःसंदेह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण मूल्य है, लेकिन स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। यदि कोई मंच करोड़ों लोगों तक पहुँच रखता है और उनकी मानसिकता, सामाजिक दृष्टिकोण तथा सांस्कृतिक धारणाओं को प्रभावित करता है, तो उससे किसी प्रकार की नैतिक जवाबदेही की अपेक्षा करना अनुचित नहीं है।

समाधान कठोर नियंत्रण या सेंसरशिप में नहीं है। समाधान संतुलन में है। सामग्री का स्पष्ट आयु-वर्गीकरण, प्रभावी शिकायत-निवारण व्यवस्था, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और विविध दृष्टिकोणों को स्थान देना आवश्यक है। यदि अधिकांश लोकप्रिय कथाओं में भारतीय समाज और हिंदू सांस्कृतिक प्रतीकों को एक ही प्रकार के साँचे में प्रस्तुत किया जा रहा है, तो इस प्रवृत्ति पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। भारतीय समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सृजन करना है। यदि एक पक्ष लगातार कथाएँ रच रहा है और दूसरा केवल शिकायत कर रहा है, तो अंततः प्रभाव उसी का होगा जो कथा का निर्माण कर रहा है। इसलिए आवश्यकता है कि भारतीय सभ्यता, लोक-संस्कृति, परिवार, आस्था, नारी-शक्ति, सामाजिक जटिलताओं और ऐतिहासिक अनुभवों पर आधारित उच्च-गुणवत्ता की सामग्री तैयार की जाए। ऐसी सामग्री उपदेशात्मक नहीं, बल्कि कलात्मक, आधुनिक और प्रभावशाली होनी चाहिए। इसके साथ ही मीडिया-साक्षरता को भी बढ़ाना होगा, ताकि दर्शक यह समझ सकें कि किसी कथा में क्या दिखाया जा रहा है और क्या जानबूझकर छोड़ा जा रहा है। प्रस्तुतीकरण, प्रतीकवाद और वैचारिक पूर्वाग्रहों की पहचान करने की क्षमता समाज को अधिक सजग बनाती है। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भारत अपनी कहानी स्वयं कहेगा या उसकी कथा दूसरे लिखेंगे? क्या परंपरा, धर्म, परिवार और सांस्कृतिक विरासत को केवल नकारात्मक दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति ही आधुनिकता का नया मानदंड बन जाएगी? यदि ऐसा होता है तो यह केवल मनोरंजन का विषय नहीं रहेगा, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सभ्यतागत निरंतरता का प्रश्न बन जाएगा, इसलिए समय की माँग स्पष्ट है, सजग दर्शक, उत्तरदायी मंच, वैकल्पिक सृजन और सांस्कृतिक आत्मविश्वास। मनोरंजन के क्षेत्र में चल रहा यह संघर्ष केवल पर्दे पर दिखाई देने वाले दृश्यों का नहीं, बल्कि समाज की स्मृति, पहचान और भविष्य की दिशा का संघर्ष भी है।

*(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं)*

विचार

# यूपी में तन-मन भिगोने जल्द आ रहा है मानसून



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश में गर्मी से परेशान लोगों के लिये जल्द अच्छी खबर आने वाली है। यूपी में मानसून 27 से 30 जून तक पूर्वी-पश्चिमी क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है, जो 5 जुलाई तक पूरे राज्य में पूरी तरह छा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, जून के तीसरे सप्ताह से मानसूनी गतिविधियां तेजी से बढ़ेगी और महीने के अंत तक अधिकांश जिलों में बारिश का दौर शुरू हो सकता है। पिछले वर्षों के ट्रेंड और आईएमडी की भविष्यवाणी के आधार पर, इस बार भी मानसून 27 से 30 जून के बीच राज्य में पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ विचलन के कारण पूर्वी यूपी में पहले और पश्चिमी यूपी में थोड़े बाद में आने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश में मानसून का प्रवेश आमतौर पर दो चरणों में होता है। पूर्वी हिस्सों में मानसून 15 से 20 जून के बीच दस्तक देता है, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में 25 से 27 जून के बीच फैल जाता है। मेरठ, नोएडा और गाजियाबाद जैसे पश्चिमी क्षेत्रों में मानसून 27-30 जून तक आने की संभावना है। इस तरह पूर्वी यूपी में मानसून पहले प्रवेश करेगा और धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में छाएगा। 5 जुलाई तक पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून पूरी तरह छा जाएगा। वर्तमान में (22 जून 2026) देश के ज्यादातर हिस्सों में प्री-मानसून एक्टिविटी है और 23 जून के आसपास मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, उड़ीसा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है।



उत्तर प्रदेश में अधिकतम वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून से प्राप्त होती है, जो जून से सितंबर तक केन्द्रित होती है। राज्य की कुल वर्षा में पहाड़ी क्षेत्रों में वार्षिक औसत 170 सेमी तक हो सकता है, जबकि पश्चिमी क्षेत्रों में 84 सेमी तक रहता है। इस बार भी उम्मीद है कि मानसून जमकर बरसेगा, लेकिन मौसम के तेवरों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बारिश सावधानी भी मांगती है, क्योंकि भीषण गर्मी से राहत मिलने जा रही है, लेकिन तेज बारिश से थोड़ा-बहुत भी हो सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में वर्षा की मात्रा में परिवर्तनशीलता 25 फीसदी से कम, जबकि शेष उत्तर प्रदेश में 25 से 50 फीसदी के बीच रहती है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में वर्षा कहीं कम तो कहीं ज्यादा देखने को मिलती है। राज्य के पूर्वी भाग में पश्चिमी भाग की अपेक्षा अधिक वर्षा होती है। सबसे कम वर्षा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में प्राप्त होती है। यह एक महत्वपूर्ण पैटर्न है, क्योंकि बुंदेलखंड पिछले वर्षों से वर्षा की कमी से परेशान है और इस क्षेत्र में कृषि पर सीधा प्रभाव होता है। पूर्वी यूपी में वर्षा अधिक होने के कारण खेती बेहतर होगी, लेकिन पश्चिमी यूपी में भी पर्याप्त वर्षा की उम्मीद है। मध्य यूपी में वर्षा पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों के बीच के स्तर पर रहने की संभावना है।

बुंदेलखंड क्षेत्र में सबसे कम वर्षा प्राप्त होती है, जो इस क्षेत्र की जल संकट समस्या को बढ़ाती है। यह पैटर्न वर्षों से बना है और दक्षिण-पश्चिम मानसून के मार्ग में इस क्षेत्र की स्थिति के कारण है। बुंदेलखंड में वर्षा की कमी के कारण खेती पर गंभीर प्रभाव होता है और किसानों को संकट का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में जल संरक्षण, बांध निर्माण और सतत कृषि सुधार की भी आवश्यकता बढ़ जाती है। यदि इस बार भी बुंदेलखंड में वर्षा कम होती है, तो सरकार को जल संकट के समाधान के लिए तत्परता दिखानी चाहिए। कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश में वर्षा कृषि पर सीधा प्रभाव डालती है, क्योंकि राज्य भारत का कृषि हृदय है।

पूर्वी यूपी में अधिक वर्षा के कारण खेती बेहतर होगी, लेकिन बुंदेलखंड में वर्षा की कमी खेती को प्रभावित कर सकती है। बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिलने जा रही है, लेकिन मौसम के तेवरों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बारिश सावधानी भी मांगती है, क्योंकि तेज बारिश से बाढ़, भूस्खलन, जलभराव जैसे हालात हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा कृषि उत्पादन पर सीधा प्रभाव डालती है और शहरी क्षेत्रों में जल निकासी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

साहित्य

## पावन धरा पर उठे सवाल...?



संजय एम तराणेकर

राम नाम की ज्योति जली थी, मन में था विश्वास,
सदियों के संघर्ष के बाद, आया था शुभ प्रकाश।
मंदिर की उस पावन धरा पर, उठे अगर सवाल,
वो सत्य स्वयं ही सामने आए, होगा सबका हाल।

जो कभी न गए दर्शन करने, वो भी करते विचार,
राम के नाम पर राजनीति से कैसा यह व्यवहार।
सच छिपेगा कब तक आखिर, समय करेगा बात,
दूध का दूध व पानी का पानी, देगा सही सौगात।

राम भक्ति का पथ है पावन, निर्मल इसका भाव,
लोभ, छल व कपट से बचना, यहीं धर्म ठहराव।
यदि कोई अपराधी होगा, दण्ड उसे मिल जाएगा,
न्याय के सूर्य की किरणों से अंधेरा मिट पाएगा।

राम किसी भी एक के नहीं हैं, सबके हैं भगवान,
उनके चरणों में मिल जाता मानव को सम्मान।
आईए मिलकर सत्य की राहों पर कदम बढ़ाएँ,
हम रामराज्य के आदर्शों को जीवन में अपनाएँ।
(संदर्भ – राम मंदिर चंदा चोरी)



## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय को सकारात्मक दिशा में लगाएं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी परन्तु अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिए व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# भरत एनकाउंटर : देश यहां तक पहुंचा कैसे?

बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले बिलौटी नामक गांव के एक युवा भरत भूषण तिवारी के एनकाउंटर को लेकर देश भर में कुहराम मचा हुआ है। गंगा के बाढ़ से हर साल होते कटाव के कारण होने वाली लोगों की समस्याओं और ऐसे ही जनसरोकार के अन्य मुद्दों को लेकर प्रशासन और सरकार तक जनता की बात पहुंचाने के लिये अपने इलाके में मशहूर यह नवयुवक जिन परिस्थितियों में पुलिस द्वारा कथित एनकाउंटर में मारा गया, उसे लेकर सवाल उठने लाजिमी हैं। पिछले दो दिनों से पूरा देश, विशेषकर दो बड़े हिन्दी भाषी राज्य (बिहार-उत्तर प्रदेश) सुलग उठे हैं। बिहार में तो जगह-जगह सरकार व पुलिस के खिलाफ लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे राज्य सरकार को उसकी उच्चस्तरीय जांच के आदेश देने पड़े हैं। यह एनकाउंटर बेहद संदिग्ध हालत में हुआ है- बावजूद इसके कि उसे लाखों ने सोशल मीडिया पर लाइव देखा। पहले तो पुलिस ने उसे मानसिक रूप से असंतुलित बताया। फिर बड़ी संख्या में उसके गांव व घर को घेर लिया। हालांकि भरत ने अपना पिस्टल सरेंडर के रूप में पुलिस को सौंप दिया था। इसके बाद भी उसे चार गोलियां मारी गयीं। इतना ही नहीं, पुलिस ने उसके परिजनों तथा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखकर उन्हें गिरफ्तार कर दिया। सवाल यह है कि क्या देश में यह पहला एनकाउंटर था जिसे लेकर लोग सुलग उठे हैं। ऐसा बिलकुल नहीं है। 2014 में केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीन बार बनी सरकारों की इसे देन कहा जा सकता है। घोषणापत्र में किये गये वादे पूरे हों या नहीं, कुछ होने पर उसकी जवाबदेही किसकी हो- यह तय करने की जहमत उठाने की जरूरत नहीं तथा उपलब्धि के नाम पर आधारहीन आंकड़े और विपक्ष को गालियां देकर यदि सत्ता में बने रहा जा सकता है तो मोदी एवं उनकी भाजपा के लिये कोई जरूरत ही नहीं रह जाती कि वे उम्दा प्रदर्शन करें तथा सकारात्मक नतीजे दें जो लोगों के जीवन में सुधार लाएं। जिन राज्यों में भाजपा की कथित डबल इंजिन की सरकारें हैं वहां विकास के नाम पर तो कुछ खास उपलब्धियां नहीं दिखलाई पड़तीं, उल्टे नुकसान यह हुआ है कि सरकार के विरूद्ध आवाज उठाने की गुंजाइशें बन्द हो गयी हैं।

ऐसे राज्यों की बदहाली, अराजकता और हिंसा के खिलाफकहीं भी शिकायत नहीं होती। एक राज्य खोने के डर से केन्द्र ऐसे राज्यों के कुशासन को और प्रश्रय और बढ़ावा देता है। इन 12 वर्षों में अब सरकार को जनअसंतोष की चिंता करने की जरूरत नहीं रह गयी है क्योंकि अब भाजपा के पास चुनाव जीतने की मुकम्मल व्यवस्था है- फिर कोई उसे वोट दे या नहीं। हर राज्य में एसआईआर के जरिये भाजपा ने अपनी जनता चुन ली है। विरोधी वोट काट दिये गये हैं और समर्थक मतदाताओं को बनाये रखा गया है। यह हेरा-फेरी इतने बड़े पैमाने पर की गयी है कि उसके असर से विरोधी दलों के लिये सत्ता को हराना बहुत आसान हो गया है। भाजपा की चुनावों में एंट्री बढ़त के साथ होती है, जिसकी भरपायी में ही गैर-भाजपायी दलों को अपने काफी कम संसाधनों को झोंक देना पड़ता है। बिहार एवं पश्चिम बंगाल में जो कुछ हुआ वह तो झांकी है। यह पैटर्न उन सभी राज्यों में अपनाया जायेगा जहां चुनाव होने वाले हैं या होंगे। इस सबके चलते हिन्दुस्तान का बड़ा हिस्सा इस हिंसा और अपराध के जातिकरण के शिखर पर जा पहुंचा है। बड़ी तादाद में हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा इसी जातीय अहंकार और हिंसा के इर्द-गिर्द विकसित हुई है। हिन्दू राष्ट्र में ऐसा नहीं कि केवल अल्पसंख्यक, दलित ओबीसी, आदिवासी ही मारे जायेंगे या प्रताड़ित होंगे- स्वयं सवर्ण हिन्दू इस हिंसक विचारधारा की जद में आ चुके हैं।

उसे सुरक्षित रहने के लिये अब इतना ही पर्याप्त नहीं रह गया है कि वह भाजपा का वोटर हो। यदि वह सत्ता से सवाल करेगा तो उसे भाजपा या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता होने से कोई छूट नहीं मिल जायेगी। अब तक अन्य जातियों एवं सम्प्रदायों के एनकाउंटर, उनकी मॉब लिंचिंग तथा उनके घरों पर बुलडोजर चलता देखकर खुश होने वाले सवर्ण आज चाहे आंसू बहा रहे हों परन्तु इस सड़क पर न्याय के खिलाफआवाजें उठाने वाले काफी पहले से लोगों तथा सरकारों को चेता रहे थे कि यह रास्ता बर्बादी की ओर जाता है। तब ऐसे लोगों को देशद्रोही, हिन्दूविरोधी, पाक-परस्त आदि न जाने क्या-क्या कहा जाता था। अंततः वह दिन आ ही गया कि जो कार्यपालिका को न्यायिक अधिकार सौंपने के हो सकते हैं। देश ने कई जघन्य एनकाउंटर देखे हैं परन्तु वे अतिविशिष्ट परिस्थितियों में हुए हैं। उन पर सरकारों ने और कार्ट ने संज्ञान लिया है और यथासम्भव पीड़ितों को न्याय दिलाने की कोशिश की। बहुत सम्भव है कि उनमें से कुछ प्रयत्न नाकाम भी हुए होंगे लेकिन पिछली सरकारों की कोशिशों पर उंगली नहीं उठाई जा सकती।

2014 की भाजपा सरकार हिन्दू-मुस्लिम विभाजन और जातीय संघर्ष का एजेंडा लेकर आई थी तथा उसे सफलता भी मिली थी। उसी का इस्तेमाल 2019 तथा 2024 के लोकसभा चुनावों में किया गया। बची-खुची कमी एसआईआर, ईवीएम, चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये तथा केन्द्रीय जांच एजेंसियों ने पूरी कर दी। वैसे भी जब शासक की जीत सुनिश्चित हो तो सरकारों को सुशासन और खुशहाली से कुछ लेना-देना नहीं रह जाता। कहें तो जरूरत ही नहीं रह जाती। इस एक दशक में हथियारों के प्रति वीभत्स अनुराग पैदा कर दिया गया है। शक्तिशाली लोग इसका इस्तेमाल कमजोरों और निहत्थों को दबाने में कर रहे हैं। पुलिस को संविधान के ऊपर उठकर काम करने की छूट दी गयी। भाजपा समर्थित लोग शक्ति का खुलकर उपयोग कमजोरों के साथ-साथ सरकार से प्रश्न करने वालों के विरूद्ध कर रहे हैं। अनेक एनकाउंटर निहत्थे लोगों पर किये गये। फिर चाहे वह व्यक्तिगत हो या समूह के तौर पर। भरत भूषण को न्याय शायद ही मिले।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### आर्मी में चयनित 12 युवाओं का हुआ सम्मान



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** बड़नपुर चौराहा में एफसीआई ट्रेनिंग सेंटर, तपस्वी नगर द्वारा आर्मी में चयनित 12 युवाओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोच कुलदीप कुमार, संरक्षक इंजीनियर अनुरुद्ध मौर्य एवं सूबेदार अनिरुद्ध सर के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर 2 युवाओं के कमांडो तथा 10 युवाओं के भारतीय सेना में चयन होने पर उन्हें माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रदेव मौर्य, कन्हैयालाल मौर्य, शिवम सोनी, हरिकेश मौर्य, कुमार शेखर, रुद्रपाल सिंह एवं जागेश्वर फौजी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने चयनित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कोच कुलदीप पाल ने बताया कि उनके ट्रेनिंग सेंटर से पिछले दो वर्षों में 45 युवाओं का भारतीय सेना में चयन हो चुका है।

### जगनेवा गांव में शराब ठेका खोलने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**जालौन (उरई)।** ग्राम जगनेवा में हाल ही में खोली गई शराब की दुकान का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान आबादी क्षेत्र के काफी निकट संचालित की जा रही है, जिससे गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है। तहसील क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी कासिम जाटव एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में हाल ही में आबादी के निकट पानी की टंकी के पास शराब की दुकान खोली गई है। यहां पास में ही सामुदायिक शौचालय है और शाम के समय गांव के टंकी के पास मैदान में खेलने के लिए जाते हैं। आबादी के निकट शराब की दुकान खुलने से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने की आशंका है तथा सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। वहीं, आबादी क्षेत्र के नजदीक होने के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि आबादी के निकट खोली गई शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए ताकि गांव का माहौल खराब न हो।

### मिष्ठान विक्रेता दुग्ध उत्पादों पर नहीं डाल रहे निर्माण की तिथि

**जालौन (उरई)।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों पर निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम अवधि अंकित करना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद नगर के अधिकांश मिठाई प्रतिष्ठानों, होटलों और रेस्टोरेंटों में इस नियम का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार दूध से तैयार उत्पादों और खुली मिठाइयों को बिक्री के लिए प्रदर्शित करते समय उन पर निर्माण तिथि और उपभोग की अंतिम तिथि स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को ताजा और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है। नगर निवासी मनीष परिहार, रुद्र कुमार, प्रखर श्रीवास्तव ध्रुव साहू आदि ने बताया कि नियम लागू होने के शुरुआती दिनों में कुछ दुकानदारों ने मिठाइयों की ट्रे पर निर्माण तिथि और उपयोग अवधि लिखना शुरू किया था, लेकिन समय बीतने के साथ अधिकांश दुकानों से यह व्यवस्था गायब हो गई। वर्तमान में कई प्रतिष्ठानों पर बिना किसी जानकारी के मिठाइयां और दुग्ध उत्पाद बेचे जा रहे हैं। गर्मी के मौसम में खाद्य पदार्थ जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। ऐसे में बिना तिथि अंकित किए खाद्य सामग्री की बिक्री उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए खतरा हो सकती है। नगर के लोगों ने डीएम से इस मामले में जांच कराते हुए नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### आधार कार्ड में तहसील का गलत नाम अंकित होने की डीएम से शिकायत

**जालौन (उरई)।** आधार कार्ड में तहसील का नाम गलत अंकित होने की समस्या को लेकर नगरवासी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि डाकघर एवं अन्य आधार नामांकन केंद्रों के माध्यम से नगर में आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। जालौन नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बनाए जा रहे आधार कार्डों में तहसील जालौन के स्थान पर माधौगढ़ अंकित होकर आ रहा है, जिससे लोगों को विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आधार कार्डों में यह त्रुटि लगातार आ रही है। आशंका जताई कि यह समस्या संबंधित सॉफ्टवेयर या डेटा प्रणाली में गड़बड़ी के कारण उत्पन्न हो रही है। इसके चलते अब तक बड़ी संख्या में नागरिकों के आधार कार्ड प्रभावित हो चुके हैं। आधार कार्ड में तहसील का नाम गलत होने से पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, यूडीआईडी कार्ड, बैंकिंग कार्यों तथा अन्य दस्तावेजों के सत्यापन में दिक्कतें आ सकती हैं। कई बार दस्तावेजों में दर्ज पते और आधार कार्ड की जानकारी में अंतर होने के कारण सत्यापन प्रक्रिया प्रभावित होती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि संबंधित विभाग के माध्यम से इस समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर सॉफ्टवेयर में मौजूद त्रुटि को दूर कराया जाए, ताकि आधार कार्ड में तहसील जालौन का नाम सही रूप से दर्ज हो सके। साथ ही जिन लोगों के आधार कार्ड में पहले से यह गलती हो चुकी है, उनके अभिलेखों का भी शीघ्र संशोधन कराया जाए।

### सफाई कर्मी से मारपीट के विरोध में कोतवाली के बाहर लगाया जाम

**उरई (जालौन)।** नगर पालिका परिषद उरई के सफाई कर्मी संतोष के साथ सोमवार सुबह वार्ड नंबर 13 में कूड़ा संग्रहण के दौरान कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया। घटना से आक्रोशित नगर पालिका के अन्य सफाई कर्मचारी एकजुट होकर उरई कोतवाली पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने अपनी कूड़ा एकत्रित करने वाली गाड़ियों को कोतवाली के बाहर खड़ा कर दिया, जिससे सड़क पर यातायात प्रभावित हो गया और जाम की स्थिति बन गई। सफाई कर्मचारियों ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों से बातचीत कर उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद कर्मचारियों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया और गाड़ियों को हटाकर जाम खोल दिया। इसके बाद यातायात व्यवस्था पुनः सुचारू रूप से संचालित होने लगी।

# हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक की मौत, चार बाराती घायल

- घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी घटना स्थल पहुंचे

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**



गाजीपुर थाना क्षेत्र के अहिरन डेरा मजरे लमेहटा में द्वार चाल के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक की मौत चार लोग घायल, सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल भेजा, एसपी, एडिशनल एसपी, सीओ सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली दोस्त के भांजी की शादी समारोह में शामिल होने आया थे मृतक, व आरोपी थाना क्षेत्र के अहिरन डेरा मजरे लमेहटा में रविवार शाम कल्लू की भांजी प्रियंका की शादी जितेंद्र सिंह पुत्र धनराज निवासी देवान का पुरवा की बरात आई थी नास्ता पानी के बाद अगवाई की होने लगी जब दुल्हा दरवाजे पर पहुंचा तो द्वार चाल के दरौन पप्पू तिवारी निवासी जमोह मजरे लमेहटा शराब के नशे में धुत्त कुर्सी पर बैठा था और तिलक रस्म के दरौन अपनी सिंगल बैरल लाइसेंसी बंदूक से फायर करने लगा जो नाल ओपर को नहीं कर सका और सीधे सीधे फायर हो गई जिसमें धीराज निषाद निवासी औगासी थाना मरका जनपद बांदा, कामता रैदास निवासी लमेहटा, व बराती हरिपाल, राहुल, जगतपाल निवासी देवान का पुरवा घायल हो गए जहां अफरा तफरी मच गई इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस के आला अधिकारी एसपी, एडिशनल एसपी,सी ओ सहित भारी पुलिस बल पहुंच घटना की जानकारी ली और सभी घायलों को गाजीपुर सी एच सी अस्पताल भेजा जहां डाक्टर ने धीराज निषाद 55 वर्ष को मृत घोषित करते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जहां शान्त पूर्वक गमगीन माहौल में शादी की सारी रस्में पूरी की गई है प्रियंका के माता-पिता निवासी भोलापुर थाना हुसैन गंज की बचपन में ही मौत हो गई थी जिसके बाद मामा कल्लू निवासी अहिरन डेरा मजरे लमेहटा ने बताया कि 15 साल पहले मेरी बहन गम्भीर बीमारी से मौत हो गई थी और फिर चार साल बाद मेरे बहनोई की भी गम्भीर बीमारी के चलते मौत हो गई थी जिनके एक बेटा व एक बेटी थी जिसमें गरीबी की स्थिति में कोई देख रेख न होने की वजह से मैं भांजी प्रियंका को अपने यहां ले आया था और एक भांजा है जो वहीं अपने गांव में रहता है। वहीं पोस्ट मार्टम हाउस में प्रियंका का मामा कल्लू यादव ने बताया कि राजेन्द्र तिवारी उर्फ कल्लू तिवारी जो दबंग किस्म का है आये दिन अपने लाइसेन्सी बंदूक से लोगो के अन्दर दहसत का महौल व्याप्त करता है। उसने यह भी आरोप लगाया कि जब राजेन्द्र तिवारी को मना किया गया तो उसने सीधा धीरज को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं साथ में आये अन्य बाराती भी घायल हो गये।

## अवैध खनन-ओवरलोडिंग पर डीएम व एसपी सख्त अलग अलग थानों में बनाए गए पांच चेक पोस्ट

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** जिले में अवैधखनन परिवहन और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त आदेश जारी किया है। आदेश के तहत 21 जून से 30 जून 2026 तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से अगले दिन सुबह 8 बजे तक सभी तहसीलों में बनाए गए 5 चेकपोस्ट पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टास्क फोर्स 24 घंटे तैनात रहेगी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना ललौली, थाना गाजीपुर, जोनिहा चौकी, थाना असोथर के पास और विजयीपुर चौकी सहित प्रमुख स्थानों राजस्व निरीक्षक, पुलिस, ग्राम विकास अधिकारी समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी 8-8 घंटे की शिफ्ट में लगाई है। प्रत्येक चेक पोस्ट पर हर शिफ्ट के अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति हर 2 घंटे पर कंट्रोल रूम को व्हाट्सएप और ई-मेल से भेजना अनिवार्य किया गया है। आदेश में साफकहा गया है कि चेकिंग के दौरान अवैध खनन सामग्री, ओवरलोड वाहन या संदिग्ध गतिविधि को न रोकने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई होगी। ओवरलोड वाहनों पर सरकारी संपत्ति की चोरी मानते हुए आईपीसी और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा। साथ ही ऐसे वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त और पंजीकरण निलंबित करने की कार्रवाई भी होगी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ड्यूटी पर तैनात रहें और प्रतिस्थानी के आने तक अपना स्थान न छोड़ें। संबंधित थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्र में आने वाले चेक पोस्ट पर 4 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

## थाना प्रभारी की कार्रवाई से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप

**समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी/महोबा।** थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह के चार्ज गृहण करने के बाद जिस तरह से अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ नकेल कसी जा रही है उससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है ।

बता दें कि थाना पनवाड़ी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों से अवैध खनन को लेकर आये दिन मामले सुर्खियां बने रहते हैं जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन द्वारा भी समय-समय पर अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी खनन माफिया मौके का फायदा उठाते हुए अवैध खनन कर पर्यावरण को क्षति पहुंचा ही रहे हैं , वहीं दूसरी ओर सरकार के राजस्व को भी चूना लगाने में लगे रहते हैं। नवागंतुक थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने चार्ज लेने के बाद जिस तरह से अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ छापा मार कार्यवाही की जा रही है उससे अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है । अब देखना यह है कि थाना प्रभारी द्वारा की जा रही अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कहां तक सफल होती है।

## भाकियू अराजनैतिक ने पन्द्रह सूत्रीय मांगों का दिया ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**



भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस दौरान अंश निर्धारण के सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किए जाने की मांग की गई तथा किसानों को अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने जाने की मांग की गई। फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। डीएपी यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नकली कीटनाशक नकली बीज एवं मिलावटी उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की गई। सभी फसलों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करते हुए एमएसपी पर सरकारी खरीद की गारंटी दिए जाने की मांग की।

आवारा एवं निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थाई समाधान किए जाने की मांग की गई सहित 15 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। जिसमें जिला महासचिव प्रीतम सिंह, दीपक गुप्ता, अंकित सिंह चौहान,सुखी राम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने जनपद के थाना क्षेत्रों में चलाया बैंक चेकिंग अभियान

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।




अभियान के दौरान जनपद पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

## पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम व बरामदगी/गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष श्रीगनर द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक संदीप विमल मय उपनिरीक्षक कन्हैयालाल पटेल व हमराह रि0का0 नीरज गुप्ता द्वारा 1 नफर अभियुक्त गनेशी अहिरवार पुत्र ग्यासी अहिरवार उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम रेखा थाना लवकुश नगर जनपद छतरपुर (म0प्र0) को कुंजर कबूतरा डेरा तिराहा ग्राम बिलरही थाना श्रीनगर जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद पीले झोले में 50 क्वार्टर देशी शराब ब्राण्ड झूम नाजायज बरामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना श्रीनगर महोबा में अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 105/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

## विद्युत पोल पर पेड़ की टूटी डाल फंसने से हादसे की संभावना बनी

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** मोहल्ला नया भवानीराम स्थित नहर कोठी रोड पर मंदिर वाली गली में बिजली के खंभे पर पेड़ की टूटी हुई डाल फंस जाने से लोगों में हादसे की आशंका बनी हुई है। मोहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग से जल्द डाल हटवाने की मांग की है।



मोहल्ले के राजेंद्र, अनिल, राजेश आदि ने बताया कि मंदिर वाली गली में स्थित एक बिजली के खंभे और किबजली की लाइन पर पेड़ की टूटी हुई डाल आकर फंस गई है। कुछ दिनों यह डाल खंभे और तारों पर टिकी हुई है, जिससे कभी भी नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात और तेज हवा के दौरान डाल के गिरने से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो सकती है और आसपास रहने वाले लोगों को भी खतरा हो सकता है। बताया कि गली से लोगों का लगातार आवागमन बना रहता है। ऐसे में यदि डाल अचानक टूटकर गिरती है तो दुर्घटना होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को देखते हुए पेड़ की फंसी हुई डाल को जल्द हटवाया जाए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके।

## रास्ते में कार रोककर मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** थाना रेढर क्षेत्र में रास्ते में कार रोककर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रेढ़र निवासी दिलीप सिंह पुत्र शिवराज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 20 जून 2026 की शाम करीब 8 बजे ओझा, भिंड से अपने पुत्र केहरी सिंह और भतीजे अभिषेक पुत्र अजयपाल सिंह के साथ कार संख्या एमपी 07 जेड 5635 से वापस घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में ग्राम रेढर निवासी रिषभ उर्फ गोदू पुत्र राजेश पाण्डेय, ध्रुव पुत्र राजीव उर्फ खिलौने पाण्डेय, अंश पुत्र बंटी पाण्डेय और राहुल पुत्र रविन्द्र पाण्डेय ने उनकी कार रोक ली और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों आरोपियों ने एक राय होकर उनके साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी सोने की चेन और घड़ी कहीं गिर गई। साथ ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना रेढ़र पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3(5), 126(2), 115(2), 352 और 351(2) के तहत अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच एवं अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर गाली-गलौज व लाठी से हमला

**माधौगढ़ (जालौन)।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुरा में घर के अंदर घुसकर गाली-गलौज करने और लाठी से हमला कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मानपुरा निवासी विक्रम सिंह उर्फ महेंद्र पाल हर विजय ने रेंढ़र थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 जून 2026 को वह अपने घर के अंदर बैठा था। तभी गांव का ही मलखान कुशवाह पुत्र बाबूराम कुशवाह उसके घर में घुस आया और गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ में ली लाठी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई।

## यमुना तटीय क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा परियोजना का डीएम ने किया निरीक्षण

- 6.87 करोड़ रुपये की परियोजना पर कार्य प्रगति पर
- गुढ़ा, हिम्मतपुर व शिवगंज क्षेत्र को कटान और बाढ़ से होगा बचाव

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने यमुना नदी के दायें किनारे स्थित ग्राम समूह गुढ़ा, हिम्मतपुर एवं शिवगंज को बाढ़ एवं कटान से सुरक्षित करने हेतु संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा तकनीकी मानकों का गहन परीक्षण करते हुए



संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि लगभग 687.56 लाख की लागत से संचालित इस महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत यमुना नदी के कटान प्रभावित क्षेत्र में 220 मीटर लंबाई में स्टोन बोल्डर से लांचिंग एप्रन तथा स्टोन पिचिंग के माध्यम से तट संरक्षण कार्य कराया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य बाढ़ के दौरान होने वाले तीव्र कटान को रोकना तथा नदी तटवर्ती आबादी एवं कृषि भूमि को सुरक्षित करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि यमुना नदी के किनारे बसे गांवों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। विगत वर्षों में बाढ़ एवं कटान से प्रभावित क्षेत्रों को स्थायी राहत प्रदान करने के लिए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण प्रत्येक कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप ही संपादित किया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के बाद लगभग 818.92 हेक्टेयर कृषि भूमि, 105 ग्रामीण आवास तथा लगभग 2950 की आबादी को बाढ़ एवं कटान के खतरे से महत्वपूर्ण सुरक्षा प्राप्त होगी। इससे न केवल किसानों की आजीविका सुरक्षित होगी, बल्कि क्षेत्र के लोगों में भी सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत होगी।

### बेटी से दुष्कर्म का आरोप पीड़िता की मां ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक जालौन को शिकायती पत्र देकर गांव के ही एक युवक पर उसकी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई तथा मेडिकल परीक्षण कराए जाने की मांग की है। कोतवाली उरई क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बड़ी पुत्री बेटी को बीते 21 अप्रैल 2026 को गांव का विशाल यादव पुत्र बबलू बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था।

## प्रत्येक शिकायत का निस्तारण कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना।

इस दौरान राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, पेंशन, आवास, राशन, सड़क, जलापूर्ति तथा अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही वास्तविक निस्तारण का आधार है, इसलिए अधिकारी प्रकरणों की स्वयं समीक्षा करें और निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि



जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनावश्यक विलंब या शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान किए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील प्रकरणों में तत्काल मौके पर टीम भेजकर तथ्यात्मक जांच कराई जाए और पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए।

# विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।





नगर के मोहल्ला ग्रेसीगंज में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या या जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत बता रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला बिरतिया ऊंचा निवासी हनीफ की पुत्री रूबी का विवाह लगभग 12 वर्ष पूर्व ग्रेसीगंज निवासी आरिफ सिद्दीकी के साथ हुआ था। परिजनों का आरोप है कि शादी के शुरुआती दो-तीन वर्षों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करने लगे। आए दिन मारपीट और उत्पीड़न की घटनाएं होती थीं, जिन्हें कई बार समझौते के जरिए शांत कराया गया। मृतका की मां रहीसा बेगम के अनुसार रविवार देर शाम रूबी ने फोन कर बताया था कि उसके साथ मारपीट की जा रही है और उसे वहां से ले जाया जाए। इसके बाद परिवारजन रात करीब एक बजे उसके घर पहुंचे, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। जानकारी करने पर पता चला कि रूबी को अस्पताल ले जाया गया है। जब परिजन सौ शैया अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि रूवी की मारपीट कर गला दबाकर हत्या की गई है। उनका कहना है कि मृतका के कपड़े फटे हुए थे और शरीर पर चोट के निशान भी दिखाई दे रहे थे। वहीं ससुराली जनों का कहना है कि रात करीब 11:30 पर रूवी अपनी पुत्री एमन के लिए दूध गर्म करने उठी और बच्ची को दूध देने के बाद अचानक जमीन पर गिर पड़ी, आनन फानन में उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। ससुराल पक्ष का दावा है कि रूवी ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। मृतका अपने पीछे तीन पुत्रों 10 वर्षीय एजान, 8 वर्षीय रेहान, 6 वर्षीय अलकैफ सहित 5 माह की मासूम पुत्री एमन को रोता बिलखता छोड़ गई। हालांकि बच्चों को लेकर ससुराल पक्ष फरार बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

**जानकारी पाकर अस्पताल पहुंचे उमर फारूक बंटी**

छिबरामऊ। घटना की जानकारी होते हैं सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी की तरफ पहुंचे समाजवादी पार्टी से पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी एवं समाजसेवी उमर फारूक उर्फ बंटी ने मृतका के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिलाया। साथ ही उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सरकार की उपलब्धियां घर-घर पहुंचने की बनाई रणनीति

**तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की रणनीति पर की गई विस्तार से चर्चा**

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



विशुनगढ़ रोड स्थित भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी के आवास पर आयोजित बैठक में अगले विधानसभा चुनाव में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। विपिन द्विवेदी ने बताया कि सरकार की उपलब्धियों को पत्रक में समाहित किया गया है। यह पत्रक विधानसभा क्षेत्र के हर घर तक पहुंचाए जाएंगे, जिससे लोगों को सरकार के कार्यों की बेहतर जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जन-जन तक सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का संदेश पहुंचाएंगे। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष नीलू मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर विकास की बात करें।

बैठक में परशुराम देवल, सौरभ सैनी, श्याम तिवारी, रिंकू दीक्षित, सोनू, विनीत दुबे, सुशांभ शुक्ला, संजीव राजपूत, दिलीप राजपूत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ईमानदारी की मिसाल**

# मंदिर में खोया 40 हजार का सोने का पेंडल लौटाया

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिघौली के माधौनगर स्थित प्राचीन मां आनंदी देवी मंदिर में ईमानदारी की अनुपम मिसाल देखने को मिली। मलिकपुर गांव निवासी अर्चना 19 जून को अपने भतीजे के मुंडन संस्कार में शामिल होने मंदिर पहुंची थीं। पूजा के दौरान भीड़भाड़ में उनका करीब 40 हजार रुपये मूल्य का सोने का पेंडल गिर गया। काफी खोजबीन के बावजूद पेंडल नहीं मिला। अगले दिन मंदिर की साफ-सफाई के दौरान पुजारी किशनलाल को पेंडल मिला। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना श्री आनंदी देवी सेवा समिति के सचिव कृष्ण सैनी को दी। सचिव ने अर्चना से संपर्क कर 21 जून को उन्हें मंदिर बुलाया। मंदिर परिसर में समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में अर्चना को उनका सोने का पेंडल सकुशल लौटा दिया गया। इस घटना ने मंदिर की साख को और बढ़ाया है तथा ईमानदारी का अनूठा उदाहरण पेश किया है।

## न्यायालय से गैर जमानती वारंट के बाद फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज।** विभिन्न मुकदमों में न्यायालय में लगातार अनुपस्थित रहने और पैरवी नहीं करने के मामले में संबंधित न्यायालय द्वारा जारी किए गए गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि, न्यायालय द्वारा जारी किए गए गैर जमानती वारंट और जिले के एसपी विनोद कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत तिर्वा कोतवाली पुलिस ने सोमवार को तीन फरार आरोपियों जिनमें वीरेंद्र पुत्र सोनेलाल निवासी गांव भुनियापुर, अरविंद पुत्र नरेश निवासी गांव प्रतापपुर तिर्वा, अखिलेश उर्फ रामजी पुत्र विष्णुदयाल निवासी गांव दानेहार तिर्वा को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि, उपरोक्त तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा और आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# कालिका देवी मंदिर के पास नलकूप के लिए जमीन का हुआ सर्वे



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सौरिख रोड पर मां कालिका देवी मंदिर के पास स्थित अटल भवन परिसर में लखनऊ से आई टीम ने नलकूप के लिए जमीन का सर्वे किया। उपकरणों के माध्यम से जमीन के अंदर की स्थिति का डाटा जुटाया। डाटा के आंकलन के बाद चिह्नित जमीन पर नलकूप स्थापित होने लायक स्थिति में है या नहीं, इसके लिए एक-दो दिन में रिपोर्ट तैयार कर नगर पालिका परिषद को भेज दी जाएगी। ग्राउंड वॉटर इन्वेस्टिगेशन सेंटर टीम के भूगर्भ वैज्ञानिक एके सिंह के निर्देश पर फील्ड सहायक जेपी वर्मा ने अटल भवन पहुंचकर जमीन का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि एकत्रित किए गए डाटा के आधार पर ज़मीन के अंदर गहराई तक मिट्टी, बालू, मौरंग और स्टेटा का आंकलन किया जाएगा। साथ ही रिपोर्ट में यह स्थिति स्पष्ट हो जाएगी जाएगी कि चिन्हित स्थान पर कितनी मात्रा में पानी है। सर्वे के दौरान सभासद सुशील पांडेय एडवोकेट समेत सराफान व दीक्षित के कई लोग मौजूद रहे।

मालूम हो कि मां कालिका देवी मंदिर के सामने बने ओवरहेड टैंक को भरने के लिए दो नलकूप स्थापित किए गए थे। इनमें मोहल्ला भैनपुरा में स्थापित नलकूप संख्या 12 पूरी तरह से फेल हो चुका है, जिससे ओवरहेड टैंक पूरी तरह से नहीं भर पा रहा है। ऐसे में इस ओवरहेड टैंक से जुड़े मोहल्ला भैनपुरा, सराफान, नई बस्ती, बजरिया, रोडवेज बस स्टैंड समेत आसपास के अन्य मोहल्लों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने. बताया कि अंडरग्राउंड वॉटर सर्वे की रिपोर्ट उपलब्ध होते ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

## प्रसिद्ध समाजसेवी एवं मोटर यूनियन अध्यक्ष दिवाकर गुप्ता का निधन, श्रद्धांजलि में दलिव सीमाएं टूटी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला बुद्ध कूंचा निवासी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के छोटे भाई एवं समाजसेवी दिवाकर गुप्ता उर्फ देवू (64) का रविवार शाम को अकस्मात निधन हो गया। विशुनगढ़ छिबरामऊ घटियाघाट (फर्रुखाबाद) नेशनल मोटर यूनियन के अध्यक्ष रहे दिवाकर गुप्ता के निधन की खबर से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। दिवाकर गुप्ता सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहते थे और मोटर यूनियन के माध्यम से परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों की समस्याओं का समाधान करते थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे छिबरामऊ क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन पर अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर शहर के गोविंद गेस्ट हाउस में रखा गया, जहां राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यापारिक क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ से गेस्ट हाउस में दलीय सीमाएं टूटती दिखीं। ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पांडेय, पूर्व कांग्रेस विधायक संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे, बाबा राम प्रकाश यादव, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, गल्ला आलू व्यापारी संघ अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी, पूर्व अध्यक्ष पीयूष गुप्ता प्रीतू, प्रभाकर गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, दीपू चौहान सहित जनपद के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं अधिवक्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबरें एक नजर में

### शिविर कार्यालय में क्रांतिकारी गणेश घोष की जयंती मनाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी गणेश घोष की 125वीं जयंती आज मोहल्ला रामगंज स्थित शिविर कार्यालय में श्रद्धा भाव से मनाई गई। गणेश घोष का जन्म 22 जून 1900 को हुआ था। वे चटगांव शस्त्रागार लूट कांड के प्रमुख क्रांतिकारियों में शामिल थे।। विजय मिश्र ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में 196, छिबरामऊ, पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कन्नौज विजय मिश्र ने गणेश घोष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विजय मिश्र ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी गणेश घोष जी को उनकी जयंती पर शत-शत् नमन। उनका त्याग और देशभक्ति की भावना आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही हम देश को मजबूत बना सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### पत्नी को बुलाने की जिद में पानी की टंकी पर चढ़ा युवक



**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के मढ़ईपुरवा गांव में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक निर्माणाधीन पानी की टंकी पर चढ़ गया और आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक को सकुशल नीचे उतार लिया। पुलिस के अनुसार यूपी-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि मढ़ईपुरवा स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी पर एक व्यक्ति चढ़कर हंगामा कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि युवक अफरोज (31) पुत्र स्वर्गीय जलालुद्दीन निवासी मढ़ईपुरवा है। वह शराब पीने का आदी है और पारिवारिक विवाद के चलते उसकी पत्नी अपने मायके गुरसहायगंज में रह रही है। बताया गया कि पत्नी के वापस घर न आने से नाराज अफरोज शराब के नशे में टंकी पर चढ़ गया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए पत्नी को बुलाने की मांग करने लगा। साथ ही उसने पत्नी के वापस न आने पर टंकी से कूदकर जान देने की धमकी भी दी। पुलिसकर्मियों ने काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। पुलिस का कहना है कि युवक के इस कृत्य से लोक शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। इसके चलते अफरोज को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

### पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं बेटी के परिजन

**कन्नौज।** एक युवती को बहला फुसलाकर कर गांव से ले जाने के बाद उसके साथ तीन दिनों तक कथित दुष्कर्म करने वाला आरोपी युवक खुलेआम घूम रहा है,और उस पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। यह कहना है न्याय की आस में भटक रहे पीड़ित परिवार का। पीड़ित परिवार का आरोप है कि, उनकी बेटी के साथ अमानवीय हरकत करने वाले आरोपी के खिलाफ जब उन्होंने कार्यवाही चाही तो उनसे उनकी अशिक्षा के कारण गुमराह कर आरोपी के पक्ष में बयान दिलवा दिए गए जिससे वह संतुष्ट नहीं। बताते चलें कि, जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव का पूरा मामला सामने आया है। यहां के रहने वाले एक परिवार के मुताबिक उनकी बेटी के साथ गांव के ही रहने वाले एक युवक ने भगा ले जाने के बाद तीन दिनों तक दुष्कर्म (कथित) किया। जब पीड़ित परिवार ने आरोपी युवक पर कार्यवाही चाही तो उनके आरोप के मुताबिक आरोपी पक्षों के दबाव में पुलिस ने उनसे गुमराह कर आरोपी के पक्ष में बयान दिलवा दिए। पीड़ित परिवार का कहना था कि, वह पढ़े लिखे नहीं हैं, इसलिए अशिक्षा के कारण गुमराह कर पुलिस ने मामले में उनसे आरोपी से मिलकर उसके के पक्ष में बयान दिलवा दिए। पीड़ित परिवार का कहना था कि जहां उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिल सके है वहीं आरोपी खुलेआम घूम रहे है और उन्हें कार्यवाही करने पर धमकियां दे रहा है।

# शिविर कार्यालय में मनाई गई गणेश घोष की जयंती

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी गणेश घोष की 125वीं जयंती आज मोहल्ला रामगंज स्थित शिविर कार्यालय में श्रद्धा भाव से मनाई गई। गणेश घोष का जन्म 22 जून 1900 को हुआ था। वे चटगांव शस्त्रागार लूट कांड के प्रमुख क्रांतिकारियों में शामिल थे।

विजय मिश्र ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में 196, छिबरामऊ, पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कन्नौज विजय मिश्र* ने गणेश घोष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विजय मिश्र ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी गणेश घोष जी को उनकी जयंती पर शत-शत् नमन। उनका त्याग और देशभक्ति की भावना आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही हम देश को मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर पर संजीव दुबे मुन्ना संदीप त्रिवेदी राजेंद्र बाबू द्विवेदी डॉ रामकुमार गुप्ता दिलीप शुक्ला अंकित कुमार प्रदीप मिश्रा आलोक द्विवेदी सूरज गुप्ता तरुण मिश्रा तनिष्क गुप्ता नारायण तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# समर स्पेशल ट्रेन की चपेट में आईं तीन गायें, दो की मौत

**मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने आवारा गौवंशों की समस्या पर जनप्रतिनिधियों के दबाव का किया जिक्र**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



मुंबई सेंट्रल से कानपुर जा रही समर स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन (09185) सोमवार दोपहर कन्नौज में हादसे का शिकार हो गई। गैस एजेंसी रेलवे क्रॉसिंग के पास अचानक रेलवे ट्रैक पर तीन गायें आ जाने से दो गायें ट्रेन की चपेट में आ गईं, जबकि एक गाय बच निकली। हादसे के बाद दोनों मृत गायें इंजन में फंस गईं, जिससे ट्रेन को करीब 30 मिनट तक रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब एक बजे ट्रेन कन्नौज स्टेशन क्षेत्र में पहुंची ही थी कि गैस एजेंसी क्रॉसिंग के पास ट्रैक पर अचानक गायों का झुंड आ गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी, लेकिन तब तक दो गायें इंजन की चपेट में आ चुकी थीं। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से इंजन में फंसी गायों को बाहर निकलवाया गया। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। हादसे के कारण रेलवे क्रॉसिंग का फाटक करीब आधे घंटे तक बंद रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। तेज धूप और उमस भरी गर्मी में दोपहिया, ई-रिक्शा और अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने वैकल्पिक मार्गों का सहारा लिया, जबकि कुछ को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांगूपुर से गुरसहायगंज तक रेलवे लाइन के किनारे अक्सर आवारा पशु घूमते और घास चरते नजर आते हैं। पशुपालक भी कई बार अपने जानवरों को ट्रैक के आसपास छोड़ देते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है।

इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरदुल सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं के संरक्षण और पकड़ने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्य संबंधित ब्लॉक प्रशासन के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार आवारा पशुओं के खिलाफ कार्रवाई की पहल होने पर जनप्रतिनिधियों का दबाव आ जाता है और संबंधित लोगों को अपना समर्थक बताकर कार्रवाई रुकवा दी जाती है। ऐसे में समस्या के स्थायी समाधान में कठिनाई आती है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने का लगा आरोप, कार्रवाई की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणियां किए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सीओ को प्रार्थना पत्र सौंपा गया है। राष्ट्रीय सनातन संस्कृति (गौ रक्षा प्रकोष्ठ) के जिलाध्यक्ष उत्तम गुप्ता ने शिकायत करते हुए बताया कि 20 जून को उनके द्वारा संचालित सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट की गई थी। आरोप है कि उक्त पोस्ट पर इंस्टाग्राम आईडी Jubair.abba-ह्यद्व123 से आपत्तिजनक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई। साथ ही ऐसी टिप्पणियां की गईं, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। शिकायतकर्ता ने संबंधित टिप्पणियों के स्क्रीनशॉट भी प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न किए हैं। उत्तम गुप्ता ने सीओ से मांग की है कि संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालक की पहचान कर उसके विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधियों पर रोक लगाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अशांति फैलाने या अभद्र टिप्पणी करने का प्रयास न कर सके। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# पश्चिमी क्रॉसिंग पर गड्ढे में गिरकर युवक घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।






रेलवे विभाग की घोर लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। नगर की पश्चिमी क्रॉसिंग को काफी दिनों से खोदकर जस का तस छोड़ दिया गया है।

मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति और सुरक्षा के लिए कोई बैरिकेडिंग न होने से यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। क्रॉसिंग पर बने गहरे गड्ढों की वजह से मोटर साइकिल, ई-रिक्शा चालक रोज गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आज रेलवे लाइन पर गड्ढे में गिरकर समधन निवासी राजू पुत्र खुदा यार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पूर्व सभासद नफीस खान ने जताया रोष स्थानीय पूर्व सभासद मोहम्मद नफीस खान ने रेलवे विभाग की लापरवाही पर कड़ा रोष जताते हुए कहा कि कई महीनों से पश्चिमी क्रॉसिंग को खोदकर छोड़ दिया गया है। कई बार रेलवे अधिकारियों को मौखिक और लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। रात के समय अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देते और रोज कोई न कोई हादसे का शिकार हो रहा है। यदि कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो इसका जिम्मेदार रेलवे विभाग होगा। प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप कर क्रॉसिंग की मरम्मत और बैरिकेडिंग करानी चाहिए।

स्थानीय लोगों ने भी मांग की है कि जब तक मरम्मत पूरी न हो, सुरक्षा के लिए चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाई जाए।

# पूर्व विधायक के आवास पर सपा नेताओं की बैठक, 2027 चुनाव को लेकर पीडीए को मजबूत करने पर हुआ मंथन

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के आवास पर बैठक करते नगर व क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति को लेकर समाजवादी पार्टी के नगर व क्षेत्र के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज को और मजबूत करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने की। इस दौरान क्षेत्र की जमीनी स्थिति, जनता की समस्याओं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उपायों पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने रखे अपने विचार बैठक में मौजूद सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। सभी ने एकमत से कहा कि पीडीए को और मजबूत कर समाजवादी पार्टी को फिर से सत्ता में लाना है। कार्यकर्ताओं ने बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी एकजुटता और मेहनत से ही 2027 में बड़ी जीत हासिल की जा सकती है। उन्होंने सभी से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने की अपील की। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कमालगंज राशिद जमाल सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव शिल्पी यादव मुजफ्फर खान शान मोहम्मद शहनवाज सिद्दीकी सहित नगर व क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्ची की मौत के बाद परिजनों ने सड़क पर किया हंगामा

इंदरगढ़/कन्नौज समृद्धि न्यूज।



सड़क दुर्घटना में रोड़ पार करने के दौरान एक आठ वर्षीय बच्ची को तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप चालक ने अनियंत्रित के कारण टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान बच्ची की मौत हो गई। मामले की जानकारी जब परिजनों को हुई तो वह मौके पर पहुंचे। यहां बच्ची का शव नहीं मिलने पर आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर हंगामा काटा। पता चला है कि, दुर्घटना करने वाले वाहन चालक को मौके पर मौजूद भीड़ ने पकड़ने के बाद पुलिस को सौंप दिया है।

जानकारी के मुताबिक ठठिया थाना क्षेत्र के बांकी गांव निवासी शिवा नागर की इंदरगढ़ के गांव में रखने वाली मौसी 50 वर्षीय रेशमा नागर की बीते रविवार की सायं मृत्यु हो गई थी। मामले की सूचना पर सोमवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने शिवा नागर अपने परिजनों के साथ पहुंचे थे। शिवा के साथ उनकी 8 वर्षीय बेटी रिया भी पहुंची थी। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव के निकट जब रिया सड़क पार कर रही थी, इसी दौरान सौंरिख की ओर से इंदरगढ़ की ओर आ रही एक पिकप चालक ने अनियंत्रण के कारण रिया को टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान बच्ची की मौत हो गई। मामले की जानकारी पर मौके पर इंदरगढ़ थाना प्रभारी नीलम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और बच्ची को अपनी गाड़ी में लेकर तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए रवाना हुईं। इसी बीच मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो चीख पुकार मच गई। परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए लेकिन जब उन्हें मौके पर रिया का शव नहीं मिला तो उन्होंने हंगामा काटते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। ई रिक्शों को आडा तिरछा खड़ा होने और तख्त डालकर सड़क पर लगे जाम के कारण यातायात व्यवस्था भी अवरुद्ध हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद भीड़ ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले पिकअप चालक को पकड़ने के बाद वाहन सहित पुलिस को सौंप दिया।

## दिव्यांग यात्री को बीच रास्ते बस से उतारने का आरोप, लोगों ने की मदद

**कन्नौज।** रायबरेली डिपो की एक रोडवेज बस के कंडक्टर पर दिव्यांग यात्री को बीच रास्ते बस से उतारकर सड़क किनारे छोड़ देने का आरोप लगा है। घटना सोमवार दोपहर बाद कन्नौज-कानपुर मार्ग पर अंधी मोड़ स्थित सब्जी मंडी के सामने की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, नसरापुर गांव निवासी दिव्यांग युवक अजित कुमार कन्नौज से कानपुर जाने के लिए रोडवेज बस में सवार हुआ था। बस स्टैंड से करीब एक किलोमीटर आगे पहुंचने पर कंडक्टर ने बस रुकवाकर उसे नीचे उतार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि कंडक्टर ने युवक की बैशाखियां और बैग भी फुटपाथ पर रख दिया तथा बस लेकर कानपुर की ओर रवाना हो गया। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों ने विरोध जताया और कंडक्टर को ऐसा करने से रोकने का प्रयास किया।

# गवाही की रंजिश को लेकर मारा था दीपचन्द्र को, 24 घंटे में खुलासा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

▸ पुलिस ने दो आरोपियों को भेजा जेल

गवाही की रंजिश में कायमगंज चिलसरी गांव में दीपचंद उर्फ पंखिया की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकाण्ड का प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वादी मुकदमा शिवोज पुत्र कर्मवीर निवासी ग्राम चिल्सरी थाना कायमगंज द्वारा दिये गये प्रा0पत्र बाबत प्रार्थी के बड़े भाई दीपचन्द्र उर्फ पंखिया पुत्र कर्मवीर को रोहित उर्फ भीमा उपरोक्त द्वारा हत्या कर शव को आम के बाग में पेड़ पर फांसी से लटका दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 103 (1) बीएनएस के तहत रोहित उर्फ भीमा उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक जितेन्द्र, कांस्टेबिल आकाश, कांस्टेबिल अनुप कुमार, कांस्टेबिल हर्षित कुमार, कांस्टेबिल विक्रान्त, कांस्टेबिल सुरेश कुमार ने मुख्य आरोपी रोहित उर्फ भीमा पुत्र महेश चन्द्र शाक्य निवासी चिलसरी कोतवाली कायमगंज व उसके साथी बालकिशन पुत्र धनपाल निवासी ग्राम ऐरई थाना जसरथपुर जनपद एटा को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि रोहित ने शराब के नशे में ममापुर गांव में खुद हत्या की बात कबूली थी। रोहित उर्फ भीमा ने पूछताछ के दौरान बताया कि करीब 5-6 साल पहले मेरा और सुभाष सक्सेना पुत्र मेघनाथ सक्सेना का झगड़ा मेरे ही गाँव के एक बुजुर्ग व्यक्ति झम्मन राठौर पुत्र मेघनाथ राठौर से हो गया था। इस घटना में हुई मारपीट में झम्मन एक इंजन के कुएं में हमसे धोखे से गिर गये थे। जिससे उनकी लगभग तीन चार दिन बाद मृत्यु हो गयी थी। इस मुकदमा में दीपचन्द्र उर्फ पंखिया पुत्र कर्मवीर ने मेरे खिलाफ पुलिस को गवाही दी थी। इसी कारण मैं दीपचन्द्र उर्फ पंखिया से रंजिश मानता था। अपने साथी बालकिशन के साथ दीपचन्द्र का गला बांधकर कसकर आम के पेड़ से अंगोछा को खींच दिया था। पेड़ से अंगोछा को बांध दिया था। जिससे दीपचन्द्र अंगोछा पर आधा लटक गया था, दीपचन्द्र उर्फ पंखिया को हम लोगों ने उसके मुंह/नाक पर घूंसों से कई वार किये थे, जिससे दीपचन्द्र के नाक तथा मुँह से खून आने लगा था। फिर हम लोग वहाँ से चले आये थे। मैं ममापुर की तरफ चला गया था और बालकिशन अपने घर की तरफ चला गया था। मैंने दीपचन्द्र उर्फ पंखिया को मारने की बात ग्राम ममापुर में शराब के नशे में लोगों से कह दी थी। प्रकरण में नामजद अभियुक्त रोहित उर्फ भीमा तथा प्रकाश में आए अभियुक्त बालकिशन को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी रोहित का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।



पुलिस हिरासत में आरोपीगण

## पास्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर नाबालिक से छेड़छाड़ करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राजेपुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि   जून को पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि आरोपियों ने घर में घुसकर उसकी नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ की। जब मेरे भाई ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने भद्दी-भद्दी गालियां दी और जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने धारा 333/74/109/ 352 /351(2) व 7/8 पास्को एक्ट के तहत आरोपी विन्दर पाल पुत्र पूरनपाल निवासी ग्राम सीढ़े चकरपुर थाना राजेपुर आदि तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी विन्दर पाल पुत्र पूरनपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते रामखिलावन व उसके भाई से हो गया था।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# बस की टक्कर से टैंपो पलटा, वृद्ध सहित तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


अस्पताल में भर्ती वृद्ध

कोतवाली क्षेत्र के पपड़ी गांव के सामने रोडवेज बस की टक्कर से टेम्पो सवार 70 वर्षीय वृद्ध व उनके नाती-नातिन गंभीर रुप से घायल हो गये। वहीं बस लेकर भाग रहे चालक को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के कलाखेल गिर्द निवासी उस्मान उम्र 70 वर्षीय पुत्र कयूम बीते दिन अपने नाती हमजा निवासी हाथा सफी खाँ फर्रुखावाद गये थे। वहाँ से अपने 9 वर्षीय नाती हमजा उम्र 16 वर्षीय पुत्र आसिफ तथा नातिन अर्मिता उम्र 10 वर्ष के साथ फर्रुखाबाद से टेम्पो में बैठकर कायमगंज आ रहे थे। जैसे ही वह कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित ग्राम पपड़ी मिलकिया थाना कायमगंज के निकट पहुँचते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेम्पो पलट गया। हादसे में वृद्ध उस्मान व उनका नाती हमजा, नातिन अर्मिता गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों की मदद से तीनों लोगों को तत्काल कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद रोडवेज बस चालक जोगेश पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी जिटोली, जनपद एटा बस को तेजी से अलीगंज की ओर भगाकर ले जाने लगा। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने तत्काल उसका पीछा किया। कायमगंज नगर स्थित गालिब पुलिया के पास भीड़ ने बस को रोक लिया और चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रोडवेज बसें तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से बस चालकों पर सख्त कार्रवाई और गति सीमा लागू करने की मांग की है।

# खौलती चाय के भगौने में गिरा 8 साल का मासूम, गंभीर झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के मीरपुर गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में खेलते समय 8 वर्षीय बालक खौलती चाय से भरे भगौने में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। हालत नाजुक होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गाँव मीरपुर निवासी श्याम बाबू का 8 वर्षीय पुत्र नैतिक सोमवार सुबह घर में खेल रहा था। इसी दौरान रसोई में गैस चूल्हे पर चाय बन रही थी। खेलते-खेलते अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सीधे खौलती चाय से भरे भगौने के ऊपर जा गिरा। गर्म चाय शरीर पर गिरने से मासूम बुरी तरह झुलस गया। बच्चे की चीख सुनकर परिजन दौड़े। हादसे के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन तुरंत नैतिक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचे। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 विपिन सिंह ने बताया कि बच्चा गंभीर रूप से झुलसा हुआ था। लगभग 40-45 प्रतिशत शरीर जल गया था। हमने तत्काल प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।


अस्पताल में बालक

# खाटू श्याम बाबा के भंडारे में उमड़े भक्त, ग्रहण किया प्रसाद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में श्री खाटू श्याम महाराज के सम्मान में विशाल भंडारे का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

भंडारे से पूर्व मंदिर परिसर में उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंशाराम, उनके बड़े भाई सत्यप्रकाश गुप्ता उर्फ सुल्ताना, विशाल गुप्ता नगर उपाध्यक्ष, श्याम गुप्ता, पिंटू यादव, पारस, सागर, प्रांशु कौशल, नन्हे शाक्य, अमन गुप्ता, अवनीश पाल, पीयूष, आयुष गुप्ता, नितिन गुप्ता, अमर गुप्ता, अन्नू गुप्ता, वासू आदि भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम महाराज के जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया था, जो कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा रहा था।

आयोजकों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सद्भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम लगातार सक्रिय रही। तेज गर्मी से राहत के लिए दोपहर को भक्तों ने लस्सी वितरण किया। उसके साथ ही विशाल भंडारा का शुभारंभ हुआ। जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन आरती के साथ हुआ। जिसमें सभी ने मिलकर सुख-समृद्धि की कामना की।


भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण

## खबरें एक नजर में

### गौरक्षक को पीटने में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर निवासी शिवशंकर पुत्र सन्तोष जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि गांव से शिवम ठाकुर पुत्र ब्रजेन्द्र सिंह निवासी कमालगंज के साथ प्लाटिंग जा रहा था। तभी रास्ते में गुमटी नं0 138 पर बिल्लू सांडा पुत्र ननकू मोहल्ला लोहिया नगर व गव्वर पुत्र अवधेश मोहल्ला लोहिया नगर, फरदीन व असफाक टईयां निवासी नगला दाउद ने मुझे रोका और बोला तुम ज्यादा बडे गौभक्त बन रहे हो और गायों का पैसा खा रहे हो। जब मैने कहा मैं कुछ नही करता हूं। मुझपर झूठा इल्जाम मत लगाओ, इतना जब कहा मैने तब मुझे जाटव वोलकर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुये मुन्ना के कैफे पर लाठी डन्डा निकालकर अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ मारना शुरू कर दिया। मेरे सिर में किसी धारदार हथियार से हमला किया। जिससे मेरे सिर पर गम्भीर चोटें आयी हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### गालियां देने से मना करने पर दबंग ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बबना गांव में गाली-गलौज रोकने पर एक युवक ने सौदान सिंह पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में सौदान सिंह घायल हो गए। उन्होंने थाने में आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार, बबना निवासी सौदान सिंह पुत्र रमेश चंद अपने घर के बाहर खड़े थे, तभी गांव का एक युवक उनके घर के पास खड़े होकर गाली-गलौज कर रहा था। सौदान सिंह ने युवक को ऐसा करने से मना किया। इस बात से नाराज होकर युवक ने सौदान सिंह पर हमला कर दिया। उसने लाठी-डंडों से सौदान सिंह की पिटाई की। जिससे वे घायल हो गए। घटना के बाद सौदान सिंह नवाबगंज थाने पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि सौदान सिंह की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में दबंग ने किसान को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव चांदनी में खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने वाजिद पुत्र रफी मोहम्मद के साथ मारपीट कर दी। इस घटना में वाजिद घायल हो गया, जिसके बाद परिजनों ने नवाबगंज थाने पहुँचकर युवक के खिलाफ तहरीर दी। जानकारी के अनुसार, गांव चांदनी निवासी वाजिद अपने खेत में पानी लगाने गया था। इसी दौरान गांव के ही एक अन्य युवक से पानी लगाने को लेकर उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर युवक ने वाजिद के साथ मारपीट की। मारपीट में वाजिद घायल हो गया। घायल वाजिद ने घर पहुंचकर अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन वाजिद को लेकर नवाबगंज थाने पहुंचे और गांव के आरोपी युवक के खिलाफपुलिस को लिखित तहरीर दी। कस्बा प्रभारी गीतम सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### गाली-गलौज करने पर दबंगों ने महिला को जान से मारने की कोशिश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज करने पर दबंगों ने पीड़िता को गाली-गलौज कर जान से मारने की कोशिश की। दिव्या देवी पत्नी कौशलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मुरादपुर थाना जहानगंज पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि 21 जून को समय शाम लगभग 8 बजे अपनी छत पर बैठी थी, तभी गांव के धर्मेन्द्र सिंह उर्फभूरे व राघवेन्द्र पुत्रगण राजेन्द्र, सोमवंशी बिना बजह प्रार्थिनी के दरवाजे पर आये और प्रार्थिनी के 70 वर्षीय ससुर को बिना बजह गाली-गलौज करने लगे। मैंने गाली-गलौज का विरोध करने पर धर्मेन्द्र उर्फभूरे ने अपनी पत्नी मुन्नी देवी को आवाज देकर बुला लिया तो सभी लोग एक राय होकर लाठी डन्डा लेकर प्रार्थिनी की छत पर चढ आये तथा प्रार्थिनी को छत से धक्का देने लगे, शोर शरांवा की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने प्रार्थिनी को बचाया।

### चिकित्सक के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव नवादा पहाड़पुर निवासी नेत्रपाल का तीन वर्षीय पुत्र आर्यन का हांथ फ्रैक्चर हो गया था। जिसके इलाज के बाद पुत्र आर्यन का हाथ तिरछा हो गया। 5 जून को थाना मऊदरवाजा के गांव जनैया सठैया निवासी एक डॉक्टर नेत्रपाल के पड़ोस में आये और नेत्रपाल से उसके पुत्र का हाथ सही करने की बात कहकर 4 हजार रुपए खर्च होने की बात कही। जिस पर नेत्रपाल ने डॉक्टर को 4 हजार रुपए दे दिए। उसके बाद भी आर्यन का हांथ सही नही हुआ और हांथ में इंफेक्शन फैल गया। नेत्रपाल अपने पुत्र आर्यन के इलाज के लिए बहुत परेशान है। थाना पुलिस को नेत्रपाल ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### महिला के साथ मारपीट में सात पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव श्योंगनपुर निवासी हरनाम सिंह की पत्नी आरती उर्फवंदना ने गांव के ही अतुल उर्फनगनू पुत्र राम प्रताप, अपित उर्फ लालू पुत्र धर्मेंद्र, नरेंद्र उर्फ सिंटू पुत्र नारायण, अखिलेश पुत्र अजब सिंह व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध गाली-गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 13 जून समय लगभग रात 8 बजे हमारे घर पर उपरोक्त सभी आरोपित आए और हमारे साथ गाली-गलौज करने लगे। जब मैने गाली देने से मना किया तो उपरोक्त सभी आरोपितों ने हमारे साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। मारपीट किए जाने से हमारे शरीर में काफी चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच शुरू की।

# शराबी भाई ने छोटे भाई को पीटा, थाने में दी तहरीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला बगिया मंगूलाल में बड़े भाई ने छोटे भाई को गाली-गलौज के बाद मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मेडीकल परीक्षण करवाया।

कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी 24 वर्षीय रिंकू पुत्र राम सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। रिंकू ने बताया कि सोमवार को वह घर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई विक्की शराब के नशे में घर आया और आते ही गाली-गलौज करने लगा। जब गालियां देने का विरोध किया तो आरोपी बड़ा भाई विक्की आग बबूला हो गया। उसने लाठी-डंडों से रिंकू के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में रिंकू के बाएं हाथ में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद घायल रिंकू कोतवाली पहुंचा और पूरे मामले की तहरीर पुलिस को सौंपी। पुलिस ने तत्काल घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। जांच में उसके बाएं हाथ में फ्रैक्चर होने की आशंका है।


जानकारी देता पीड़ित

# कायमगंज में लगा पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद कायमगंज द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत सोमवार को लोक कल्याण मेला का विशेष आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य रेहड़ी, पटरी, फुटपाथ दुकानदारों का उत्थान एवं सशक्तिकरण करना रहा। मेले में सैकड़ों स्ट्रीट वेंडरों ने भाग लेकर योजना की जानकारी ली और ऑन-स्पॉट आवेदन किए चेयरमैन और ईओ ने शुभारंभ किया। मेले का शुभारंभ ईओ लवकुमार मिश्र ने फीता काटकर किया। इस दौरान नगर पालिका परिसर में पीएम स्वनिधि योजना के अलग-अलग हेल्प डेस्क लगाए गए। पीएम स्वनिधि योजना, छोटे दुकानदारों के लिए बड़ा सहारा है। अधिकारियों ने मेले में आए दुकानदारों को योजना के मुख्य लाभ बताए जिसमें 15,000 तक का आसान लोन, बिना किसी गारंटी के। पहली किस्त समय पर चुकाने पर 25,000 तक का लोन। दूसरी किस्त समय पर भुगतान करने पर 50,000 तक का लोन। समय पर भुगतान करने पर 7 प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी सीधे बैंक खाते में। डिजिटल लेन-देन पर 100 प्रति माह, सालाना 1,200 तक कैशबैक। 30,000 तक की सीमा, कम ब्याज दर पर। योजना की पूर्ण जानकारी व पात्रता नियम ऑन-स्पॉट नए पंजीकरण की सुविधा-लोन आवेदन भरने में बैंक कर्मियों सहायता की। अधिशासी अधिकारी ने कहा पीएम स्वनिधि योजना से रेहड़ी-पटरी वाले भाई अब साहूकारों के चंगुल से मुक्त होंगे। 15,000 से शुरू कर समय पर भुगतान से 50,000 तक का लोन ले सकते हैं। यही आत्मनिर्भर भारत की असली तस्वीर है। सभी अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र ने कहा दुकानदार भाई इस मेले का लाभ उठाएं। मेले में कुल 127 नए आवेदन प्राप्त हुए। 84 लाभार्थियों ने दूसरी किस्त और 19 ने तीसरी किस्त के लिए आवेदन किया। बैंक ऑफ बड़ौदा व पंजाब नेशनल बैंक की टीम ने मौके पर ही 47 आवेदनों को स्वीकृति दी। सब्जी विक्रेता श्यामू ने बताया कि पहली किस्त 10,000 की मिली थी, समय पर लौटाई तो अब 20,000 मिल गए। ब्याज भी वापस आ गया। चाय दुकानदार रजनी ने कहा, अब ठेला बढ़ाने के लिए 50,000 का लोन लूंगा। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।



लोक कल्याण मेले में मौजूद ईओ व दुकानदार

# आबकारी टीम ने रामपुर माझगांव में छापेमारी कर दस किलो लहन किया नष्ट

▸ विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का किया गया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। सोमवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा ने मय स्टाफ जनपद के थाना कमालगंज के अंतर्गत ग्राम रामपुर मझगांव में दबिश की कार्यवाही कर 10 किलो ग्राम लहन मौके में नष्ट किया। विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट दुकानों में खुदागंज, कमालगंज, तथा देशी मदिरा दुकानों में, खुदागंज कमालगंज स्थित दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।


शराब की दुकान पर जांच करती आबकारी टीम

# उद्योग व्यापार मंडल की नई नगर कमेटी का गठन, अमर गुप्ता बने नगर अध्यक्ष

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र राठौर, जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, जिला महामंत्री अनुपम अग्रवाल एवं जिला कोषाध्यक्ष नितिन रस्तोगी की सहमति से नगर कमेटी के नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष अमर गुप्ता कायमगंज को मनोनीत किया गया। नगर महामंत्री रिंकू कौशल, कोषाध्यक्ष गौरव वर्मा, मीडिया प्रभारी अभिषेक गुप्ता को मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रियांक दुबे, अजीत गुप्ता, मंत्री प्रदीप कौशल, राम जी कौशल, सदस्य विशाल गुप्ता, आकाश राजपूत, प्रभात कश्यप को बनाया गया है। इसके अलावा संगठन को मजबूत करने के लिए जिला स्तर पर भी नई नियुक्तियां की गई। नगर अध्यक्ष पद पर रहे अभिषेक शर्मा को जिला संगठन मंत्री बनाया गया। वहीं डिम्पल जैन एवं अजय वर्मा को भी जिला संगठन मंत्री पद पर समायोजित किया गया है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने की। बैठक में अनुपम अग्रवाल, नितिन रस्तोगी, मानिकचंद शर्मा, ऋषभ पाल, नीरज बाथम, संजीव कुमार दुबे, अजय वर्मा, अभिषेक गुप्ता, आकाश राजपूत मौजूद रहे।



नवनियुक्त पदाधिकारी


अस्पताल में भर्ती वृद्ध

## नवाबगंज-मोहम्मदाबाद मार्ग पर घायलावस्था में मिला वृद्ध, भर्ती

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के नवाबगंज-मोहम्मदाबाद मार्ग पर सिरौली गांव के पास सड़क किनारे एक 65 वर्षीय वृद्ध घायल अवस्था में मिला। सुबह खेतों में काम कर रहे लोगों ने उसे देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस ने घायल वृद्ध को नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वृद्ध की गंभीर हालत को देखते हुए, उसे बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. लोकेश शर्मा ने बताया कि एंबुलेंस द्वारा एक अज्ञात वृद्ध लगभग 65 वर्ष को घायल अवस्था में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद, उसकी गंभीर स्थिति के कारण उसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है।

# नबी की जरुरत पड़ी तो हुसैन आये: मौलाना सैय्यद जाकिर रजा

▸ कर्बला के मैदान में हुसैन के सजदे कायनात तक याद रहेंगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

छह मोहर्रम पर फतेहगढ़ तलैया लेन स्थित बड़ा इमामवाड़ा बारगाह में मरहूम सैय्यद सुल्तान अली एण्ड संस की जानिब से आयोजित मजलिस में मौलाना सैय्यद जाकिर रजा ने फरमाया कि इस्लाम में रोजा नमाज व हुसैन एवं हुसैन की शख्सियत पर तफसील से रोशनी डाली गई। मौलाना ने फरमाया की कि हमारी पहचान नबी से है, हुसैन से है। उन्ही के सदके में शरीयत कुरान मिला। नबी की जरुरत पड़ी तो हुसैन आये। हुसैन वाले बनने के लिए इंसान होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि हुसैन इंसानियत का नाम है। इस्तहाद सीखना है तो जानवरों से सीखे। कायनात से नमाज रोजा के जरिए लोगों में बुलंदी मिली है। हर अस्ल इस्लाम इस्तहाद सिखाता है। कर्बला के मैदान में हुसैन के सजदे कायनात तक याद रहेंगे। हुसैन से मोहब्बत करना है तो पहले नमाज पढ़ना है। मौलाना जाकिर रजा ने कहा कि हुसैन की शख्सियत व उनके किरदार को पहचानों। इस्लाम से मोहम्मद की पहचान करो। दरे मोहम्मद जो आया है वह छोटा बनकर उठाया और छोटा बनकर पेश हुआ वह बुलंदी पा गया। मजलिस के कार्यक्रम में शोरा हजरत ने अपने-अपने बेहतरीन सलाम पेश कर दाद पायी। जीशान अली, फैजान अली व अन्य लोगों ने बेहतरीन सलाम पेश किया। मजलिस के बाद तबर्रक तकसीम किया गया। इस मौके पर हाजी इरफान अली, इशरार हुसैन, फुरकान अली, इरशाद अली, शादाब, एजाज अली, मेराज अली, जीशान अली, नावेद अली, शहवाज अली, फराज अली, सैफ अली, मोहसिन, मुन्ना, शोएब, साबिर, तौफिर खान, ताज मियां, कलाम आजाद सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।


मजलिस में तकरीर फरमाते मौलाना

# समस्याओं के निराकरण को लेकर एसोसिएशन ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसियेशन लगभग तीन वर्ष से लगातार अपनी समस्याओं को परिषद व शासन को अवगत कराता रहा है। अभी तक संगठन की समस्याओं का निराकरण न होने पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत लिपिक/कर्मचारियो को सेवाकाल में उपार्जित अवकाश के बदले नगदीकरण की सुविधा अनुमन्य थी जो नवीन वेतन आयोग पचम वेतन आयोग, की संस्तुति के अनुमन्य किये जाने के पश्चात राज्य कर्मचारियो तथा परिषदीय कर्मचारियों को उक्त सुविधा रोक दी गयी, किन्तु राज्य कर्मियो को उनके अर्जित अवकाश लेखे मे अवशेष अर्जित अवकाश के बदले नगदीकरण की सुविधा प्रदान की जा रही है। परिषदीय कर्मचारी सेवानिवृत्त के उपरान्त उच्च न्यायालय इलाहाबाद/श्रम न्यायालय से रिट याचिकाये योजित करने के उपरान्त मुगतान प्राप्त कर रहे है। जिससे विभाग को अनावश्यक राजस्व की हानि होती है। परिषदीय कर्मचारियों का शिक्षा निदेशक/सचिव बेसिक शिक्षा परिषद से प्रस्ताव मंगा कर भुगतान की अनुमति हेतु शासनादेश निर्गत कराया जाये। बेसिक शिक्षा परिषद के नियन्त्रणाधीन कर्मियों के संवर्ग पुर्नगठन किये जाने हेतु शासन द्वारा बेसिक शिक्षा अनुभाग 16 दिसम्बर 2016 निर्गत किया गया। जिसमे जनपद स्तरीय पद कनिष्ठ लिपिक, वरिष्ठ लिपिक, प्रधान सहायक का पुर्नगठन किया गया, किन्तु प्रधान लिपिक के पद ग्रेड को पुर्नगठन के उपरान्त संशोधित नहीं किया गया। जो वरिष्ठ सहायक और प्रधान सहायक का ग्रेड-पे समान हो गया।


बीएसए को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी

प्रधान सहायक का ग्रेड-पे संशोधन नियमानुसार राज्य कर्मचारियों की भाँति संशोधित किये जाने हेतु प्रस्ताव शिक्षा निदेशक बेसिक/ सचिव बेसिक शिक्षा परिषद से मंगा कर शासनादेश निर्गत कराया जाये। बेसिक शिक्षा परिषद के नियन्त्रणाधीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो को राज्य कर्मचारियों की भाँति ग्रेड पे 1800 के स्थान पर 1900 किये जाने हेतु प्रस्ताव शिक्षा निदेशक बेसिक/सचिव बेसिक शिक्षा परिषद से मंगा कर शासनादेश निर्गत कराया जाये। शासन द्वारा निर्गत अनुभाग-5 दिनांक 05 फरवरी 2026 बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों/कार्मिकों एवं उनके आश्रित परिवारों के सदस्यो को कैशलेस चिकित्सा सुविधा अनुमन्य कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उप्र लखनऊ को दिये गये है। उपरोक्त शासनादेश में प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों एवं बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक, अनुदेशक, वार्डन, पूर्णकालिक/ अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिकां/ प्रधानमन्त्री पोषण योजना के रसोइयों एवं उक्त कार्मिको को उक्त सुविधा दिये जाने का उल्लेख किया गया है, किन्तु किसी कारणवश उपरोक्त शासनादेश में बेसिक शिक्षा परिषद के नियन्त्रणाधीन लिपिको/ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का उल्लेख नहीं किया गया है। जिससे प्रदेश के लिपिको/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है तथा उन्हे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी, महामंत्री अरशद सिद्दीकी, अनुराग सक्सेना, सुधीर कुमार, ऋषभ शुक्ला, पूणेश मिश्रा, सुमन मिश्रा, प्रतिभा दिवाकर, गजेन्द्र सिंह, निर्मल बौद्ध, सुशील सक्सेना, अश्वनी कुमार राजपूत, सुशील कुमार राजपूत आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर भाकियू पीडीए शक्ति ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन पीडीए शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सर्वेश सिंह यादव द्वारा राज्यपाल संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन पीडीए शक्ति ने मांगों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाये। निस्तारण न हुआ तो किसान प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर शेर सिंह ठेकेदार, विमल यादव, अमित कुमार शीलू, डॉ. अनिल कुमार, बृजमोहन सिंह, कमलेश कुमार शाक्य, सदन सिंह यादव, डॉ. सुबोध कुमार, अनुज कुमार, रेनू कश्यप, रजनी देवी, माधुरी देवी, रागिनी देवी, नीषा गुप्ता, लालाराम, अकुल कुमार, हिमांशु, शरद यादव, हरिकेश, प्रियांशु यादव, मोहित वर्मा आदि मौजूद रहे।

# राधा माधव कीर्तन महिला मण्डल ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने के दिये टिप्स


योग करती महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अन्तर्गत राधा संकीर्तन महिला मण्डल की संचालिका अंजू सिंह राठौर के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अंजू सिंह राठौर ने राधामाधव कीर्तन महिला मंडल की महिलाओं को योग कक्षाओं का आयोजन कर स्वस्थ रहने के टिप्स दिये गये। सभी मण्डल की बहनों ने मूकबधिर विद्यालय पहुंचकर योगाभ्यास किया। योग के विभिन्न आसन करवाए गए। संचालिका अंजू सिंह राठौर ने कहा कि योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है।

स्थिर एवं सुखपूर्वक बैठने की क्रिया आसन, श्वासों को नियमित करने की क्रिया प्राणायाम, बाह्य विषयों से मन को हटाना प्रत्याहार, एक लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना धारणा, उसी लक्ष्य का निरन्तर चिन्तन ध्यान तथा ध्यान का चैतन्य में विलय होना समाधि कहलाता है। प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपाल भारती, सूर्य नमस्कार आदि किये गये। विनीता पाठक ने कहा कि प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृतिकृये पाँच प्रमुख चित्तवृत्तियाँ हैं, जिन पर नियन्त्रण करना ही योग है। इस मौके पर विनीता पाठक, सोनिया गुप्ता, अलका दीक्षित, इंद्रजीत कौर, कंचन अग्रवाल, सुभि सक्सेना, वंदना गुप्ता, आरती दीक्षित, कविता, टिल्लू, रीना, इंद्रजीत, पूनम पांडेय, गरिमा महेश्वरी, रीना बाथम, राखी अग्रवाल, शिखा सिंह आदि महिलायें मौजूद रही।

# प्लेटफार्म 5 पर बनी मजार को हटाये जाने की हिन्दू रक्षा दल ने की मांग


स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हिन्दूवादी नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने सोमवार को स्टेशन पहुंचकर मण्डल रेल प्रबंधक संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा। हिन्दूवादी नेताओं ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि अमृत योजना के अन्तर्गत हो रहे सरकारी काम में बाधा बन रही अवैध मजार को हटाया जाये। रेलवे प्लेटफार्म 5 व 6 के बीच मजार है, जिसको अवैध करार देते हुए मांग की है कि कार्य को प्रभावित न किया जाये और मजार को शीघ्र हटाया जाये। जिससे जनता के हित में आवश्यक कार्य हो सके। इस मौके पर सनी गुप्ता प्रांत अध्यक्ष, प्रांत मंत्री अंकुर गुप्ता, जिलाध्यक्ष शिवम गुप्ता, कार्यकारी जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता, गौतम कुमार, उमाशंकर गुप्ता, दीपक राठौड़, आशीष राजपूत, ऋषभ गुप्ता, शरद बाल्मीकि, अमित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# गोल्ड मेडलिस्ट ध्रुव शुक्ला को उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी टनकपुर में बीटेक की पढ़ाई कर रहे ध्रुव शुक्ला को 47वीं 2025 एवं 48वीं 2026 आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में लगातार दो बार गोल्ड मेडल जीतने पर मिलन वाटिका टनकपुर में शिवम् फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में सम्मानित किया। संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सिमरन जोशी, बीकाम में काव्या गोयल, अंजली ने दो बार पीसीएस परीक्षा पास कर इतिहास रचा। जिसके चलते उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोल्ड मेडलिस्ट ध्रुव शुक्ला को सम्मानित किया। सभी बच्चों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। बीटेक कालेज के निदेशक प्रोफेसर हरद्वारी लाल मंडोरिया, मोहित गरकोटी, सौरभ गुप्ता, हरीश चंद्र भट्ट, कई मंत्री, डीएम, एसपी सहित सभी अधिकारियों के अलावा भाजपा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद की तहसील कायमगंज निवासी ध्रुव शुक्ला जो कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने पुत्र को लगातार दो वर्षो से स्वर्ण पदक जीतने पर ईष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी। शुभम् फाउंडेशन ने सभी आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था देकर आभार प्रकट किया।


सीएम पुष्कर सिंह धामी से सम्मानित होते ध्रुव शुक्ला

# बसपा की बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नये को मिलेगी जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देशानुसार विधानसभा अमृतपुर में बूथ कमेटी रिव्यू एवं समीक्षा बैठक बुलाई गई। जितेन्द्र शंखवार ने बूथ कमेटी की समीक्षा की एवं निष्क्रिय पदाधिकारी के स्थान पर नए पदाधिकारी बनाए और उन सभी को बहुजन समाज पार्टी का सदस्य भी बनाया। बहुजन समाज पार्टी की उत्तर प्रदेश में चार बार रहीं सरकार में बहुजन हित में किए गए कार्यो को बताया और कहा हम लोग मिलकर 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। विनोद गौतम ने बहुजन महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला और बहुजन समाज पार्टी मे बूथ स्तर पर हो रही बैठकों में तेजी लाने के लिए कहा। हम लोग एक एक बूथ जिताकर इस प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाएंगे। बैठक में विनोद गौतम मण्डल प्रभारी कानपुर मण्डल, जिलाध्यक्ष नगेन्द्र सिंह जाटव, जिला कोषाध्यक्ष अरुण त्रिवेदी, जंगलीलाल बाथम, अरविंद बाथम, रामप्रकाश, नाबाब सिंह, लखमीचन्द्र गौतम, इन्द्रपाल आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते जितेन्द्र शंखवार

# स्वास्थ्य विभाग की बैठक में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की तैयारियों पर हुई चर्चा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकताओं को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बीसीपीएम प्रदीप कुमार और बीपीएम पीयूष कुमार दीक्षित की अध्यक्षता में हुई बैठक में नवाबगंज क्षेत्र की सभी एएनएम शामिल हुईं। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 28 तारीख से शुरू होने वाले पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि माइक्रोप्लान के तहत शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। पल्स पोलियो के साथ-साथ, नियमित टीकाकरण और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। बीसीपीएम प्रदीप कुमार ने बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रदीप कुमार ने एएनएम को निर्देशित किया। 14 वर्ष तक के बच्चों के संपूर्ण और छूटे हुए टीकाकरण को समय से पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी एएनएम अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे करें और चिन्हित बच्चों को टीका लगाना सुनिश्चित करें। बीपीएम पीयूष कुमार दीक्षित ने एएनएम को फील्ड में आ रही तकनीकी या व्यावहारिक समस्याओं को तुरंत साझा करने के निर्देश दिए, ताकि उनका समय पर समाधान किया जा सके। बैठक में विभागीय कामकाज में पारदर्शिता और रिपोर्टिंग को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान नवाबगंज ब्लॉक की सभी एएनएम और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी

## सकवाई में हुई घटना को लेकर सपा का प्रतिनिधि आज मिलेगा पीड़ित परिवार से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद फर्रुखाबाद में विधानसभा भोजपुर के अन्तर्गत ग्राम सकवाई में प्रतिनिधि मण्डल भेजने के लिए आठ सदस्यीय पदाधिकारियों को नामित किया है। जो 23 जून मंगलवार को पीड़ित परिवार से मिलेगा। मोहम्मदाबाद के अन्तर्गत सकवाई निवासी रिन्कू उर्फ रजनीश शर्मा को गांव के ही दबंगों ने जान से मारने की नियत ये लाठी-डंडों व धारदार हथियार से बेरहमी से मारा पीटा।

**सूचना**

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से 24/03/2023 को अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश रुद्र सिंह गंगवार व मेरा नाम प्रीती सिंह अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम उन्मेष गंगवार (Unmesh Gangwar) व मेरा नाम प्रीती सिंह गंगवार है। अब मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **प्रीती सिंह गंगवार पत्नी हरेन्द्र सिंह गंगवार नि0 73/1156, कांशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया, जिला फर्रुखाबाद।**

# भरत तिवारी एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के बैनर तले जिलाधिकारी को राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के पदाधिकारियों ने मांग की है कि भारत तिवारी का जो गलत तरीके से एनकाउंटर किया गया वह एक संविधान की हत्या है। जब भारत तिवारी ने अपने आप को आत्मसमर्पण कर दिया था, तब बिहार पुलिस को उनकी हत्या करने का क्या अधिकार था। इस घटना पर पूरी टीम ने आक्रोश जताते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अभिषेक दुबे के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में निष्पक्ष जांच कराये जाने एवं दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस दौरान जिला प्रभारी देवेश नारायण अवस्थी, डॉ0 अमित अवस्थी, सनी तिवारी, विनय शुक्ला, अरुण दुबे, नानकराम दुबे, शिवम बाजपेई, अरुण मिश्रा, नितिन दुबे, दीपक गुप्ता, डॉ. प्रवीण कुमार त्रिपाठी, अनुज दुबे सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में हुआ योगाभ्यास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ प्रातः सरस्वती वंदना के साथ किया गया। साथ ही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह द्वारा योग की महत्ता व स्वस्थ जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपाल भारती, सूर्य नमस्कार आदि किये गये। उन्होंने कहा कि प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृतिकृये पाँच प्रमुख चित्तवृत्तियाँ हैं, जिन पर नियन्त्रण करना ही योग है। तत्पश्चात विद्यार्थियों, प्राध्यापकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से सूर्यनमस्कार किया गया तथा विभिन्न योगासन व ध्यान की मुद्राओं का भी प्रशिक्षण किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।


योग करते शिक्षक व अन्य

**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 892/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0-न0नि0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 22 जून 2026

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित विकास कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पत्र संख्या 875 दिनांक 18/06/2026 के माध्यम से निर्गत की गयी थी। उक्त निविदा में क्रम संख्या 01 से 03 तक कुल 03 कार्य सम्मिलित थे, जिनमें से कार्य संख्या 03 को अपरिहार्य स्थिति में निरस्त किया जाता है एवं कार्य संख्या 01 व 02 ज्यों के त्यों ही रहेंगें।

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

# टीईटी अनिवार्यता शिक्षकों की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन में दर्शाया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार शिक्षकों को टीईटी करना अनिवार्य कर दिया गया है। जनपद से हजारों शिक्षकों ने यूपी टीईटी/सीटीईटी में आवेदन किया है। जिसकी परीक्षायें आगामी माह में होना प्रस्तावित है।

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सामूहिक आदेश जारी किया जाये। नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के गैस कनेक्शन पूर्व में स्वामी गैस सर्विस से निर्गित हुए थे। अब यह गैस एजेंसी निरस्त कर दी गई।

जिस कारण फर्रुखाबाद की तरफ के विद्यालयों को भी फर्रुखाबाद इंडेन गैस एजेंसी पर स्थानांतरित न कर पीयूष गैस एजेंसी भोलेपुर में गैस कनेक्शन स्थानांतरित किये गये। शिक्षकों को इनकी गोदाम जिला जेल से सिलेंडर लेने में असुविधा होती है। स्कूलों के कनेक्शन को फर्रुखाबाद एजेंसी पर भेजने की मांग की गई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक, अजय दीक्षित, आदेश अवस्थी, प्रवेश सिंह राठौर मौजूद रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिला अध्यक्ष लालाराम दुबे, जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी, जिला कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार दुबे एवं जिला क्रीड़ा प्रभारी अतुल एंथोनी दास ने जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार से भेंट कर जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में मुख्य मांगें 2005 के विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन में आए शिक्षकों के एनपीएस का धन उनके जीपीएफ खाते में अति शीघ्र भिजवाया जाये। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पत्रावली पुरानी पेंशन हेतु निदेशालय भिजवाया जाये। जिला क्रीड़ा प्रभारी अतुल एंथोनी दास की प्रवक्ता पद नाम हेतु पत्रावली संबंधित विद्यालय से मंगवाई जाये आदि समस्याओं का समाधान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। डीआईओएस ने समस्याओं का निदान करने के लिए आश्वासन दिया।

**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 894/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0-न0नि0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 22 जून 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित विकास कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का कार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्न प्रकार है-

विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0 कम्पिल/2026-27 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 23.06.2026 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 23.06.2026 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 30.06.2026 03:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 30.06.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad. |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

## मूड़ा खुर्द पंचायत में रिश्तेदारों के खातों में पहुंचा सरकारी धन

# पप्पू यादव, शिवम यादव व रामपति समेत अन्य लोगों को भुगतान के आरोप

- शिवम यादव मामा का लड़का, उसने कभी मजदूरी नहीं की: प्रधान पति
- कौन किसका रिश्तेदार है, इसकी जानकारी नहीं होती: सचिव

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मूड़ा खुर्द में विकास कार्यों और मजदूरी भुगतान को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में सरकारी धन का लाभ वास्तविक मजदूरों और पात्र लोगों के बजाय प्रधान के करीबी लोगों और रिश्तेदारों तक पहुंचाया गया। ग्रामीणों का दावा है कि उनके पास मौजूद भुगतान संबंधी अभिलेखों और ऑनलाइन विवरण में सामने आए कुछ नाम तो केवल उदाहरण हैं, जबकि पूरे भुगतान रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो ऐसे कई अन्य भुगतान भी सामने आ सकते हैं। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में ग्राम पंचायत मुख्य संपर्क मार्ग निर्माण कार्य, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर स्थल के सुंदरीकरण कार्य समेत विभिन्न मदों में सरकारी धन खर्च किया गया। उपलब्ध भुगतान आदेशों में 22 मई 2026 को जारी कई प्रविष्टियां दर्ज हैं। इनमें पप्पू यादव के खाते में 900 रुपये, शिवम यादव के खाते में 3,276 रुपये तथा रामपति के खाते में 5,040 रुपये का भुगतान दिखाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल कुछ प्रविष्टियां हैं, जबकि इसी प्रकार के अन्य कई भुगतान भी किए गए हैं, जिनकी जांच होना आवश्यक है। मामले को लेकर जब ग्राम प्रधान आरती देवी से संपर्क किया गया तो फोन उनके पति ने उठाया। बातचीत के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि शिवम यादव उनके मामा का लड़का है, लेकिन दावा किया कि उसने कभी मजदूरी नहीं की। उन्होंने कहा, 'शिवम यादव हमारे मामा का लड़का है, लेकिन इन लोगों ने कभी मजदूरी पर काम नहीं किया है। अब पांच साल हो गए हैं, इसलिए हम पर आरोप लगाए जा रहे हैं। '

प्रधान पति के इस बयान के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। यदि संबंधित व्यक्ति ने मजदूरी नहीं की, तो उसके खाते में भुगतान किस आधार पर पहुंचा? ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है और अन्य कई लोगों के नाम पर भी भुगतान किए जाने की जांच होनी चाहिए। मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव गोल्डी से भी बात की गई। उन्होंने कहा, 'कौन किसका रिश्तेदार है, इसकी जानकारी नहीं होती है।

इस संबंध में प्रधान जी ही सही बता सकते हैं। मैं भी पता करता हूं।' सचिव के इस बयान से भी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि भुगतान प्राप्त करने वाले लोगों के सत्यापन की प्रक्रिया क्या थी और लाभार्थियों का चयन किस आधार पर किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का मनमाने तरीके से इस्तेमाल किया गया और वास्तविक मजदूरों को उनका हक नहीं मिला।

## दुधवा टाइगर रिजर्व ने उत्तर प्रदेश से 'ट्विन-स्पॉटेड वुल्फ स्नेक' का पहला फोटोग्राफिक प्रमाण दर्ज किया

- उत्तर प्रदेश की सरीसृप जैव विविधता में महत्वपूर्ण इजाफा
- दुधवा परिदृश्य की छिपी हुई जैव विविधता हुई उजागर

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



दुधवा टाइगर रिजर्व ने उत्तर प्रदेश की जैव विविधता के रिकॉर्ड में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ते हुए राज्य से 'ट्विन-स्पॉटेड वुल्फ स्नेक' (Lycodon jara) का पहला फोटोग्राफिक प्रमाण दर्ज किया है। यह रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश की सरीसृप प्रजातियों के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है और दुधवा लैंडस्केप के संरक्षण महत्व को भी रेखांकित करता है। यह अवलोकन दुधवा परिदृश्य के सुलकापुर स्थित आरआरए-1 गेट के पास नियमित जैव विविधता निगरानी सर्वेक्षण के दौरान किया गया। वन्यजीव जीवविज्ञानी एवं आउटरीच प्रभारी विपिन कपूर सैनी को फील्ड कार्य के दौरान जंगल के रास्ते पर एक मृत सांप मिला। जांच में पाया गया कि सांप के सिर पर गंभीर चोटें थीं, जिससे संभावना जताई गई कि उसकी मृत्यु किसी शिकारी पक्षी के हमले के कारण हुई होगी। हालांकि सांप मृत अवस्था में था, फिर भी उसकी पहचान के लिए आवश्यक कई महत्वपूर्ण विशेषताएं सुरक्षित थीं, जिससे वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण और बाद में उसकी पहचान संभव हो सकी। इस खोज के महत्व को देखते हुए डॉ. मोहम्मद तल्हा और संदीप कुमार की टीम ने नमूने का विस्तृत परीक्षण किया। उच्च गुणवत्ता वाली ऊपरी और निचली सतह की तस्वीरें ली गई तथा प्रजाति की पहचान के लिए आवश्यक सभी संरचनात्मक विशेषताओं का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण किया गया। प्रारंभिक पहचान विपिन कपूर सैनी ने बाहरी संरचनात्मक विशेषताओं के आधार पर की। इसकी पुष्टि के लिए प्रकाशित वर्गीकरण साहित्य, क्षेत्रीय सरीसृप सूचियों और उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संदर्भों का विस्तृत अध्ययन किया गया।

साहित्य के व्यापक अध्ययन से पता चला कि उत्तर प्रदेश से (Lycodon jara) का पहले कभी कोई प्रमाणिक फोटोग्राफिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। इसलिए वर्तमान अवलोकन राज्य से इस प्रजाति का पहला प्रमाणित फोटोग्राफिक साक्ष्य तथा दुधवा परिदृश्य से पहला दस्तावेजीकृत रिकॉर्ड माना जा रहा है। इस खोज का विशेष वैज्ञानिक महत्व इसलिए भी है क्योंकि 'Lycodon' वंश की प्रजातियों की पहचान उनके एक-दूसरे से अत्यधिक मिलते-जुलते स्वरूप के कारण कठिन होती है। ऐसे में फोटोग्राफिक दस्तावेजीकरण प्रजातियों के वितरण संबंधी आंकड़ों को परिष्कृत करने और क्षेत्रीय सरीसृप विविधता की समझ को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाता है। 'ट्विन-स्पॉटेड वुल्फ स्नेक' एक विषहीन, रात्रिचर कोलुब्रिड सांप है, जो मुख्य रूप से गेको, स्किंक और अन्य छोटे कशेरुकी जीवों को भोजन बनाता है। यह प्रजाति शिकार प्रजातियों की संख्या नियंत्रित कर पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## खबरें एक नजर में

### 11 बजे तक बंद रहा मझौरा प्राथमिक विद्यालय, शिक्षक नदारद

गर्मी की छुट्टियों के बाद खुलने थे स्कूल, परिसर में पसरी मिली अव्यवस्था, जांच के आदेश

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ, खीरी।** शासन के निर्देश पर सोमवार से परिषदीय विद्यालय खुलने थे, लेकिन विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मझौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरी नजर आई। विद्यालय सुबह 11 बजे तक बंद मिला और परिसर में किसी भी शिक्षक की मौजूदगी नहीं दिखी। स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लटका होने से ग्रामीणों और अभिभावकों में नाराजगी फैल गई। विद्यालय परिसर में चारों ओर गंदगी और ऊंची-ऊंची घास उगी हुई मिली। बाउंड्री के अंदर तक झाड़-झंखाड़ फैला होने से साफ-सफाई के दावों की पोल खुलती नजर आई। विद्यालय की स्थिति देखकर प्रतीत हो रहा था कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान परिसर की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। गौरतलब है कि 25 जून से विद्यार्थियों का विद्यालय आगमन प्रस्तावित है। इससे पहले स्कूलों में साफ-सफाई, मरम्मत और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसकी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय स्टाफ की तय की गई थी, ताकि बच्चों के पहुंचने से पहले विद्यालय का माहौल व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि सोमवार सुबह 11 बजे तक विद्यालय में न तो कोई शिक्षक पहुंचा और न ही किसी प्रकार की तैयारी दिखाई दी। मुख्य गेट पर ताला लटका देख लोगों ने मामले की सूचना शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी। मामले पर खंड शिक्षा अधिकारी बिजुआ नागेंद्र चौधरी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी विद्यालय सोमवार से खुलने थे। यदि मझौरा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक अनुपस्थित पाए गए हैं और विद्यालय बंद मिला है तो मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में लापरवाही सिद्ध होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय खुलने के पहले ही दिन सामने आई इस लापरवाही ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की निगाहें विभागीय जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केडवर प्राथमिक विद्यालय के पास सोमवार को दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के केडवर गांव निवासी 40 वर्षीय अनंत लाल बाइक से कंही जा रहे थे की जैसे ही प्राथमिक विद्यालय केडवर के पास पहुँचे की सामने से आ रहे बाइक सवार केडवर गांव निवासी 30 वर्षीय बाइक सवार पिंटू की बाइक से आमने सामने टक्कर होने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे व रीना पटेल द्वारा दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है बाइक सवार अनंत लाल के सीने व सिर में व पिंटू के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए आये थे प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर पर कर दिया गया है।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, (मिर्जापुर)।** आगामी त्योहारों और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सोमवार को हलिया में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अजीत कुमार और सीओ अमर बहादुर ने संयुक्त रूप से की। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु और पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।एसडीएम अजीत कुमार ने कहा कि शांति और सुरक्षा बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से सहयोग की अपेक्षा की। सीओ अमर बहादुर ने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।बैठक में हलिया थाने के पुलिस अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 10 हजार के इनामी समेत 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** थाना पट्टी पुलिस और स्पेशल टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गंभीर अपराधों में वांछित 2 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने 2 अवैध तमंचे .315 बोर व 2 खोखा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान कुशुशंकर मिश्रा उर्फ कुशु मिश्रा और विजय कुमार मिश्रा उर्फ छोटू निवासीगण थाना पट्टी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष के अनुसार, विजय कुमार मिश्रा उर्फ छोटू थाना पट्टी में पंजीकृत एक मुकदमे में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर अवैध असलहे बरामद किए।

# खाई और बैरियर से घिरे गांव, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- अपने ही घर पहुंचने के लिए लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर ऊपर से देना पड़ रहा शुल्क

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ, खीरी।**




दुधवा नेशनल पार्क के किशनपुर रेंज क्षेत्र में वन विभाग द्वारा बनाई गई ट्रेंच (खाई) और फॉरेस्ट बैरियर ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। ग्राम पंचायत कांप, किशनपुर और एलनगंज के जनप्रतिनिधियों ने फील्ड डायरेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि वन विभाग की व्यवस्था के कारण क्षेत्रवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन्यजीव संरक्षण के नाम पर बनाई गई खाइयों और बैरियरों के चलते उन्हें अपने ही गांव और घर तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। आरोप है कि स्थानीय लोगों की सुविधाओं और आवश्यकताओं को नजरअंदाज कर यह व्यवस्था लागू की गई, जिससे आमजन को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने सवाल उठाया कि जब ग्राम पंचायतों की आबादी और राजस्व क्षेत्र के लोगों का आवागमन ही बाधित हो जाए, तो ऐसी व्यवस्था का औचित्य क्या है। उनका कहना है कि देश के अन्य टाइगर रिजर्व और वन क्षेत्रों में भी वन्यजीव संरक्षण किया जाता है, लेकिन वहां स्थानीय निवासियों के आवागमन के लिए पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध रहती है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि ग्राम पंचायत कांप, किशनपुर और एलनगंज के निवासियों से आवागमन के नाम पर किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि अपने ही क्षेत्र में आने-जाने के लिए शुल्क देना पड़ रहा है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि इस व्यवस्था का सबसे अधिक असर किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों और दैनिक कार्यों के लिए आवागमन करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। कई बार आपातकालीन परिस्थितियों में भी लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है, जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है।

**वन विभाग की व्यवस्था पर उठे सवाल**

ज्ञापन में मांग की गई है कि क्षेत्र में बनाई गई खाइयों और फॉरेस्ट बैरियरों की समीक्षा कर उन्हें हटाया जाए अथवा ग्रामीणों के निर्बाध आवागमन के लिए प्रभावी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए। साथ ही स्थानीय निवासियों से लिए जाने वाले आवागमन शुल्क को तत्काल समाप्त किया जाए।

## ईसानगर में जंगली बिल्ली दिखने से फैली दहशत

तेंदुआ समझकर घबराए ग्रामीण

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** ईसानगर कस्बे के कटौली-सिसैया बाईपास के पास सोमवार को एक जंगली बिल्ली दिखाई देने से ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत फैल गई। गन्ने के खेत में मौजूद वन्यजीव को लोगों ने पहले तेंदुआ समझ लिया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई ग्रामीणों ने इसकी तस्वीरें भी खींचीं और सूचना वन विभाग को दी। क्षेत्र में इन दिनों तेंदुओं की मौजूदगी को लेकर पहले से ही लोगों में भय बना हुआ है। ऐसे में खेत में दिखे वन्यजीव को देखकर लोगों की चिंता बढ़ गई। सूचना मिलने पर वन विभाग ने जांच की। वन क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खेत में दिखाई दिया जानवर तेंदुआ नहीं बल्कि जंगली बिल्ली थी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और अनावश्यक रूप से भयभीत न होने की अपील की है। वन विभाग ने कहा कि जंगली बिल्ली सामान्यतः मनुष्यों पर हमला नहीं करती और उससे किसी प्रकार का खतरा नहीं है।



# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

- ध्वस्तीकरण के बाद प्रॉपर्टी डीलर ने लेखपाल पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज़, ओयल (लखीमपुर खीरी)।**



ओयल कस्बे से सटे बेहजम तिराहे के पास राजा रोड मोड़ स्थित सरोजनी प्रॉपर्टीज की अवैध प्लाटिंग पर सोमवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा। तहसील और जिला पंचायत की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, जिला पंचायत और पुलिस बल के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारियों के अनुसार कुलदीप सिंह, हरजीत सिंह, देवेंद्र सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह, कुलवंत कौर पत्नी जोगेंद्र सिंह, जसवीर कौर पत्नी बलजीत सिंह तथा दलजीत सिंह और जगजीत सिंह पुत्र बलजीत सिंह द्वारा गाटा संख्या 540, रकबा 0.3640 हेक्टेयर भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। यह कार्य उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 और 18 अक्टूबर 2019 को प्रकाशित गजट के प्रावधानों के विपरीत पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि 19 जून को नोटिस चस्पा कर प्लाटिंग हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं किए जाने पर सोमवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान लेखपाल अनुज मिश्रा, कानूनगो छोटे लाल पांडेय, जिला पंचायत के एमए इंजीनियर व जेई, नायब तहसीलदार सुनील कुमार तथा स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा।

**ध्वस्तीकरण के बाद प्रॉपर्टी डीलर ने लगाए गंभीर आरोप**

उधर, कार्रवाई के बाद मौके पर पहुंचे प्रॉपर्टी डीलर लवकुश मिश्रा ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए क्षेत्रीय लेखपाल अनुज मिश्रा पर एक लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि रिश्वत न देने के कारण उनकी प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। लवकुश मिश्रा का आरोप है कि उन्हें ध्वस्तीकरण से पहले कोई नोटिस नहीं मिला। उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस नोटिस को 19 जून का बताया जा रहा है, उसे ध्वस्तीकरण वाले दिन ही उनके प्रॉपर्टी बोर्ड पर चस्पा किया गया।

## सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को करनी होगी कड़ी मेहनत: ओम प्रकाश यादव



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के लेहड़ा समय माता स्थान पर समाजवादी पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी ओम प्रकाश यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व विधान परिषद अध्यक्ष गणेश शंकर पांडेय ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा शासन-प्रशासन के रवैये से आम जनता परेशान है। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर जनता को इन समस्याओं से राहत मिलेगी। पूर्व विधायक विनोद मणि ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन और आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सतीश यादव, बाबर अहमद अब्बासी, राकेश यादव, अमित चौबे, दिलीप शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं को लेकर सपा का विशाल प्रदर्शन

मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जी रहे नागरिक



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर स्थानीय जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए पांच सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि नगर, चुनार, अहरौरा व कछवां के शहरी इलाकों में नालियां बजबजा रही हैं और सड़कों पर कूड़े का अंबार लगा है, जिससे आम जन - जीवन दूभर हो गया है। मुहर्रम के मौके पर जर्जर सड़कों की मरम्मत करवाते हुए साफ सफाई की समुचित व्यवस्था हो व चूने का छिड़काव करवाया जाए, साथ ही गंदे पेयजल की स्थिति को देखते हुए सुचारू जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर अध्यक्ष रवि सोनकर ने कहा कि डंगहर व बसहीं वार्ड में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों को काफी दूर जाकर पानी लाना पड़ता है।

## जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव बने घनश्याम गुप्ता

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की सहमति से घुघली के वरिष्ठ कांग्रेस नेता घनश्याम गुप्ता को जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें घुघली नगर पंचायत कांग्रेस कमेटी का प्रभारी भी बनाया गया है। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समारोह में जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने घनश्याम गुप्ता को नियुक्ति पत्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन के प्रति घनश्याम गुप्ता की सक्रियता और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अनुभव और कार्यशैली से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में मदद मिलेगी। नवनियुक्त सचिव घनश्याम गुप्ता ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन नारायण मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष कपिलदेव शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष नूर आलम, अनुसूचित जिलाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर वर्मा, अब्दुल गनी, संदीप तिवारी, अरविंद कुमार, अकरम सुलेमानी, राकेश कुमार गुप्ता, दिग्विजय नाथ, जमील अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मां भगवती काली महायज्ञ से भक्तिमय हुआ वृजमनगंज उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** नगर पंचायत वृजमनगंज स्थित मां भगवती काली मंदिर में आयोजित त्रिवार्षिक पूजन-अर्चन, वंदन एवं महायज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। तीन दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर एवं नगर का वातावरण मां भगवती काली के जयकारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान है। महायज्ञ के प्रथम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने मां भगवती काली के चरणों में शीश नवाकर नगर की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की।

# हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करें डीजे संचालक, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**




आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नौतनवा थाना सभागार में सोमवार को डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम नवीन प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह ने की। बैठक में अधिकारियों ने डीजे संचालकों को उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। एसडीएम नवीन प्रसाद ने कहा कि निर्धारित ध्वनि सीमा एवं मानकों के अनुरूप ही डीजे का संचालन किया जाए। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ बसंत सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई संचालक मानकों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसका डीजे जब्त करने के साथ ही उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने सभी संचालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कानून का पालन करते हुए आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह, चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार दुबे, उपनिरीक्षक रोहित यादव, लक्ष्मण मौर्य, रामतिलक, अमरनाथ, नीरज, विशाल पासवान, करन गौतम, कृष्णा साहनी, विकास, अशोक, सत्यम, सूरज, चंदन, रोहन गुप्ता सहित क्षेत्र के डीजे संचालक उपस्थित रहे।

### गंडक बैराज से डिस्चार्ज बढ़ा फिर भी रोहिन-राप्ती का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे, तटबंध सुरक्षित

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सिंचाई खंड-2 बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ताजा रिपोर्ट के अनुसार जनपद महराजगंज एवं नेपाल राष्ट्र के अंतर्गत आने वाले सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं। वर्तमान में रोहिन, राप्ती सहित अधिकांश नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे बना हुआ है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में किसी प्रकार की बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बैराज से डिस्चार्ज बढ़कर 12,250 क्यूसेक तक पहुंच गया है। वहां अपस्ट्रीम जलस्तर 110.41 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम जलस्तर 105.00 मीटर दर्ज किया गया है।